RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 288
लखनऊ, मंगलवार, 9 अगस्त, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




बुमराह पीठ में चोट के कारण एशिया कप से बाहर
स्पोर्ट्स-12

# बिहार में बड़े राजनीतिक उलटफेर की अटकलें

पायनियर समाचार सेवा। पटना



● जद (यू) और राजद ने आज अपने अपने विधायकों की बैठकें बुलाईं

● एनडीए से अलग होने पर राजद ने दिए नीतीश के साथ जाने के संकेत

**बिहार** में बड़े राजनीतिक उलटफेर की अटकलें तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को जनता दल (यू) के सभी विधायकों की बैठक बुलाई है। इसी तरह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) भी अपने विधायकों को एकजुट कर इसी दिन बैठक कर रहा है। जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लल्लन सिंह ने रविवार को दावा किया था कि उनकी पार्टी को कमजोर करने की साजिश चल रही है। इसके पीछे कौन है, पार्टी जल्द ही इसका पर्दाफाश करेगी। उन्होंने इसे चिराग मॉडल-2 बताया। चिराग पासवान की पार्टी ने 2020 में हुए बिहार विधानसभा चुनाव में जद (यू) के खिलाफ बड़ी संख्या में उम्मीदवार मैदान में उतारे, इससे भ्रम की स्थिति बनी और जद (यू) को भारी वोटों का नुकसान हुआ। लल्लन सिंह ने कहा कि इसी तरह की साजिश अब रची जा रही है। जद (यू) के सूत्रों ने कहा कि उनके पास ऐसी बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग है, जिसमें जद (यू) को तोड़ने का प्रयास किया गया था। जद (यू) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि नीतीश कुमार को संदेह है कि बिहार में महाराष्ट्र को दोहराने की साजिश थी। ऐसे हालात उन्हें एनडीए से बाहर निकलने और राजद से हाथ मिलाने के लिए मजबूर कर सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री ने पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की विदाई और द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह के साथ-साथ बीते रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित नीति आयोग की बैठक में भी हिस्सा नहीं लिया था। सूत्रों ने कहा कि नीतीश और राजद के 2015 के महागठबंधन को पुनर्जीवित करने की स्थिति में कांग्रेस और वामपंथी दल इसका समर्थन करेंगे। साथ ही समझौते के अनुसार नीतीश कुमार 2025 तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे। राजद और जद(यू) के बीच चल रही समझौता बातचीत के प्रत्यक्षदर्शी नेता ने कहा कि नीतीश के कार्यकाल पूरा करने के बाद अगले विधानसभा चुनाव में राजद नेता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में पेश किया जाएगा।

बिहार में चल रही राजनीतिक उथल-पुथल के बीच विपक्षी राजद ने सोमवार को कहा कि यदि जद (यू) भाजपा से नाता तोड़ लेती है तो वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पुनः गले लगाने के लिए तैयार है। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा कि मंगलवार को दोनों दलों द्वारा विधायकों की बैठक बुलाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि स्थितियां सामान्य नहीं हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए तिवारी ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से मुझे पता नहीं है कि आखिर क्या हो रहा है, लेकिन हम इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि बहुमत हासिल करने के लिए पर्याप्त संख्या बल वाले दोनों दलों ने उसे समय विधायक दल की बैठकें बुलाई हैं, जब विधानसभा का सत्र नहीं चल रहा है।

तिवारी ने स्पष्ट कहा कि यदि नीतीश एनडीए को छोड़ते हैं तो हमारे पास उन्हें गले लगाने के अलावा और क्या विकल्प बचता है। राजद भाजपा से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि मुख्यमंत्री इस लड़ाई में शामिल होने का फैसला करते हैं, तो हम इसका स्वागत करेंगे। उनसे यह भी पूछा गया था कि क्या राजद जदयू के साथ गुजरे कड़वे अतीत को भूल सकता है, जिसमें 2017 में लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए महागठबंधन छोड़ नीतीश कुमार एनडीए में शामिल हो गए थे। नीतीश ने उस समय उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव पर भी तमाम आरोप लगाए थे। राजद के कद्दावर नेता ने कहा कि राजनीति में हम अतीत के कैदी नहीं बने रह सकते। भाजपा संविधान को नष्ट करने पर तुली है। हमें समय की चुनौतियों का जवाब देना होगा। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी, जिनका हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) एनडीए का सहयोगी है, ने हालांकि दावा किया कि सत्तारूढ़ गठबंधन में कोई संकट नहीं है। जद (यू) में जो कुछ चल रहा है, इस पर अभी तक नीतीश कुमार ने कुछ नहीं बोला है। मुझे नहीं पता कि वह वास्तव में क्या सोच रहे हैं, (शेष पेज 4)

## मुझ पर आरोप न लगाए, अपने गिरेबां में झांके जदयू: चिराग

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के पूर्व प्रमुख चिराग पासवान ने सोमवार को जद (यू) पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ताधारी दल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की छवि धूमिल करने में मेरी साजिश होने का आरोप लगाने के बजाय हिम्मत है तो भाजपा से आंख मिलाकर बात करे।



पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पासवान ने दावा किया कि मुख्यमंत्री को मुझसे ज्यादा अपने करीबी सहयोगियों से खतरे का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी अपने गिरेबान में झांककर देखे।

चिराग ने यह भी आरोप लगाया कि नीतीश कुमार ने जद (यू) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह का अपमान किया है। इससे पहले वह शरद यादव और जॉर्ज फर्नांडीस को अपमानित कर चुके हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि क्या कभी किसी ने सुना है कि कोई अपनी ही पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन नीतीश कुमार ऐसा कर रहे हैं।


# आखिरी दिन बैडमिंटन और टेबल टेनिस में सोना बरसा

राष्ट्रमंडल खेल

● पदक तालिका में भारत चौथे स्थान पर



पीवी सिंधू



लक्ष्य सेन



सात्विक-चिराग



शरत कमल

भाषा। बर्मिंघम

**पीवी** सिंधू की अगुवाई में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सोमवार को दांव पर लगे तीनों स्वर्ण पदक जीते जबकि अचंता शरत कमल ने उम्र को धता बताते हुए इन खेलों में तीसरा स्वर्ण अपने नाम किया ओर भारत 61 पदकों के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। सिंधू, लक्ष्य सेन और चिराग शेट्टी तथा सात्विक साइराज रंकीरेड्डी ने बैडमिंटन में पीला तमगा अपने नाम किया। वहीं 40 बरस के शरत कमल ने पुरुष एकल स्वर्ण जीता। भारत के नाम कुल 22 स्वर्ण पदक रहे जो 2018 खेलों से चार कम हैं लेकिन इस बार निशानेबाजी खेलों का हिस्सा नहीं थी। गोल्ड कोस्ट में निशानेबाजों ने सात स्वर्ण पदक जीते थे। भारतीय हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया के हाथों 0 - 7 से हार के कारण हालांकि खेलों का अंत निराशाजनक रहा। भारत ने 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य समेत 61 पदक अपने नाम किया और आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड , कनाडा के बाद चौथे स्थान पर रहा। टेबल टेनिस में शरत कमल ने इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड को 4 -1 से हराकर इन खेलों में स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई। इस स्पर्धा का कांस्य साथियान ज्ञानशेखर ने जीता। (विस्तृत पेज 12)

## हॉकी टीम को रजत से करना पड़ा संतोष



भाषा। बर्मिंघम

**राष्ट्रमंडल** खेलों में आस्ट्रेलिया का वर्चस्व तोड़ने का भारत का सपना अधूरा ही रहा और एकतरफा फाइनल में इस दिग्गज टीम के हाथों 0 - 7 से शर्मनाक हार के बाद उसे रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को हर विभाग में आस्ट्रेलिया ने बौना साबित कर दिया। दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल 2010 की कड़वीं यादें हॉकी प्रेमियों के जेहन में फिर ताजा हो गई जब फाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 8 - 0 से हराया था। लीग चरण में अपराजेय और पूल में शीर्ष रहने वाली भारतीय टीम बिल्कुल फॉर्म में नहीं दिखी। (विस्तृत पेज 12)

# युवा बंदूक के लाइसेंस के बजाय योजनाओं का लाभ लेने को सिफारिश करवाएं: योगी



आगरा में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के साथ तिरंगा थामे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। आगरा, लखनऊ

**बीजेपी** युवा मोर्चा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवा बंदूक के लाइसेंस की बजाय प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए सिफारिश करवाएंगे तो एक बड़ी संख्या युवाओं की खुद को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाएगी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को युवाओं को अग्निवीर योजना के साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने युवाओं का इस्तेमाल दंगों में, उपद्रवों में किया था। जिसके चलते उन्होंने जनता का विश्वास खोया है और हमें जनता का विश्वास मिला है। जीवन में कुछ करना है तो अनुशासन उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। जीवन में अगर कुछ बनना है तो सबसे पहले पार्टी के मूल्यों और आदर्शों का पालन करते हुए सबसे पहले संस्थापकों के मूर्धन्य सिद्धांतों का पालन करें। अनुशासन में रहकर के पार्टी के उन सभी नियमों का पालन करना पड़ेगा जो एक योग्य नागरिक के रूप में बहुमूल्य होते हैं। हमें अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने के लिए संगठन के दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। देश जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तब युवा मोर्चा अपने इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण (शेष पेज 4)

# मंत्री सचान को एक साल की सजा, जमानत मिली

भाषा। कानपुर

**उत्तर प्रदेश** के कुटीर, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान को अवैध रूप से हथियार रखने के एक मामले में सोमवार को कानपुर की एक अदालत ने एक साल के कारावास और 1500 रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी ऋचा गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री सचान ने आज कानपुर के अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-तृतीय की अदालत में अपराह्न करीब दो बजे आत्मसमर्पण कर दिया।

अदालत में उनके साथ उनके वकीलों का एक पैनल भी पहुंचा। उन्होंने बताया कि प्रक्रिया पूरी होने के बाद अदालत ने सचान को एक साल के कारावास और 1500 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई, हालांकि उन्हें जमानत भी मिल गई। उन्होंने बताया कि सचान को निजी मुचलके पर जमानत दे दी गई। उन्हें सत्र अदालत में अपील के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। इस बीच, सचान के वकील कपिलदीप सचान ने बताया, हमें अदालत के आदेश की प्रति प्राप्त हो गई है।

## सिपाही हत्याकांड में पूर्व सांसद उमाकांत यादव समेत सात को उम्र कैद

**जौनपुर (भाषा)।** जौनपुर की एक स्थानीय अदालत ने 27 साल पुराने राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सिपाही की हत्या और तीन अन्य की हत्या के प्रयास के मामले में मछली शहर लोक सभा क्षेत्र के पूर्व सांसद उमाकांत यादव सहित सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। ज़िला शासकीय अधिवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि जौनपुर के अपर जिला सत्र न्यायाधीश शरद चन्द्र त्रिपाठी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद सोमवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने इस मामले में पूर्व सांसद समेत सात लोगों को आरोपी मानते हुए शनिवार को दोष सिद्ध किया था।

## महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल का विस्तार आज

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे अपने 40 दिन पुराने मंत्रिमंडल का नौ अगस्त को विस्तार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिवसेना विधायक शिंदे और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने 30 जून को क्रमशः राज्य के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। शिंदे ने मराठवाड़ा क्षेत्र में नांदेड़ में पत्रकारों से कहा, मंत्रिमंडल का विस्तार कल होने की उम्मीद है। शिंदे के एक करीबी सहयोगी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दक्षिण मुंबई में राजभवन में पूर्वाह्न 11 बजे निर्धारित समारोह में एक दर्जन मंत्री शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि अगले दौर का विस्तार बाद में होगा। मुख्यमंत्री के सहयोगी ने कहा, राज्य विधानमंडल का मानसून सत्र जल्द होना है, इसलिए हमने मंत्रिमंडल विस्तार में 12 विधायकों को शामिल करने का फैसला किया। मंगलवार को शपथ लेने वालों में कुछ विधान परिषद सदस्य भी होंगे। सूत्रों ने कहा कि शिवसेना में बगावती तेवर अपनाकर अधिकांश विधायकों को अपने खेमे में लाने वाले शिंदे के लिए मंत्रिमंडल में अपने खेमे के (शेष पेज 4)

# श्रीकांत पर 25 हजार का इनाम अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, नोएडा

● पीड़िता को मिली सुरक्षा, एसएचओ समेत सात निलंबित किए गए

**नोएडा** की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में महिला से हुई अभद्रता के मामले में एक एसएचओ समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है और महिला की सुरक्षा के लिए दो पीएसओ तैनात किए गए हैं। पुलिस ने श्रीकांत पर 25000 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया है। सोमवार सुबह करीब नौ बजे नोएडा प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में पहुंचकर श्रीकांत त्यागी के ग्राउंड फ्लोर वाले अपार्टमेंट के बाहर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।

यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि लापरवाही बरतने के आरोप में पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी श्रीकांत त्यागी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। त्यागी पर नोएडा में एक आवासीय सोसाइटी में रहने वाली महिला के साथ मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप है। एडीजी ने कहा कि स्थानीय थाने के प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। उनके अलावा एक उप निरीक्षक और चार कांस्टेबल को भी काम में ढिलाई के लिए निलंबित कर दिया गया है। मामले में महिला शिकायतकर्ता को दो निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) भी मुहैया कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि आरोपी को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार और पुलिस महानिदेशक ने स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि त्यागी का पता लगाने के लिए खुफिया तंत्र और तकनीकी निगरानी का उपयोग किया जा रहा है। त्यागी पर आवासीय सोसाइटी की एक सह-निवासी के साथ विवाद को (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,853 | ↑ 465 |
| निफ्टी | 17,525 | ↑ 128 |
| सोना | 51,994 | ↑ 120 /10g |
| चांदी | 57,867 | ↑ 503 /kg |

## क्विक न्यूज

### खाटू श्यामजी मंदिर में भगदड़ से तीन महिलाओं की मौत, चार घायल

**सीकर।** राजस्थान के सीकर जिले में सोमवार तड़के खाटू श्यामजी मंदिर के बाहर भगदड़ मचने से तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि चार अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। उन्होंने बताया कि हादसे को लेकर खाटूश्याम की थानाधिकारी रिया चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। खाटू श्यामजी मंदिर परिसर में भगदड़ पर प्रधानमंत्री मोदी और राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने दुख जताया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की और घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को ग्यारस के अवसर पर खाटू श्यामजी मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगने लगी थीं।

# जेईई-मेन में 24 परीक्षार्थियों ने पूरे 100 अंक हासिल किए

भाषा। नई दिल्ली

**इंजीनियरिंग** कॉलेजों में दाखिले के लिए होने वाली जेईई-मेन परीक्षा में कम से कम 24 परीक्षार्थियों ने पूरे 100 अंक हासिल किए हैं, जबकि अनुचित तरीकों का इस्तेमाल करने के कारण पांच परीक्षार्थियों के परिणाम रोक दिए गए हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने यह जानकारी दी। जेईई-मेन के दो सत्रों का पूर्ण परिणाम सोमवार को घोषित किया गया। एनटीए के मुताबिक, परीक्षा में पूरे 100 अंक हासिल करने वालों में सबसे अधिक परीक्षार्थी आंध्र प्रदेश और तेलंगाना (5-5) से हैं। राजस्थान (4) इस मामले में तीसरे स्थान पर रहा और उत्तर प्रदेश के दो परीक्षार्थियों ने 100 अंक प्राप्त किए। एनटीए के अनुसार, हरियाणा, महाराष्ट्र, असम, बिहार, पंजाब, केरल, कर्नाटक और झारखंड के एक-एक परीक्षार्थी को पूरे 100 अंक प्राप्त हुए हैं। (शेष पेज 4)

## यूजीसी-नेट के दूसरे चरण की परीक्षा स्थगित

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) को स्थगित कर दिया गया है और अब यह 20 से 30 सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पहले यह परीक्षा 12 से 14 अगस्त के बीच आयोजित की जानी थी। यूजीसी के प्रमुख एम जगदीश कुमार ने बताया, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने देश भर के 225 शहरों में स्थित 310 परीक्षा केंद्रों में 33 विषयों के लिए नौ, 11 और 12 जुलाई 2022 को दिसंबर 2021 और जून 2022 के (मिला दिए गए चक्र की) (शेष पेज 4)

# नायडू को भावुक विदाई, पार्टी लाइन से ऊपर उठ सांसदों ने सराहा

● वेंकैया बोले, हम दुश्मन नहीं, प्रतिद्वंदी हैं सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया

● प्रधानमंत्री ने उनके कार्यकाल को सराहा, एक लाइन वाली चुटीली टिप्पणियां याद की



राज्यसभा के सभापति और उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू को सभी दलों के नेताओं की उपस्थिति में सोमवार को भावुक विदाई दी गई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राज्यसभा** के सभापति एम वेंकैया नायडू को सोमवार को भावुक विदाई दी गई। नायडू बुधवार को उप राष्ट्रपति पद का कार्यकार्य भार छोड़ेंगे तथा जगदीप धनखड़ 11 अगस्त को शपथ लेकर पदभार ग्रहण करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विपक्ष के नेता एम मल्लिकार्जुन खड़गे तथा विपक्ष के कई सांसदों से पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभापति के तौर पर उनके कार्यकाल की सराहना की। कई लोगों ने स्वादिष्ट भोजन कराने वाले एक बेहतरीन मेजबान के तौर पर याद किया।

डेरेक ओ ब्रायन (टीएमसी) ने बताया कि कैसे बैल के हमले में उनकी मां की मौत हो गई थी और एक साल उम्र में नायडू ने अपनी मां को खो दिया था। नायडू इस बात पर भावुक हो गए। ब्रायन ने बताया कि बैल ने उनकी मां पर उस समय हमला किया जब नायडू उनकी बांहों में थे। बाद में उनकी अस्पताल में मौत हो गई थी और वे अपने नायडू को अपनी नियति खोजने के लिए छोड़ गई। प्रधानमंत्री ने संसद में उनके योगदान की सराहना की तथा उनके चुटीली 'वन लाइनर्स' को याद किया। मोदी ने ऊपरी सदन को सुचारू रूप से चलाने के लिए नायडू की सराहना की तथा कहा कि पांच साल के कार्यकाल में सदन के कामकाज में 70 फीसदी तक वृद्धि हुई। (शेष पेज 4)

## तय समय से चार दिन पहले स्थगित हुआ संसद का मानसूत्र सत्र

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार को अपने निश्चित समय से चार दिन पहले ही अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। इस दौरान लोकसभा में मात्र 48 प्रतिशत कामकाज हुआ वहीं राज्यसभा में विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण 47 घंटे का कामकाज बाधित हुआ। विपक्ष ने महंगाई, जीएसटी और अन्य मुद्दों को लेकर सत्र के दौरान हंगामा किया। संसद का मानसून सत्र 18 जुलाई से 12 अगस्त तक चलने का कार्यक्रम था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने निचले सदन की बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने से पहले अपने पारंपरिक संबोधन में कहा कि इस सत्र में सदन में 16 बैठकें हुईं, जिनमें 44 घंटे 29 मिनट कामकाज हुआ। (शेष पेज 4)

# हर रविवार चलाएं अमृत डोज का विशेष अभियान

## ● मुख्यमंत्री ने की कोविड संक्रमण की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड संक्रमण से बचाव के लिए टीके की अमृत डोज देने का अभियान हर सप्ताह रविवार को चलाने के निर्देश दिये है। सीएम योगी सोमवार को कोरोना संक्र मण पर उच्चस्तरीय बैठक कहा कि हर प्रदेशवासी को बूस्टर डोज लगाए जाने के लिए प्रत्येक रविवार को विशेष अभियान चलाया जाए। बूस्टर डोज पूर्णत: नि:शुल्क है। अब तक 1 करोड़ 13 लाख से अधिक लोगों ने नि:शुल्क बूस्टर डोज लगवा ली है। बूस्टर डोज के लिए तय 75 दिनों के लक्ष्य के सापेक्ष इसमें तेजी की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र प्रदेशवासी को मुफ्त बूस्टर डोज जरूर लगे यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि विगत 20 जुलाई से प्रदेश में दैनिक केस में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आगामी दिनों में रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे बड़े पर्व हैं। इन पर्वों में लोगों की आवाजाही भी बढ़नी स्वाभाविक है। ऐसे में सावधानी बहुत जरूरी है। बैठक में सीएम को अवगत कराया गया कि विगत दिवस 1.42 फीसदी पॉजिटिविटी दर दर्ज की गई। वर्तमान में कुल एक्टिव केस की संख्या 5440 है।

विगत 24 घंटों में 53 हजार से अधिक टेस्ट किए गए और 732 नए कोरोना मरीजों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 288 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। वहीं जनपद लखनऊ में आज 73 कोविड धनात्मक रोगी पाये गये। जिसमें 40 पुरूष एवं 33 महिला रोगी है। वहीं आज कुल 45 व्यक्ति कोविड सक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 660 है। सीएम ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में मंकीपॉक्स संक्रमण के बढ़ते केस को देखते हुए वशेष सावधानी बरती जाए। मंकीपॉक्स के लक्षण, उपचार और बचाव आदि के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार आमजन को सही और समुचित जानकारी देते हुए जागरूक किया जाए। राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सलाहकार समिति से परामर्श करें।

## सीएम ने किया आगरा मेट्रो डिपो का निरीक्षण

### ● फर्स्ट लुक का किया लोकार्पण, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आगरा मेट्रो डिपो का निरीक्षण किया और मेट्रो के फर्स्ट लुक का वर्चुअल लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री योगी इससे पहले पिछले साल कानपुर मेट्रो का भी इसी तरह डिजिटल लोकार्पण कर चुके हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने 15 बटालियन पीएसी में बने आगरा मेट्रो रेल डिपो में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर यूपीएमआरसी सुशील कुमार ने कहा कि आगरा मेट्रो के कोच गुजरात के सावली में बने हैं। यह भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल की दिशा में बड़ी उपलब्धि है। 87 कोच आगरा मेट्रो रेल परियोजना यानी 3 कोच वाले 29 रोलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेनें) को सुपुर्द किए जाने हैं। इन ट्रेनों को 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के लिहाज से डिजाइन किया गया है। समय की बचत और समय पर रोलिंग स्टॉक की डिलीवरी को सुनुश्चित करने के लिए यूपीएमआरसी ने कानपुर और आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के लिए रोलिंग स्टॉक व सिग्नलिंग के लिए एकीकृत अनुबंध किया था।

## प्रभु श्रीराम के प्रति विपक्षी नेताओं के मन में विद्वेष: ब्रजेश पाठक

### ● अयोध्या जमीन के मामले में मनगढ़ंत झूठ बोल रहे हैं विपक्ष के नेता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में जमीन और प्लाटों को लेकर फैलाई जा रही भ्रांति पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर हमला बोला है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ये बीजेपी के नेताओं को बदनाम करने की साजिश है। विपक्षी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जब से प्रभु राम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है तब से उनके मन में बड़ी पीड़ा है। अपने बयान में श्री पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुचिता के साथ कार्यकर्ताओं को लेकर जन-जन तक प्रधानमंत्री मोदी की गरीब कल्याण नीतियों को लेकर जा रही है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियों के नेताओं के मन में प्रभु राम के प्रति श्रद्धा के बजाय विद्वेष है और उसी भावना से वह काम कर रहे हैं। ये लोग अनर्गल आरोप लगा रहे हैं। इन लोगों ने अयोध्या विकास प्राधिकरण की जो सूची जारी की है वह पूरी तरह से मनगढ़ंत है और फर्जी है। विकास प्राधिकरण ने ऐसी कोई सूची जारी ही नहीं की है। श्री पाठक ने कहा कि इस मामले में भी जांच की जा रही है और जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ़ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

**एडीए वीसी ने कहा, भ्रामक खबर है:** अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि मीडिया में फैलाई गई सूची गलत और भ्रामक है। उन्होंने कहा कि अयोध्या विकास प्राधिकरण अवैध कॉलोनियों को चिन्हित कर रहा है। यह कार्यवाही प्रगति पर है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि कौन सी कॉलोनी अवैध है।

**वसूला गया 143.25 लाख जुर्माना:** लखनऊ। परिवहन विभाग की अनधिकृत बस संचालन एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ 1 अगस्त से 7 अगस्त तक लखनऊ परिक्षेत्र में की गई कार्रवाई में कुल 143.25 लाख रूपये प्रशमन शुल्क वसूल किया गया। इसके साथ ही कुल 4084 वाहनों का चालान किया गया तथा 518 वाहनों को बंद किया गया। यह जानकारी परिवहन उपायुक्त निर्मल प्रसाद ने दी।

## जन समस्याओं का निस्तारण तीव्रगति से किया जाए: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैम्प कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के दौरान लोगो की समस्याओं को सूना। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने फरियादियों को इस बात के लिए आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आप लोग अपने क्षेत्रान्तर्गत होने वाले समाधान दिवस में उपस्थित होकर अपना आवेदन देते हुए समस्या से अवगत करायें, जिससे आपको दूर तक नहीं दौड़ना पड़ेगा और आपकी समस्या का शीघ्रता के साथ नियमानुसार निस्तारण भी किया जायेगा। श्री मौर्य ने पत्रों का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि उनका नियमानुसार निर्धारित अवधि में निस्तारण करायें, जिससे किसी भी फरियादी को बेवजह परेशान न होना पड़े। समस्या का निदान सही और पारदर्शिता के साथ हो, जिससे किसी प्रकार की कोई पुन: शिकायत प्राप्त होने की सम्भावना न रहे। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि किसी को भी एक ही समस्या के लिए बार-बार आवेदन न देना पड़े, इसलिए समस्या का निदान समय से किया जाय। जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आये कई जनप्रतिनिधियों ने भी सार्वजनिक हित के मामले रखें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी को निराश नहीं होने दिया जाएगा सभी लोगों की समस्याओं का समयबद्ध रूप से समाधान किया जायेगा।

## शुरू होगी विधायक खेलकूद प्रतियोगिता

### ● महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग होंगे आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सांसद** खेल कूद प्रतियोगिता की तर्ज पर योगी सरकार विधायक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्री परिषद की बैठक में इसके निर्देश दिए थे। तीन दिनों तक चलने वाले इस खेल महाकुम्भ में सम्बंधित विधानसभा क्षेत्र के विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मौजूद रहेंगे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे।

विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता से निकले खिलाड़ियों को प्रदेश सरकार प्रोत्साहित करेगी। साथ ही चयनित खिलाड़ियों को बेहतर मैदान अच्छी ट्रेनिंग और हेल्दी डाइट उपलब्ध कराएगी। जिससे वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगताओं में हिस्सा ले सकें। इस प्रतियोगिता के माध्यम से एक तरफ जहां परम्परागत खेलों को बढ़ावा मिलेगा वहीं दूसरी तरफ ग्रामीण प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग अलग आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में हैंडबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, हॉकी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो ,टेबल टेनिस, गोला फेक, ऊंची कूद, लंबी कूद, शतरंज, दौड़ की प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इसके अलावा वाद विवाद,भाषण चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा।

यह प्रतियोगिता प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों की ग्राम पंचायत, विकास खंड सहित शहरी क्षेत्रों में भी आयोजित की जाएगी। इसके माध्यम से युवाओं का शारीरिक विकास होने के साथ ही मानसिक विकास भी होगा। इसके अलावा प्रदेश एवं देश को विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ी भी मिलेंगे। साथ ही खेलो इंडिया कार्यक्रम को और बल मिलेगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा है कि देश के कोने कोने में मौजूद प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं।

## डॉ. मसूद अहमद समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं यूपी के सहप्रभारी धीरज गुर्जर ने राष्ट्रीय लोकदल के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. मसूद अहमद सहित राष्ट्रीय लोकदल व समाजवादी पार्टी के कई समर्थकों को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलायी। इस अवसर पर पार्टी में शामिल होने वालों को कांग्रेस पार्टी का गमछा पहनाकर, बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद डा. पीएल पुनिया, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह, प्रदेश महासचिव दिनेश सिंह, अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, ललन कुमार, प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय, अंशू अवस्थी, विकास श्रीवास्तव, सचिन रावतए जियाउर्रहमान आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा. मसूद अहमद ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार और भाजपा आरएसएस की जनविरोधी नीतियों एवं तानाशाही रवैये के खिलाफ पूरे देश में सिर्फ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जी सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ रहें हैं।

## भाजपा आज व कल प्रदेश के सभी 1918 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालेगी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश में 9 अगस्त क्रांति दिवस से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। अभियान के तहत पार्टी प्रदेश हर घर पर तिरंगा फहराने का कार्य करेगी। प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य ने बताया कि स्वतंत्रता के 75वे वर्ष में अमृत महोत्सव के तहत हर घर पर तिरंगा फहराने के लिए पार्टी के प्रदेश से लेकर बूथ तक के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जुटे हुए है। पार्टी 9 व 10 अगस्त को प्रदेश के सभी 1918 मंडलों में तिरंगा यात्रा निकालेगी। जिसमें जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मलित होंगे। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के महाअभियान में प्रदेश भर में भाजपा कार्यकर्ता 11 अगस्त को महापुरुषों की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण करेंगे। पार्टी 11 व 12 अगस्त को गाँव, गली, शहर, मुहल्लों, चौपालों में प्रभात फेरी निकालकर जनजागरण करेगी जबकि पार्टी 13, 14 और 15 अगस्त को हर घर पर तिरंगा झंडा फहराकर स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए हर घर पर दस्तक देगी।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम देवेन्द्र कुमार से बदलकर देवेन्द्र कुमार त्रिवेदी पुत्र प्रेम नरायन त्रिवेदी कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। 189-ए नानकारी आई0आई0टी0 कानपुर।

**सूचना**

सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 20/04/2016 जो हरवंश उर्फ घूरन पुत्र अनमोल द्वारा सीता देवी पत्नी नंदलाल यादव निवासी म0नं0 सा 11/77 गंज, सारनाथ शहर वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है जो आराजी सं0 209 रकबा 2720 वर्गफिट मौजा सेहवार (सिंहवार) परगना जाल्हूपुर तहसील सदर जिला वाराणसी के विक्रय से संबंधित है जिसका पंजीयन उपनिबंधन कार्यालय वाराणसी में पृ0सं0 । खण्ड सं0 9363 द0सं0 2680 के रूप में पंजीकृत है जो खो गया है। उपरोक्त संपत्ति को आई0सी0आई0 सी0आई0, एच0एफ0सी0 वाराणसी में बंधक रखकर ऋण हेतु आवंटन किया गया है। इसके संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था के पास कोई जानकारी या आपत्ति हो तो 15 दिन के अंदर हरिश्चन्द्र राय एडवोकेट चेम्बर नं0 110 बनारस बार बिल्डिंग दीवानी कचहरी वाराणसी मो0 नं0 9451525826 पर सूचित करें। अवधि की समाप्ति के पश्चात कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
**बाबू राधेश्याम गुप्ता कालेज**
**रामा नगर, देवीगंज-फतेहपुर**
(प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध)
**प्राचार्य**-पद 01
**योग्यता**-एसोसियेट प्रोफेसर पद पर 15 वर्ष का अनुभव या सेवानिवृत्त
**कला संकाय :** हिन्दी साहित्य पद-03, अंग्रेजी साहित्य पद-03, समाजशास्त्र पद-03, संस्कृत पद-03, राजनीति शास्त्र पद-03, शिक्षा शास्त्र पद-03, इतिहास पद-03
**विज्ञान संकाय :** रसायन विज्ञान -पद-03, भौतिक विज्ञान पद-03, जन्तु विज्ञान पद-03, वनस्पति विज्ञान पद-03, गणित पद-03
**योग्यता :** परास्नातक 55%, नेट या पी०एच०डी०
**वेतनमान :** यू०जी०सी० के मानकानुसार
आवेदनपत्र डाक द्वारा या स्वयं विज्ञापन तिथि के 15 दिन के अंदर कालेज कार्यालय को प्राप्त हो जाने चाहिये।
**प्रबन्धक-गोपाल कृष्ण गुप्ता**
**सम्पर्क सूत्र : 9415033263, 9956956827**
E-Mail - baburadheshyamguptacol-lege@rediffmail.com

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है
**श्रीमती रामा अग्रहरि महिला महाविद्यालय**
**रामा नगर, देवीगंज-फतेहपुर**
(प्रो. राजेन्द्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से सम्बद्ध)
**प्राचार्य**-पद 01
**योग्यता**-एसोसियेट प्रोफेसर पद पर 15 वर्ष का अनुभव या सेवानिवृत्त
**कला संकाय :** हिन्दी साहित्य पद-03, अंग्रेजी साहित्य पद-03, समाजशास्त्र पद-03, संस्कृत पद-03, गृह विज्ञान पद-03, हिन्दी भाषा पद-02, अंग्रेजी भाषा पद-03,
**विज्ञान संकाय :** रसायन विज्ञान -पद-03, भौतिक विज्ञान पद-03, जन्तु विज्ञान पद-03, वनस्पति विज्ञान पद-03, गणित पद-03,
**योग्यता :** परास्नातक 55%, नेट या पी०एच०डी०
**वेतनमान :** यू०जी०सी० के मानकानुसार
आवेदनपत्र डाक द्वारा या स्वयं विज्ञापन तिथि के 15 दिन के अंदर कालेज कार्यालय को प्राप्त हो जाने चाहिये।
**प्रबन्धक-विकास गुप्ता**
सम्पर्क सूत्र : 9415033262, 9956956827
E-Mail: smtramagirlscollege@gmail.com

## सपा मुखिया आज कन्नौज से करेंगे तिरंगा फहराने के अभियान का शुभारंभ

**पायनिर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी द्वारा 9 अगस्त 2022 से 15 अगस्त 2022 तक घर-घर तिरंगा फहराने के अभियान की शुरुआत समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव 9 अगस्त क्रांति दिवस पर जनपद कन्नौज के झउवा गांव से करेंगे। इस मौके पर सपा मुखिया वहां पर प्रत्येक ग्रामवासी को खादी से बना राष्ट्रीय ध्वज प्रदान करेंगे और अपने-अपने आवास पर झंडारोहण की अपील भी करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारीजनों से भी भेंट करेंगे और उनका सम्मान करेंगे। अखिलेश यादव ने अगस्त क्रांति की याद को अविस्मरणीय बनाने के लिए 9 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक घर-घर तिरंगा फहराने के अभियान की शुरुआत कन्नौज के जिस झउवा गांव का चयन किया है वहां समाजवादी सरकार के समय स्कूलों में आर ओ वाटर, गांव में एलईडी बल्ब लगाने की व्यवस्था की गई थी। गांव में सीसी रोड का निर्माण भी तभी हुआ था।

**अखिलेश से मिला आयोध्यावासियों का प्रतिनिधिमंडल :** लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सोमवार को अयोध्यावासियों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात की। सपा प्रवक्ता ने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने अपने घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की जिला प्रशासन की कार्रवाई को रोके जाने के लिए हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है।

## धान खरीद का पंजीकरण 20 से

**लखनऊ।** राज्य सरकार धान किसानों के लिये आगामी 20 अगस्त से पंजीकरण खोलने जा रही है। जिन किसानों को समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचना होगा, वे आन लाइन पंजीकरण करा सकेंगे। पंजीकरण में किसानों को धान की खेती का कुल रकबा तथा अनुमानित उपज कर जिक्र करना होगा। किसानों के पंजीकरण के आधार पर ही सरकार धान खरीद के लक्ष्य का निर्धारण करेगी। विदित हो कि यूपी में धान खरीद की शुरुआत पहली अक्टूबर से होती है। इससे पहले किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होता है। पंजीकरण कराने वाले किसानों का समर्थन मूल्य पर सरकार धान खरीदती है। पंजीकरण की व्यवस्था साल 2018 में गेहूं की खरीद में हुई भारी गड़बड़ी के बाद सरकार ने शुरू की थी।

## परंपरागत व आकर्षक ढंग से मनाएं स्वाधीनता दिवस समारोह : सीएस

### ● मुख्य सचिव ने समस्त जिलाधिकारियों को जारी किये निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**स्वतंत्रता** दिवस समारोह 2022 मनाये जाने के संबन्ध में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र द्वारा समस्त जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। अपने निर्देशों में उन्होंने कहा है कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले 76वां स्वाधीनता दिवस समारोह परंपरागत रूप से सादगी परन्तु आकर्षक ढंग से मनाया जाये। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर पूरे वर्ष भर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में गरिमामय ढंग से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक 'स्वतंत्रता सप्ताह' एवं दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 तक 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाना है।

सचिव ने कहा कि 15 अगस्त को प्रात: 08 बजे सरकारी तथा गैर-सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाए तथा झण्डा-अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन हो। राष्ट्रीय ध्वज में पुष्पों की पंखुड़ियां बांध कर उसे फहराया जा सकता है। आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इस महत्वपूर्ण आयोजन हेतु 15 अगस्त को समस्त सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय, शैक्षणिक संस्थान, वाणिज्यिक, औद्योगिक प्रतिष्ठान आदि खुले रहेंगे तथा इन स्थलों पर खादी निर्मित राष्ट्रध्वज सम्मानपूर्वक फहराया जाए। उक्त सभी स्थलों पर इस राष्ट्रीय पर्व को उत्साह, उल्लास एवं उमंग के साथ समारोहपूर्वक आयोजित किया जाए, जिसमें राष्ट्रगान के साथ ही देशभक्ति से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम सम्मिलित हों। इन कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्रीयता एवं देश प्रेम की भावना का संचार किया जाए। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, पंथ-निरपेक्षता एवं साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर जोर दिया जाये।

**सूचना**

मैं सौम्या सहाय टण्डन पत्नी शिखर टण्डन निवासी बी-004 ऋषभ प्लेटिनम, अहिंसा खण्ड-2 इंद्रपुरम गाजियाबाद यूपी-201001 मेरी स्वर्गीय माता किरण सहाय द्वारा बनाई गई एफडी एचडीएफसी लिमिटेड की एफडी संख्या एलके/4284918 खो गई है, मैं उसके अन्दर नॉमिनी हूँ जिस किसी को इसकी प्राप्ति अथवा क्लेम की सूचना देनी हो वे इस सूचना के 14 दिन के अन्दर एचडीएफसी लिमिटेड को सम्पर्क करें- पता: रमन हाउस, एच टी पारेख मार्ग, 169, बैकबे रिक्लेमेशन, चर्चगेट, मुंबई- 400020

## इलेक्ट्रीसिटी अमेण्डमेंट बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे बिजली कर्मी व अभियंता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के अवाहन पर प्रदेश के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों के साथ प्रदेश के बिजली कर्मी काम बन्द कर सड़कों पर उतरे। बताया कि बिजली कर्मियों ने ऊर्जा क्षेत्र के सम्पूर्ण निजीकरण की दृष्टि से अलोकतांत्रिक ढंग से संसद में रखे गये बिल के प्रति अपना रोष प्रकट करने के लिए काम बन्द कर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।

बिजली कर्मचारियों की मांग है कि इलेक्ट्रीसिटी अमेण्डमेंट बिल 2022 वर्तमान स्वरूप में वापस लिया जाए और यदि सरकार इसे लाना भी चाहती है तो इसे बिजली मामलों की संसद की स्टैंडिंग कमेटी को संदर्भित किया जाए जिससे सभी स्टेक होल्डर्स खासकर आम बिजली उपभोक्ता और बिजली कर्मियों को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिल सके। लखनऊ में राणा प्रताप मार्ग स्थित हाईडिल फील्ड हॉस्टल में सैकड़ों की संख्या में बिजली कर्मचारी और इंजीनियर एकत्र हुए। बिजली कर्मचारियों ने विरोध सभा की। उधर पावर कारपोरेशन के मुख्यालय शक्तिभवन में प्रबन्धन द्वारा गेट बन्द कर दिये गये जिससे कर्मचारी बाहर न निकल सकें। इसके बावजूद बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने काम छोड़कर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। फील्ड हॉस्टल से एक जुलूस बनाकर बिजली कर्मी शक्तिभवन तक गये और विरोध प्रदर्शन कर बिल वापस करने की मांग की। समिति के पल्लव मुकर्जी, प्रभात सिंह, सुहेल आबिद, पीके दीक्षित ने बताया कि प्रदेश के बिजली उत्पादन गृहों में प्रात: 8 बजे से ही बिजली कर्मियों ने काम छोड़कर प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिये।

### मध्यांचल मुख्यालय में भी किया गया विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 को सोमवार को लोकसभा में रखे जाने के विरोध में जूनियर इंजीनियर एवं प्रोन्नत अभियंता द्वारा मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष ई जीवी पटेल एवं केंद्रीय महासचिव ई जय प्रकाश द्वारा संयुक्त रुप से बयान देते हुए कहा कि इस विधेयक को जल्दबाजी में संसद में प्रस्तुत किया गया है। जबकि इससे संबंधित सभी स्टेकहोल्डर से कोई भी विचार-.विमर्श नहीं किया गया। बिल में यह प्राविधान है कि एक ही क्षेत्र में एक से अधिक वितरण कम्पनियों को लाईसेंस दिया जायेगा। निजी क्षेत्र की नई वितरण कम्पनियां सरकारी क्षेत्र के नेटवर्क का प्रयोग कर बिजली आपूर्ति करेंगी।

**कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड**

सीआईएन : एल24123यूपी1984पीएलसी014111
पंजीकृत कार्यालय : ए-7, सेक्टर-7ए नोएडा-201301, उत्तर प्रदेश,
फोन : 91-120-2423316 ई-मेल : info@continentalsoft.com, nkc@ continentalsoft.com, वेब : www.continentalchemicalsltd.com

**30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही हेतु अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम**

(रू. लाख में, सिवाय ईपीएस)

| | विवरण | 3 माह समाप्त 30-06-2022 (अलेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) | 3 माह समाप्त 30-06-2021 (लेखापरीक्षित) | वर्ष समाप्त 31-03-2022 (लेखापरीक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से आय | 31.59 | 18.34 | 22.05 | 104.07 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों से पहले) | 7.78 | (8.26) | 2.92 | 7.06 |
| 3 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर से पहले (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 7.78 | (8.26) | 2.92 | 7.06 |
| 4 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि), कर पश्चात (अपवाद तथा/अथवा असाधारण मदों के बाद) | 7.97 | (9.20) | 3.31 | 5.99 |
| 5 | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | 8.21 | (9.08) | 3.35 | 6.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर पूंजी | 224.90 | 224.90 | 224.90 | 224.90 |
| 7 | अन्य इक्विटी (पुनर्मूल्यन संचेय छोड़कर जैसाकि पिछले वर्ष के तुलनपत्र में दर्शाया गया है) | - | - | - | - |
| 8 | प्रति शेयर अर्जन (रू. 10/- प्रत्येक का) मूल : | 0.35 | (0.41) | 0.15 | 0.27 |
| | तनुकृत : | 0.35 | (0.41) | 0.15 | 0.27 |

नोट्स :
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम लेखापरीक्षा समिति द्वारा पुनरीक्षित किए गए हैं और तद्द्वारा निदेशक मंडल द्वारा 08-08-2022 को सम्पन्न इसकी बैठक में अभिलेखबद्ध किए गए हैं।
2. पूर्व अवधि के आंकड़े उनको चालू अवधि के आंकड़ों के साथ तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित/पुनर्वर्गीकृत किए गए हैं, जहां आवश्यक समझा गया है।
3. ये परिणाम कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के अधीन निर्धारित कम्पनी (भारतीय लेखांकन मानक) नियमावली, 2015 (आईएनडी एएस) और यथासंभव अन्य मान्य लेखांकन पद्धतियों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
4. कम्पनी केवल एक खंड में प्रचालन करती है।

बोर्ड के लिए तथा उसकी ओर से
कॉन्टीनेन्टल केमिकल्स लिमिटेड
हस्ता./-
(नरेश कुमार चिब्बा)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00376963

स्थान : नोएडा
तिथि : 08-08-2022

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित।
स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# डीसीपी पूर्वी व एसएचओ गुडम्बा समेत पूरी पुलिस टीम हाईकोर्ट में तलब

● रोक के बावजूद मुल्जिमों को उठाना पुलिस को पड़ा भारी

विधि संवाददाता। लखनऊ

**रोक का** आदेश होने बावजूद मुल्जिमों को हाईकोर्ट के गेट से उठा ले जाने के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने गहरी नाराजगी जताई है। पीठ ने पुलिस के इस कृत्य को अनुचित करार दिया है। कहा है कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पीठ ने डीसीपी पूर्वी व गुड़म्बा थाने के एसएचओ समेत मुल्जिमों को उठाने वाली पूरी पुलिस टीम को तलब कर लिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त को सुबह साढे दस बजे होगी।

जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश सुरेश कुमार तंवर व बलबीर सिंह की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध डा श्वेता सिंह ने थाना गाजीपुर में एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके मुताबिक उत्तराखंड सरकार द्वारा बलबीर सिंह को खनन पट्टे का आवंटन किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने खनन कार्य के लिए उनके साथ करार किया। खनन का काम उनकी फर्म को करना था। आरोप है कि 42 लाख रुपए का भुगतान प्राप्त करने के बाद याचिकाकर्ताओं ने खनन कार्य स्वयं शुरू कर दिया व वादिनी के पैसे हड़प लिए। याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। साथ ही वादिनी की रजामंदी से एक माह में उसे 35 लाख और दिसंबरए 2022 तक 15 लाख रुपए वापस करने की बात कही। शेष धनराशि के लिए इस मामले को हाईकोर्ट की मध्यस्थता व सुलह केंद्र को भेज दिया गया। साथ ही याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध दाखिल आरोप पत्र पर रोक लगा दी।

सोमवार को पीठ के समक्ष सुनवाई के पश्चात दोनों याचिकाकर्ता हाईकोर्ट परिसर से बाहर निकले। वहां पहले से मौजूद पुलिस टीम ने गेट नंबर. 6 से दोनों को उठा लिया। तब उनके वकील ने पीठ को तत्काल को पुलिस के कृत्य से अवगत कराया। पीठ ने सीनियर रजिस्ट्रार व रजिस्ट्रारए सुरक्षा को याचिकाकर्ताओं की रिहाई सुनिश्चित करने के का निर्देश दिया। साथ ही पुलिसकर्मियों को तलब किया। पीठ के समक्ष तलब हुई पुलिस टीम के अगुआ एसआई नितिन कुमार ने बताया कि एसएचओ गुडम्बा के आदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत यह कार्रवाई की गई। पीठ ने इस पर सख्त नाराजगी जताई।

## लविवि में स्नातक प्रवेश परीक्षा की तिथि में परिवर्तन, अब 29 अगस्त से होंगी

**लखनऊ।** केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा की तिथि में संसोधन को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी पूर्व घोषित तिथि में परिवर्तन कर दिया है। अब स्नातक स्तर पर दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं 29 अगस्त से 4 सितंबर के मध्य आयोजित की जायेंगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्र 25 अगस्त से एडमिट कार्ड लॉगिन आईडी और पासवर्ड के जरिए डाउनलोड कर सकते हैं। विवि प्रशासन के मुताबिक प्रवेश परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र लखनऊ ही रहेगा। प्रवेश परीक्षा के लिए जारी संभावित तिथि के अनुसार 29 अगस्त को सुबह 11.30 बजे से एक बजे तक बैचलर आफ एलीमेंटरी एजुकेशन और शाम चार बजे 5.30 बजे तक डीफार्म की परीक्षा होगी। इसी तरह 30 अगस्त को बीजेएमसी की परीक्षा सुबह और शाम को बीवीए/बीएफए की परीक्षा होगी। 31 अगस्त को सुबह बीएससी बायलॉजी और शाम को बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा होगी। पहली सितंबर को सुबह बीए की परीक्षा होगी। 2 सितंबर को सुबह बीएससी मैथ और शाम को बीसीए की परीक्षा होगी। 3 सितंबर को सुबह एलएलबी ऑनर्स और शाम को बीबीए की परीक्षा होगी। 4 सितंबर को सुबह बीकॉम और शाम को बीकॉम आनर्स की परीक्षा होगी।

# हाईकोर्ट से तत्कालीन डीजीपी, एडीजीपी, आईजी व जेलर को बड़ी राहत, तलब करने के आदेश पर लगाई रोक

● 2011 में डिप्टी सीएमओ डॉ. वाईएस सचान की जेल में हुई मौत का मामला ● तत्कालीन डीजीपी समेत पांच मुल्जिम वकील के माध्यम से हुए हाजिर

विधि संवाददाता। लखनऊ

**परिवार कल्याण विभाग** के डिप्टी सीएमओ रहे डॉ वाईएस सचान की जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में तलब किए गए तत्कालीन डीआईजी करमवीर सिंह, एडिशनल डीजीपी कारागार वीके गुप्ता, लखनऊ जोन के आईजी सुबेश कुमार सिंह व तत्कालीन जेलर बीएस मुकुंद को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ से बड़ी राहत मिल गई है। पीठ ने सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। बीते सात जुलाई को सीबीआई की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने डॉ सचान की मौत को प्रथम दृष्टया हत्या व साजिश का मामला मानते हुए इन चारों के अलावा तत्कालीन आइजी लखनऊ जोन सुबेश कुमार सिंह व लखनऊ जेल के डिप्टी जेलर सुनील कुमार सिंह, प्रधान बंदी रक्षक बाबू राम दूबे व बंदी रक्षक पहींद्र सिंह को बतौर मुल्जिम अपना पक्ष रखने के लिए समन जारी किया था। पीठ ने डॉ सचान की पत्नी मालती सचान को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन हफ्ते बाद होगी।

जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की एकल पीठ ने यह आदेश इन चारों आला अफसरों की ओर से दाखिल अलग अलग याचिकाओं पर दिया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि सीबीआई इस मामले की जांच कर चुकी थी। उसने डॉ सचान की मौत को आत्महत्या पाते हुए क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल किया था। यह भी तर्क था कि सरकारी अफसर होने के कारण उन्हें तलब करने से पूर्व शासन से संस्तुति प्राप्त करना अनिवार्य था। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने भी माना कि इस मामले की बारीकी से जांच की गई थी। डॉ सचान की मौत को आत्महत्या पाए जाने के बाद ही क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई थी। इधर सोमवार को सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट मे तत्कालीन डीजीपी कमरवीर सिंह समेत पाच मुल्जिम अपने वकील के माध्यम से हाजिर हुए। इनमें करमवीर सिंह के अलावा तत्कालीन एडिशनल डीजीपी प्रिजनन वीके गुप्ता, आइजी लखनऊ जोन सुबेह कुमार सिंह व लखनऊ जेल के तत्कालीन जेलर बीएस मुकुंद की ओर से एक अर्जी दी गई। कहा गया कि हाईकोर्ट में इस आदेश के विरुद्ध याचिका दाखिल की गई थी जिस पर सुनवाई के पश्चात आदेश सुरक्षित है। जबकि एक मुल्जिम तत्कालीन डिप्टी जेलर सुनील कुमार सिह की ओर से बताया गया कि वह लखनऊ से बाहर है। इसलिए उपस्थित होने के लिए एक मौका दिया जाए। अदालत ने इस आचरण को विधि विरुद्ध करार दिया। वहीं मुल्जिम तत्कालीन प्रधान बंदी रक्षक बाबू राम दूबे व बंदी रक्षक पहींद्र सिंह गैरहाजिर रहे। सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने इनके विरुद्ध पुन: समन जारी करने का आदेश दिया है।

# टीबी मरीजों को गोद लेने वालों का निक्षय पोर्टल पर होगा पंजीकरण

**लखनऊ।** पिछले चार माह में प्रदेश में 1.36 लाख से अधिक टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है। ऐसे में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अब यह व्यवस्था की गयी है कि टीबी मरीजों को गोद लेने वालों (डोनर) को चिन्हित कर निक्षय पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकृत किया जाएगा। इनको अब निक्षय मित्र के रूप में जाना जायेगा। देश को वर्ष 2025 तक क्षय रोग यानि टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के लिए हरसम्भव कोशिश लगातार जारी है। प्रदेश में इसके तहत करीब 4505 निक्षय मित्रों का पंजीकरण कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक क्षय रोग डॉ शैलेन्द्र भटनागर ने इस बारे में प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व अन्य को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया है। पत्र के मुताबिक क्षय रोगियों का नोटिफिकेशन बढाने के लिए अब सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले कुल मरीजों में से माहवार पांच फीसद मिलते–जुलते लक्षण वाले मरीजों को टीबी की जांच के लिए रेफर किया जाए। कम्युनिटी हेल्थ आफिसर को टीबी की स्क्रीनिंग और उपचार सेवाओं में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रशिक्षित किया जाए। निक्षय पोर्टल संचालित करने के लिए सीएचओ को हैंड्स ऑन प्रशिक्षण जल्द से जल्द प्रदान किया जाए। इसके साथ ही अब यह व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने को कहा गया है कि हर रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में निश्चित रूप से टीबी का स्टाल लगाया जाए। इसके माध्यम से मेले में आने वालों को टीबी के लक्षण जैसे. दो हफ्ते से अधिक समय से खांसी आना व बुखार बना रहना, खांसी के साथ बलगम में खून आना, रात में पसीना आना, वजन गिरनाए भूख न लगना आदि के बारे में बताया जाए। इसके अलावा मुफ्त जाँच और उपचार के बारे में भी विस्तार से बताया जाए।

# नौ इंटर्न फार्मासिस्ट की सेवाएं समाप्त, चार गार्ड हटाए गए

● एक दिन पूर्व सिविल अस्पताल के वायरल वीडियो मामले में हुई कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एक दिन** पूर्व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के वायरल वीडियो मामले में उप मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद अस्पताल प्रशासन ने सख्त एक्शन लिया है। बर्थ डे पार्टी में शामिल नौ फार्मासिस्ट इंटर्न की ट्रेनिंग चिकित्सालय से तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गयी है, जबकि घटना के समय तैनात चार सुरक्षा गार्डों को भी हटा दिया गया है। जिस सेवा प्रदाता फर्म के ये गार्ड हैं, उस फर्म में एक माह का नोटिस जारी कर दिया गया है, इसके बाद उस फर्म की भी चिकित्सालय से मानव संसाधन की आपूर्ति के सेवाएं समाप्त हो सकेंगी।




अस्पताल के सीएमएस की ओर से बयान जारी कर कहा गया है कि फार्मासिस्ट इंटर्न के बारे में उनके कॉलेजों को भी इसकी सूचना देते हुए लिख दिया गया है कि इन सभी प्रशिक्षुओं की ट्रेनिंग अधूरी है। इन फार्मासिस्ट इंटर्न का कार्यभार अन्य चीफ फार्मासिस्ट को सौंपते हुए चिकित्सालय में फार्मासिस्ट इंटर्न इंचार्ज को भी कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। बता दें कि अस्पताल में बर्थ डे पार्टी के दौरान खासा हंगामा हुआ था, जिससे भर्ती मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के पास यह मामला पहुंचा था, जिस पर उन्होंने अस्पताल के निदेशक एवं अपर निदेशक लखनऊ मंडल को संयुक्त जांच समिति गठित कर पूरे मामले की जांचकर दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे।

## आजम खान की सेहत में सुधार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा के** वरिष्ठ नेता आजम खान की तबीयत पहले से काफी सुधार है। सोमवार को मेदान्ता अस्पताल के सीनियर डॉक्टरों ने सुबह आईसीयू वार्ड का निरीक्षण कर सेहत जानी। फेफड़ों में संक्रमण के चलते अभी उन्हें आईसीयू में ही रखा जाएगा। शनिवार को उनके फेफड़ों में संक्रमण मिला था। क्रिटिकल केयर के डॉक्टरों की टीम ने उपचार चल रहा है। अभी उन्हें आईसीयू में रखा गया है। सांस लेने में तकलीफ होने पर परिजनों ने आजम को मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार को आयी जांच रिपोर्ट फेफड़ों में संक्रमण निकला था। मेदांता हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेटर डा राकेश कपूर ने बताया कि आजम की स्थिति स्थिर एवं नियंत्रण में है। क्रिटिकल केयर टीम के प्रमुख डॉ दिलीप दुबे और सीनियर कंसलटेंट डॉ पुष्पेंद्र सांगवान के निर्देशन में आजम खान का इलाज चल रहा है।

## फर्जी पासपोर्ट के आरोपी अबू सलेम को 22 अगस्त को पेश करने का आदेश

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवाने के आरोपी अबू सलेम को नवी मुंबई की तलोजा जेल से 22 अगस्त को तलब किया है। साथ ही इस मामले के एक अन्य आरोपी परवेज आलम की ओर से अंतिम बहस के लिए 10 अगस्त की तारीख मुकर्रर की है। इस मामले में सीबीआई की ओर से अपनी अंतिम बहस पूरी कर ली गई है। अब मुल्जिमों की ओर से बहस होना शेष है। बीते 21 जुलाई को विशेष अदालत के समक्ष अबू सलेम नवी मुंबई की तलोजा जेल से व्यक्तिगत रुप से पेश हुआ था। इसे महाराष्ट्र पुलिस की कड़ी सुरक्षा में लाया गया था। अबू सलेम ने इस मामले में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत अपना बयान दर्ज कराया था। 12 मार्च 1993 को मुंबई में श्रृखंलाबद्ध बम विस्फोट के बाद अबू सलेम भारत से भाग गया था। विवेचना के दौरान इस फर्जी पासपोर्ट मामले का खुलासा हुआ। 16 अक्टूबर 1997 को सीबीआई ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की। सीबीआई के मुताबिक छह जुलाईए 1993 को अबु सलेम ने अपना व अपनी कथित पत्नी समीरा जुमानी का कुटरचित दस्तावजो के आधार पर फर्जी नाम से मुल्जिम परवेज आलम के जरिए पासपोर्ट बनवाया था। अबू सलेम का अकील अहमद आजमी जबकि समीरा जुमानी का सबीना आजमी के नाम से पासपोर्ट बना था। 29 जूनए 1993 को आजमढ में पासपोर्ट के लिए आवेदन किया गया था।

## मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती कराने के मामले में अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एडीजे महेश कुमार कुशवाहा ने एम्बुलेंस वालों की मिलीभगत से लोहिया अस्पताल आने वाले मरीजों को अपने प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराने के मामले में वांछित मुल्जिम प्रीति पांडेय, अखिलेश कुमार पांडेय व अतुल प्रजापति की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिमों के अपराध को गंभीर करार दिया है। सात जून 2022 को इस मामले की एफआईआर डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजन भटनागर ने थाना विभुतिखंड में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अरुण पांडेय के मुताबिक इसमें प्रीति व अखिलेश सन हास्पिटल जबकि अतुल प्रजापति अपारन हास्पिटल का मालिक हैं।

## मुख्यमंत्री योगी को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में सीएम योगी को बम से उड़ाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। बीत दो अगस्त को पुलिस कंट्रोल रूम 112 के वाट्सएप नंबर पर संदेश आया। उसमें लिखा था। मैं सीएम योगी को तीन दिन के अंदर बम से उड़ा दूंगा। जैसे ही मैसेज आया पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने आनन–फानन में मामले का संज्ञान लेकर साइबर सेल और पुलिस को जांच सौंप दी। फिलहाल अभी तक संदेश भेजने वाले का पता नहीं चल सका है। जिस नंबर से संदेश भेजा गया था। उसका पता लगाने में पुलिस जुटी हुई है। इसके साथ ही वाटसएप को पत्र लिखकर उसकी जानकारी जुटाई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक सुशांत गोल्फ सिटी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक धमकी भरा मैसेज आने पर 112 मुख्यालय के ऑपरेशन कमांडर सुभाष कुमार की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई।

# बेसिक शिक्षा विभाग की नयी वेबसाइट का हुआ लोकार्पण, आसानी से उपलब्ध हो सकेगी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह ने सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की नव विकसित वेबसाइट का लोकार्पण आज लखनऊ स्थित बेसिक शिक्षा के परिषद कार्यालय में किया। उन्होंने बताया कि इस वेबसाइट के माध्यम से आम जनमानस को, एकीकृत सूचना एक पटल पर आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। यह वेबसाइट भारत सरकार द्वारा निर्गत भारत की शासकीय वेबसाईट के मानकों के अनुसार विकसित की गई है। जिसमें सी एम एस टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए दिव्यांगजन हितैषी फीचर्स के साथ, द्विभाषीय एवं रेस्पांसिव डिजाइन के अनुरूप बनाई गई है। सभी यूजर्स के साथ दिव्यांगजन भी इस वेबसाइट को आसानी से सुन सकते हैं।



बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने विभाग की बेवसाइट का लोकार्पण करने के उपरान्त बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़कर कार्य कर रहे है, एनजीओ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने एनजीओ के प्रतिनिधियों से कहा कि आप सभी को शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का मौका मिला, यह बहुत ही सुअवसर है। उन्होने कहा कि राज्य सरकार सभी बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए आप सभी को कार्य करना है और शत.प्रतिशत बच्चों को शिक्षा प्रदान की जानी है। उन्होने कहा कि उप्र देश का सबसे बड़ा राज्य है इसीलिए सभी के सहयोग से ही शत प्रतिशत बच्चो को शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनन्द ने बताया कि बेसिक शिक्षा से जुडें एनजीओ द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है परन्तु और बेहतर कार्य किया जाये इसके लिए बेहतर ढंग से कार्य योजना बनाई जाए, सभी बच्चों को शिक्षा से जोड़ते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा प्रदान की जाये, यह सभी का प्रयास होना चाहिए।

# एलुमनाई की प्लेसमेंट सेल में निर्णायक भूमिकाः डॉ. पुरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**किंग जार्ज** मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी के मार्गदर्शन में जॉर्जियन एलुमनाई एसोसिएशन की तरफ से हाईब्रिड मोड पर जॉर्जियन ओडिशा चैप्टर का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के सचिव प्रोफेसर पी के शर्मा ने कहा कि सभी एलुमनाई का आपस में जुड़े रहना शिक्षा एवं चिकित्सा सेवा दोनों में अहम योगदान प्रदान करता है। अध्यक्ष प्रोफेसर एस डी पांडेय ने कहा कि सभी एलुमनाई विश्वविद्यालय के ऋणी हैं। आपका कर्तव्य है कि आप किसी ना किसी रूप में अपनी समर्थता अनुसार विश्वविद्यालय के विकास में भागीदार बनें। कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने कहा कि प्लेसमेंट सेल में एलुमनाई निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इससे यहाँ शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्र, छात्राओं को रोजगार तो सुलभ होगा ही, शोध और



अन्वेषण में भी यह अत्यधिक सहायक रहेगा। जॉर्जियन एलुमनाई एसोसिएशन की तरफ से डॉ सुधीर सिंह और कार्यालय अधिकारी मो दानिश व्यक्तिगत रूप से अपनी एलुमनाई का आभार प्रकट करने भुवनेश्वर में उपस्थित रहे। ओडिशा चैप्टर में डॉ संदीप बारिख, डॉ मंदिरा शाह, डॉ मनीष गोयल, डॉ अविनाश बडजेना, डॉ दिब्यभूति, डॉ स्वारन्दू मंडल, डॉ रिम्पी जैन, डॉ प्रारहज और अन्य एलुमनाई ने भागेदारी की। ओडिशा चैप्टर ने विश्वविद्यालय के लिये हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## दस अगस्त तक सभी नए फॉर्मेसी कॉलेजों को मिलेगी एनओसी

**लखनऊ।** प्राविधिक शिक्षा परिषद से फॉर्मेसी कॉलेजों के मान्यता के लिए के लिए सोमवार को परिषद में बैठक आहूत की गई। बैठक में फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया के चार अगस्त के पत्र के आधार पर सत्र 2022.23 के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम संचालित करने वाली नई संस्थाओं को एनओसी के सभी मामले दस अगस्त तक निपटाने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी प्राविधिक शिक्षा परिषद के सचिव एफआर खान ने दी है। एफआर खान ने बताया कि सभी डिप्लोमा इन फार्मेसी संस्थाओं को अनापत्ति पत्र निर्गत किए जाएंगे। इसके लिए 10 अगस्त को सुबह तक प्राप्त नए आवेदन भी जांच कर सभी को अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिये जाएंगे।

## जाली भारतीय नोट के मामले में सोहराब के खिलाफ आरोप तय

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एनआईएडीटीएस के विशेष जज अनुरोध मिश्रा ने जाली भारतीय नोट हासिल कर उसका इस्तेमाल कर आर्थिक स्थिरता को क्षति पहुंचाने के आरोप में सोमवार को मुल्जिम सोहराब के विरुद्ध आरोप तय कर दिया। उन्होंने इसके खिलाफआईपीसी की धारा 489बी व 120बी के साथ ही विधि विरुद्ध क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 16 व 18 तहत भी आरोप तय करते हुए अभियोजन को अपना गवाह पेश करने का आदेश दिया है। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक वर्ष 2019.20 के दौरान सोहराब ने बांग्लादेशी नागरिक मनीरुल इस्लाम से भारी मात्रा में उच्च क्वालिटी का जाली भारतीय नोट हासिल किया था। फिर देश की आर्थिक स्थिरता को क्षति पहुंचाने के इरादे से अन्य मुल्जिमों के जरिए इसका इस्तेमाल असल के रुप में कर रहा था। विवेचना के बाद एनआईए ने इसके खिलाफआरोप पत्र दाखिल किया था।

## पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप समेत 12 मुल्जिम बरी

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज हरबंश नारायण ने 28 साल पुराने जानलेवा हमले के एक आपराधिक मामले में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप समेत 12 मुल्जिमों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। 21 फरवरी 1994 को थाना हसनगंज से संबंधित इस मामले की एफआईआर खुद पुलिस ने दर्ज कराई थी। इस मामले में लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़े तत्कालीन छात्र नेता आरोपी थे।

# सीएमएस छात्र अर्नव कुमार ने विकसित की ऑस्टियोपोरोसिस जांच की नई तकनीक

**लखनऊ।** सीएमएस गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) के कक्षा 11 के छात्र अर्नव कुमार ने ऑस्टियो–नेट नामक तकनीक विकसित कर चिकित्सा के क्षेत्र में क्रान्ति ला दी है। अर्नव के शोध से ऑस्टियोपोरोसिस बीमारी की जाँच अब समाज के सभी अमीर–गरीब लोगों के लिए अत्यन्त सरल व सुगम हो जायेगी। अभी ऑस्टियोपोरोसिस जाँच की सुविधा कुछ चुनिन्दा अस्पतालों में ही उपलब्ध थी, जो कि काफी खर्चीली थी और जाँच उपलब्ध होने में काफी समय लगता था, अब अर्नव के शोध की बदौलत गरीब–अमीर सभी जरूरतमंद को कम खर्च व कम समय में आस्टियोपोरोसिस बीमारी की जाँच के सार्थक परिणाम मिलेंगे। अर्नव के शोध पत्र को इन्स्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिक एण्ड इलेक्ट्रानिक इंजीनियर्स के 45वें इण्टरनेशनल कान्फ्रेन्स ऑन टेलीकम्युनिकेशन्स एण्ड सिग्नल प्रोसेसिंग में स्वीकृति एवं मान्यता प्रदान



की गई है। अर्नव कुमार के पिता वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आलोक कुमार एवं माता प्रीति कुमार, एक्सेसर फॉर यूनाइटेड एक्रिडीशन फाउण्डेशन में अधिकारी है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने मेधावी छात्र के ज्ञान व सेवा भावना की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। डा. गाँधी ने विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया जो भावी पीढ़ी को सर्वोत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनमें समाज सेवा की भावना का भी संचार कर रहे हैं। श्रेय अपने माता–पिता, अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण वातावरण का दिया है। एकेटीयू के प्रो. एके. दत्ता का भी हार्दिक आभार व्यक्त किया। उनका शोध 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई) मॉडल पर आधारित है जो कि आस्टियोपोरोसिस की जांच करने पर एक्स–रे की भांति फोटो निकालेगा, जिससे इस बीमारी की अविलम्ब पहचान होगी।

## ऐफरेसिस यूनिट से मरीजों को मिलेगी सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** मंडलीय अस्पतालों में स्थापित किए जा रहे ऐफरेसिस यूनिट से मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स की सुविधा मिलेगी। इसमें एक डोनर से ही मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स की कमी को पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक को उच्चीकृत किया जा रहा है। ताकि मरीजों को और सुरक्षित खून मुहैया कराया जा सके। डेंगू मरीजों के इलाज में प्लेटलेट्स की अहम भूमिका होती है। डेंगू की दशा में मरीज के शरीर में प्लेटलेट्स अचानक कम होने लगते हैं। अभी डेंगू मरीज की जिंदगी बचाने के लिए कई यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। मरीज के तीमारदारों को कई डोनर जुटाने पड़ते हैं। मरीज व तीमारदारों की दुश्वारियां को मंडल स्तरीय अस्पतालों में स्थापित किए जा रहे ऐफरेसिस यूनिट कम कर देगी।

# काकोरी कार्यक्रम स्थल का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण, परखीं तैयारियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मण्डलायुक्त** डॉ रौशन जैकब और जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सोमवार को काकोरी ऐक्शन की वर्षगांठ पर 9 अगस्त को काकोरी के शहीद स्मारक स्थल बाज नगर हरदोई रोड़ पर होने वाले आयोजन की सभी तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यक्रम स्थल पर लगभग सभी तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। सम्पूर्ण स्मृति स्थल को ट्राई कलर थीम पर सजाया जा रहा है। मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी ने स्थल पहुँच कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मण्डलायुक्त ने निरीक्षण की शुरुआत हेलीपैड से की। इसके बाद मण्डलायुक्त और ज़िलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत परिसर के अंदर जितने भी ट्री गार्ड है उन सब को ट्राई कलर थीम में पेंट किया जाए। साथ ही कल कार्यक्रम के तहत विधुत विभाग को निर्देश दिया कि निर्बाध



विधुत व्यवस्था को कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि काकोरी एक्शन की वर्षगांठ के अवसर पर कल डाक टिकट भी जारी किया जाएगा। मण्डलायुक्त ने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिया कि दोनों पार्किंग स्थल और हेलीपैड के आस पास साफ सफाई की व्यवस्था को निश्चित कराया जाए और पार्किंग स्थल की घास की कटाई कराना भी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही क्षेत्र में ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती को निश्चित किया जाए ताकि आवागमन में कोई भी असुविधा न होने पाए। मण्डलायुक्त ने परिसर में लगी बड एलईडी स्क्रीन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्क्रीन कार्यशील पाई गई। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया गया कि इस स्क्रीन पर काकोरी एक्शन से सम्बंधित डाक्यूमेंट्री का प्रसारण किया जाएगा। इसके बाद मण्डलायुक्त और ज़िलाधिकारी ने काकोरी एक्शन शहीदों की याद में रेलवे लाइन के निकट ललित कला अकादमी के चित्रकार अंजलि, अंजलि वर्मा, आँचल वर्मा, विनोद सिंह और राजकुमार ने बनाए गए भव्य सेल्फी प्वाइंट का भी निरीक्षण किया। मण्डलायुक्त ने सेल्फी प्वाइंट बनाने वाले चित्रकारों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई और उनके साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली गई। इस के बाद मण्डलायुक्त ने प्रदर्शनी हाल का भी निरीक्षण किया। प्रदर्शनी हाल पूरी तरह से तैयार पाया मिला। ज़िलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रदर्शनी हाल के प्रवेश द्वार के ऊपर खाली स्थान पर भी ललित कला अकादमी के चित्रकारों के द्वारा चित्रकारी करते हुए काकोरी एक्शन मियूजियम नाम अंकित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया गया कि की कल के आयोजन में मुख्य अतिथि, अन्य अतिथियों द्वारा काकोरी शहीदो की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि, चित्र प्रदर्शनी व अभिलेख प्रदर्शनी का उदघाटन, राष्ट्रभक्ति पर आधारित कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

# ट्रकों व माल वाहक वाहनों के लिए बनेंगे हाल्टिंग एरिया

● लखनऊ से जुड़ने वाले तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात के सुचारु संचालन के लिए हुई बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** से जुड़ने वाले तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात के सुचारू रूप से संचालन के लिए एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में सोमवार को लोक भवन में बैठक हुई जिसमें लखनऊ से कानपुर, लखनऊ से बाराबंकी एवं लखनऊ से सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात के सुचारू संचालन को लेकर समीक्षा की गई। अवैध टैम्पों स्टैण्ड हटाये जाने के विरूद्ध अब तक की गई कार्रवाई की भी बैठक में समीक्षा की गई तथा वाहनों के खड़े होने तथा उनके मार्ग में रुकने के स्थानों को निर्धारित कर उसकी सूची नगर विकास, पुलिस व जिला प्रशासन के पास उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये गये ताकि आपसी समन्वय से इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई की जा सके। पार्किंग के लिए चिन्हित स्थलों से वाहनों की क्रमानुसार रवानगी के लिए व्यवस्था निर्धारित किये जाने तथा इसके लिए जरूरी होने पर सोसाइटी बनाकर भी कार्रवाई किये जाने का सुझाव दिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक यातायात को निर्देशित किया गया है कि वह आरएफआईडी की तकनीक का सहारा लेकर सेंसर के माध्यम से यातायात नियमों का अनुपालन कराएं। श्री अवस्थी ने यह भी निर्देशित किया है कि ट्रकों एवं अन्य माल वाहक वाहनों के समुचित ठहराव के लिए भूमि लीज पर या अधिग्रहण कर नियमानुसार हाल्टिंग एरिया भी शीघ्र विकसित किया जाए। यातायात के सुचारू संचालन के लिए नगर निगम, जिला व पुलिस प्रशासन, एनएचएआई व यातायात विभाग के अधिकारियों को संयुक्त रूप से परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है। यह भीं निर्णय लिया गया है कि लखनऊ मे राजकीय परिवहन निगम के सभी बस स्टैण्ड के बाहर बसों के खड़े होने से रोकने के लिए सम्बन्धित विभाग द्वारा विशेष दस्ते तैनात किये जाएंगे जिनके द्वारा नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर सम्बन्धित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों के क्रम में लखनऊ-कानपुर राजमार्ग पर दो बड़ी क्रेन की व्यवस्था भी कर दी गई है ताकि असामायिक तकनीकी रूप से खराब हुए वाहनों व दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अन्यत्र स्थल तक शीघ्र पहुंचाया जा सके। इन दोनों क्रेनों के उपलब्ध होने के स्थानों की सूचना सभी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है ताकि उसका शीघ्र उपयोग किया जा सके। श्री अवस्थी द्वारा तीनों राजमार्गो पर अवैध अतिक्रमण के संबंध में चिन्हित स्थलों व उन्हें हटाये जाने से संबंधित की गयी कार्रवाई जिला व पुलिस प्रशासन के मध्य साझा किये जाने के निर्देश दिये गये है। यह भी निर्देश दिये गये है कि अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस के साथ-साथ संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर परस्पर संवाद का अवश्य प्रयास किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गो पर पर्याप्त मात्रा में संकेतक एवं चिन्हकों के बोर्ड, स्टीकर आदि को नियमानुसार शीघ्र लगवाये जाने के निर्देश दिये है ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। शहीद पथ पर भी वाहनों की गति सीमा व उसके उल्लंघन पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी से संबंधित बोर्ड भी लगवाये जाने के निर्देश दिये गये है। मार्ग प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था को भी और अधिक चुस्त दुरूस्त किये जाने तथा प्रभावी पेट्रोलिंग के लिए उठाये गये कदमों की भी जानकारी बैठक में दी गई। एम परिवहन एप को भी और अधिक सशक्त व प्रभावी बनाये जाने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्राचार के निर्देश दिये गये है। प्रयास किया जा रहा है कि अधिकाधिक वाहन चालकों के अद्यतन मोबाइल नम्बर परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारियों के पास रहे ताकि चालान आदि में सुगमता रहे।

## गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए मांगे गए प्रस्ताव

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार ने गुरु गोविंद सिंह के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किए जाने व रूपये एक लाख का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र दिए जाने की व्यवस्था की है। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई भी व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतया समर्पित रहे हों, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रस्ताव दे सकता है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में जो भी प्रस्ताव जिलों से भेजें जांयएउनमें पूरी पारदर्शिता रखी जाए और शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव राष्ट्रीय एकीकरण जितेंद्र कुमार द्वारा इस संबंध में समस्त मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों को परिपत्र भेजते हुए कहा गया है

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र का किया निरीक्षण



**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को इंदिरानगर स्थित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को देखने के साथ ही प्रशिक्षण केन्द्र के संकाय सदस्यों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उप मुख्यमंत्री ने केन्द्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को बनाये रखने पर जोर दिया।

## सीएमएस छात्रों ने डा. भारती गांधी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया



**लखनऊ।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल की संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी का जन्मदिवस आज बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आध्यात्मिकता व ईश्वरीय एकता के सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाया गया। इस विशेष समारोह में सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी, सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन, डा. सुनीता गाँधी, विनय गाँधी, मोना गाँधी, सीएमएस के क्वालिटी अश्योरेन्स एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुश्मिता घोष, विद्यालय के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा, विभिन्न कैम्पस की प्रधानाचार्याओं, शिक्षकों समेत बड़ी संख्या में सीएमएस कार्यकर्ताओं व अन्य प्रमुख हस्तियों ने डा. भारती गाँधी की दीर्घायु की कामना करते हुए उनसे जुड़ी यादें साझा की। सीएमएस के विभिन्न कैम्पस में अध्ययनरत 60000 छात्रों ने भी अपने-अपने विद्यालय प्रांगण में अपनी आध्यात्मिक अभिभावक एवं प्रेरणास्रोत डा. गाँधी का जन्मदिन मनाया और बधाई कार्ड बनाकर अपनी भावनाओं को उकेरा।

## शिव मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़, भक्तों ने किया भोलेशंकर का अभिषेक

**मोहनलालगंज।** निगोहां के भंवरेश्वर महादेव मंदिर में सावन के आखिरी सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिव के जलाभिषेक और दर्शन व पूजन के लिए रविवार की मध्य रात्रि से ही भक्तों का तांता लगा रहा भंवरेश्वर महादेव मंदिर तक आवागमन का मार्ग संकरा और पुराना होने से मिट्टी पटाई नहीं किए जाने से श्रद्धालुओं को बेहद परेशानी उठानी पड़ी। जाम की समस्या से निपटने के लिए तीन जिलों की पुलिस को सारा दिन [illegible] पड़ी। वहीं मोहनलालगंज के काशीश्वर महादेव मंदिर और द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में भी शिव भक्तों की कतार लगी रही। भोलेशंकर के दर्शन और पूजन के लिए जुटी भीड़ देररात तक दोनों मंदिरों में डटी रही। इस दौरान शिवशंकर का श्रृंगार कर जलाभिषेक व पुष्पाभिषेक भी किया गया।

## भारतीय स्टेट बैंक के प्रबन्ध निदेशक ने किया लखनऊ दौरा



**लखनऊ।** भारतीय स्टेट बैंक के प्रबन्ध निदेशक (जोखिम, अनुपालन एवं तनावग्रस्त आस्तियां समाधान समूह) अश्विनी कुमार तिवारी ने बैंक के लखनऊ मण्डल का दौरा किया और बैंक द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मण्डल के मुख्य महाप्रबन्धक अजय कुमार खन्ना के साथ शामिल हुए। तिवारी ने बेहतर ग्राहक सेवा एवं बैंक के नियमों का अनुपालन करते हुए व्यवसाय बढ़ाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने जोखिम एवं अनुपालन के बारे में विस्तार से बताया तथा रिज़र्व बैंक के नियमों का पालन करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुपालन प्रक्रिया निरंतर चलनी चाहिए। भारतीय स्टेट बैंक अपने विशिष्ट डिजिटल माध्यमों से ऋण आवंटन की दिशा में प्रयोग सुनिश्चित करता रहेगा जिससे ऋण लेने के समय को न्यूनतम किया जा सके एवं लेन देन को और भी सुगम बनाया जा सके। इस अवसर पर लखनऊ मुख्य शाखा में वृक्षारोपण भी किया गया।

## यूपी शुगर मिल्स एसोसिएशन ने सीएम को लिखा पत्र

**लखनऊ।** निजी चीनी मिलों के संगठन यूपी शुगर मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीबी पटौदिया ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से एसोसिएशन नें अनुरोध किया है कि वह स्वयं पहल करते हुए केन्द्र सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य 31 रुपये प्रति किलो से बढ़वाने का प्रयास करें। पत्र में कहा गया है कि चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य वर्ष 2018 में 29 रुपये प्रति किलो केन्द्र सरकार ने तय किया था। उसके बाद वर्ष 2019 के फरवरी में इसमें दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोत्तरी करते हुए इसे 31 रुपये प्रति किलो किया गया। वर्ष 2019 से 2022 तक की अवधि में केन्द्र सरकार ने गन्ने का उचित एवं लाभकारी मूल्य दो बार बढ़ाया। मगर चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई। गन्ना मूल्य में वृद्धि के साथ ही चीनी उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले रसायन, पैकिंग मैटीरियल आदि के साथ विभिन्न खर्चों में काफी ज्यादा बढ़ोत्तरी हुई है।

# प्राइमरी स्कूल पहुंचे एसडीएम को 51 बच्चे मिले अनुपस्थित



● त्योहार नजदीक रसोइयों को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

संवाददाता। मोहनलालगंज

**प्राइमरी** स्कूल मोहनलालगंज प्रथम का औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम हनुमान प्रसाद को 51 बच्चे अनुपस्थित मिले। स्कूल में पंजीकृत 155 बच्चों में से 104 ही मौजूद थे। जिसे लेकर एसडीएम ने शिक्षकों को अभिभावकों से सम्पर्क कर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर बच्चों की उपस्थिति सुधारने की हिदायत दी। स्कूल में एमडीएम शेड और किचेन नहीं है। जिस पर एसडीएम ने एमडीएम शेड निर्माण कराने के निर्देश दिए। स्कूल में तैनात रसोइयों को तीन माह से मानदेय नहीं मिल सका है। रक्षाबंधन का त्योहार नजदीक है ऐसे में खण्ड शिक्षा अधिकारी मनीष सिंह को रसोइयों का मानदेय भुगतान कराने के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के लिए कहा। बच्चों से रुबरु हुए एसडीएम हनुमान प्रसाद ने सवाल.जवाब कर उनके शैक्षिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के निर्देश दिए।

# 16 को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी अटल की चतुर्थ पुण्यतिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अटल** बिहारी वाजपेई मेमोरियल फाउण्डेशन के पदाधिकारियों की बैठक सोमवार को फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर आहूत की गयी। बैठक के दौरान पं. अटल बिहारी वाजपेई की चतुर्थ पुण्यतिथि 16 अगस्त 2022 को सायं 5 बजे अटल बिहारी वाजपेई कन्वेन्शन सेन्टर केजीएमयू में स्मृति दिवस के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया।

सभा मे पदाधिकारियों के सम्मुख कार्यक्रम की रूप को अंतिम रूप प्रदान कर अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता में विस्तार से अटल सप्ताह मे किए जा रहे कार्यक्रमों से अवगत कराया। इस अवसर पर आमंत्रण पत्र का लोकार्पण करते हुए समस्त उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित करने का आवाह्न किया गया। जेपी सिंह ने शहर मे बैनर, बोर्ड आदि के द्वारा वृहद प्रचार प्रसार कर जनमानस मे युग पुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के 'विश्व स्वर, अटल अमर' के शीर्षक से संगीतमय प्रस्तुति कार्यक्रम को लोकप्रिय बनाने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर श्री पाठक ने बताया की उक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त पुण्यतिथि पखवाड़ा कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। इस क्रम में 9 अगस्त को कोरोना वारियर्स को अटल सम्मान दिया जायेगा, 10 अगस्त को अटल स्वास्थ्य मेला, 13 को भाषण प्रतियोगिता व केडी सिंह बाबू स्टेडियम में व्यापारियों के तिरंगा मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। इसके साथ ही 14 को 1090 चैराहा से अटल चैराहा हजरतगंज तक अटल दौड़ का आयोजन किया जायेगा।

## राम से बैर लेकर कोई भी सुखी नहीं रह सकता: प्रो हेमराज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग के सभाकक्ष में सोमवार को तुलसी जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, मोका, मॉरीशस से पधारे प्रो हेमराज सुंदर ने मॉरीशस में रामकथा की चर्चा करते हुए कहा कि राम में अनंत संभावनाएं हैं। राम से बैर लेकर कोई भी सुखी नहीं रह सकता। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में वक्तव्य देते हुए प्रो हरिशंकर मिश्र ने रामचरितमानस और तुलसी की समन्वयवादी दृष्टि पर विचार करते हुए कहा कि तुलसी ने रामचरितमानस के माध्यम से लोक का संदेह दूर करने का उपक्रम किया है। तुलसी में प्रगतिशील चेतना अनुप्राणित है अतः तत्कालीन समाज में व्याप्त विसंगतियों में लोक को संबल देने का कार्य तुलसी ने किया है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रोफेसर पवन अग्रवाल ने राम के विविध रूपों का वर्णन करते हुए राम के वनगमन को सांस्कृतिक अभियान बताया। प्रोफेसर योगेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि तुलसी का काव्य न केवल भारतीय बल्कि विदेशियों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक प्रो अलका पांडे ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए तुलसीकृत रामललानहछू का गायन किया। डॉक्टर कृष्ण जी श्रीवास्तव ने भजन प्रस्तुत किया। कालीचरण महाविद्यालय के डॉ मनोज पांडे ने सोहर गीत प्रस्तुत किया।

## आश्वासन के बाद भी नहीं हुई जमीन की नपाई

**मोहनलालगंज।** पट्टे की जमीन नपवाने के लिए सम्पूर्ण समाधान दिवस में आत्मदाह की कोशिश कर चुके रामनरेश को तीसरे दिन भी न्याय नहीं मिल सका। तहसील से पहुंचे लेखपाल उसकी शिकायत दूर करने के बजाए मौका देखकर वापस लौट आए। लेखपाल ने फरियादी से बुधवार को तहसील आकर एसडीएम से मिलने की बात कही। मोहनलालगंज के जबरौली गांव निवासी रामनरेश की पत्नी माधुरी को 2003 में एक बिस्से जमीन का पट्टा मिला था। रामनरेश का आरोप है कि उनकी जमीन पर अतिक्रमण किया जा रहा है। शिकायत करने पर पुलिस तहसील से पैमाइश कराने का कहकर पल्ला झाड़ रही है। रामनरेश के मुताबिक दो सप्ताह से तहसील के चक्कर काटने के बावजूद भी उनकी जमीन की नापजोख नहीं हो सकी। लिहाजा परेशान होकर शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में रामनरेश ने एसडीएम के सामने पेट्रोल की बोतल और माचिस निकालकर आत्मदाह का प्रयास किया था। जिसके बाद एसडीएम हनुमान प्रसाद ने तीन दिन में उसे न्याय दिलाने का भरोसा दिया था। इस संदर्भ में एसडीएम हनुमान प्रसाद का पक्ष लेने की कोशिश की गई तो उन्होने बाहर होने की बात कही।

## हाईवे किनारे गड्ढे में अज्ञात युवक का शव बरामद

**मोहनलालगंज।** रायबरेली हाईवे पर अतरौली रेलवे क्रासिंग के निकट सोमवार की शाम गड्ढे में अज्ञात युवक का शव उतराता हुआ बरामद किया गया। शव गड्ढे में भरे पानी में औंधे मुंह पड़ा हुआ था। जामातलाशी में शव की जेब में मिली पर्स से महज 50 रुपये बरामद हुए। काफी कोशिशों के बावजूद भी पुलिस शव की शिनाख्त नहीं कर सकी। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने बताया गड्ढे में भरे पानी में अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। फिलहाल पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## फैजुल्लागंज में मंकीपॉक्स होने से स्वास्थ्य विभाग का इनकार

**लखनऊ।** एक दिन पूर्व फैजुल्लागंज के संस्कृतिनगरम में एक बच्चे में मंकीपॉक्स से मिलते जुलते लक्षण पाये जाने के बाद सोमवार को सीएमओ के निर्देश पर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुडौली की चिकित्सीय टीम द्वारा उक्त रोगी के घर का भ्रमण किया गया। भ्रमण के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मंकीपॉक्स होने से इनकार किया गया है। बच्चे के घर पहुँची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पाया कि उक्त बच्चा हैंड फुट माउंट डिजीज से ग्रसित है। इस आयुवर्ग के बच्चों की यह एक सामान्य बीमारी है तथा दो वर्ष पूर्व भी बच्चें में इस तरह के लक्षण पाये गये थे। बच्चे का इलाज निजी चिकित्सक से चल रहा है। चिकित्सीय टीम द्वारा बच्चें का सैम्पल एकत्रित कर जॉच हेतु केजीएमयू भेजा गया है। रोगी के घर के आस-पास के घरों का भी सर्वे कराया गया, सर्वे के दौरान कोई रोगी नही मिला। क्षेत्र की स्थिति सामान्य है।

## तीन कस्टोडियनों पर 8.42 लाख रुपये चोरी का केस दर्ज

**लखनऊ।** आशियाना के पॉवर हाउस स्थित एटीएम मशीन से 8.42 लाख रुपये गायब कर दिये गये। प्राइवेट व सरकारी बैंकों में कैश लोडिंग व सर्विसिंग का काम करने वाली कम्पनी के शाखा प्रबंधक ने जांच करायी तो तीन कस्टोडियनों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। जानकारी मिली कि तीनों कस्टोडियनों के पासवर्ड से ही एटीएम का लॉक खुलता है। शाखा प्रबंधक ने पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर आशियाना पुलिस ने तीनों कस्टोडियनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सैन्यकर्मी से ठगों ने ऐंठे 13.75 लाख रुपये

**लखनऊ।** शहीद पथ पर प्लॉट दिलाने का झांसा देकर जालसाजों ने कश्मीर बार्ड पर तैनात सैन्यकर्मी से 13.75 लाख रुपये ऐंठ लिए। परिचित रिटायर सैन्यकर्मी ने साले का प्लॉट दिखाकर फंसाया और फिर रुपये ऐंठ एग्रीमेंट कर एक माह के अंदर बैनामा करने का आश्वासन दिया। तय वक्त के बाद आरोपितों ने बैनामा नहीं किया। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने चेक दिया जो बाउंस हो गया। सैन्यकर्मी की पत्नी ने एसीपी गोसाईंगज स्वाती चौधरी से मुलाकात कर शिकायत की। निर्देश पर सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बीते रविवार को जालसाज जीजा-साले समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूल रूप से प्रतापगढ़ के रानीगंज बाबू पट्टी स्थित ग्राम सिंगाही में शिवांगी उर्फ काजल मिश्रा परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति पवन कुमार मिश्रा सैन्यकर्मी हैं और वर्तमान में जम्मू कश्मीर में तैनात हैं। शिवांगी ने बताया कि वर्ष 2021 में पवन को उनके मित्र रिटायर सैन्यकर्मी राज बहादुर सिंह ने अहिमामऊ शहीद पथ स्थित साईंदाता रोड के पास एक प्लॉट के बारे में बताया था।

# हर्षोल्लास से मनाया सावन संगीत समारोह



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुपालन** विभाग एवं पशुधन विकास परिषद की महिला अधिकारियों एवं सहकर्मियों द्वारा सावन संगीत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 52 महिलाओं द्वारा शिव स्तुति, शिव चर्चा के साथ-साथ सावन संगीत एवं नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नीलम बाला अध्यक्षा महिला विंग पशुपालन विभाग उप निदेशक पशुपालन विभाग एवं संचालन डा. वीनू पाण्डेय पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित के रूप में डॉ. सरस्वती शुक्ला, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. वंदना राय पशु चिकित्साधिकारी एंव विशिष्ठ आमंत्री आशा सिंह, पत्नी मुख्य कार्यकारी अधिकारी पशुधन विकास परिषद, निधि वर्मा एवं सरिता वर्मा सूचना अधिकारी सूचना विभाग द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर कैट वाक का आयोजन भी किया गया। सफल प्रतिभागियों को विशेष आंमत्री एवं अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार से नवाजा गया।

# वृद्धजनों को सम्मानित करें उनसे ध्वजारोहण करवाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने सोमवार को प्राधिकरण भवन स्थित सभागार में एलडीए वीसी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी की उपस्थित में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की वे आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और इस राष्ट्रीय उत्सव को यादगार बनाने में सहयोग दें। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आश्रयहीन योजना में रहने वाले बच्चों को कलर किट व मिठाई बांटी जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव के तहत 14, 15 व 16 अगस्त 2022 को हजरतगंज में कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एक सांस्कृतिक मंच भी बनेगा, जिसमें नृत्यए संगीत व नाटक के मंचन समेत विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों को इस मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 1090 चौराहे के पास एक खुला मंच उपलब्ध कराया जाएगा, जहां आरडब्ल्यूए के लोग अपने स्तर से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सप्ताह में सभी आरडब्ल्यूए अपने-अपने अपार्टमेंट एवं कालोनी में भव्य सजावट करवाएं। साथ ही अपने क्षेत्र में रहने वाले 75 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों को सम्मानित करें और उनके हाथों से ध्वजारोहण करवाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि एलडीए और नगर निगम द्वारा सभी क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था करायी जाएगी।

# आजादी का अमृत महोत्सव पूरे उत्साह से मनाएं: महापौर



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महापौर** द्वारा काकोरी में गारमेंट फैक्ट्री में निःशुल्क झंडा वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एक लाख झंडा वितरण शुभारंभ कार्यक्रम सशस्त्र सीमा बल के जैज बैंड की प्रस्तुति केसाथ की। महापौर ने कहा कि आजादी का यह अमृत महोत्सव हम सभी को बहुत ही हर्ष और उल्लास से मनाना चाहिए।

सोमवार को महापौर संयुक्ता भाटिया ने आज़ादी के अमृत महोत्सव पर काकोरी स्थित सिकरौरी गांव के गारमेंट फैक्ट्री में निःशुल्क झंडा वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत 100000 झंडा वितरण का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सशत्र सीमा बल के जैज़ बैंड के द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति की साथ हुआ। कार्यक्रम पर बोलते हुए महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि आजादी का यह अमृत महोत्सव हम सभी को बहुत ही हर्ष और उल्लास से मनाना चाहिए। जैसे हम अपनी शादी की सालगिरह मनाते है ठीक उसी प्रकार हमको अपने देश की आज़ाद डायमंड जुबली सालगिरह मनाना चाहिए।

# पेज एक का शेष

## बिहार में बड़े राजनीतिक ...

लेकिन अगर उन्होंने कोई बड़ी चाल चलने की योजना बनाई होती, तो वह मुझे संकेत दे देते। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश करूंगा। मांझी के बेटे राज्य सरकार में मंत्री हैं। इस बीच, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और विधायक शकील अहमद खान ने कहा कि बिहार में जो कुछ भी हो रहा है, वह शुभ संकेत है। अभी तक भाजपा राज्यों में अपने सहयोगियों के लिए परेशानी खड़ी करती रही है, अब वह खुद अपनी बनाई दवा का स्वाद चखेगी। हालांकि, उन्होंने मीडिया के एक वर्ग में इन खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि कुमार ने रविवार रात कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से फोन पर बात की थी।

## युवा बंदूक के लाइसेंस के...

वर्ग के माध्यम से आगामी कार्य योजना को लेकर कार्य कर रहा है। हमें केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के लिए अपने योगदान का मंथन करना होगा। डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप की योजनाओं से युवाओं को आगे बढ़ाना है। प्रदेश के अंदर स्नातक और परास्नातक के दो करोड़ छात्रों को टैबलेट और स्मार्टफोन प्रदेश सरकार ने मुहैया कराये हैं। सीएम ने कहा कि युवा मोर्चा ने चुनाव के समय में पूरे उत्तर प्रदेश में यात्राएं निकालकर 250-300 सीट जिताने का लक्ष्य लिया था, जिसे पूरा करके दिखाया है। भाजपा के जितने भी अनुसांगिक संगठन हैं उनमें सबसे पहला संगठन युवा मोर्चा है। युवा मोर्चा की मेहनत और शालीनता से हम उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव, विधान परिषद चुनाव जीते और आखिर में रामपुर और आजमगढ़ का लोकसभा उपचुनाव भी जीते। जितने भी चुनाव हम जीत रहे हैं वह प्रदेश की ताकत है प्रदेश की पहचान है। प्रदेश के युवाओं के सामने जो पहचान का संकट पिछली सरकारों ने खड़ा किया उस संकट से उबारने का जो काम है, वह भाजपा की सरकार ने किया है। युवा उनके पास भी थे लेकिन उनके युवाओं को प्रदेश की जनता और देश की जनता किस रूप में देखती थी, ये किसी से छिपा नहीं है। युवा मोर्चा का कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र के प्रति विकास के लिए काम करता है।

## महाराष्ट्र में शिंदे मंत्रिमंडल...

अधिकतर विधायकों को शामिल करना मुश्किल काम होगा। पिछले एक महीने में शिंदे सात बार दिल्ली का दौरा कर चुके हैं और हर बार दौरे के बाद मंत्रिमंडल विस्तार की अटकलें लगाई जाती रही हैं। शिंदे गुट से भरत गोगावाले और शंभूराज देसाई के नाम चर्चा में हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी से प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल, सुधीर मुनगंटीवार, गिरीश महाजन, राधाकृष्ण विखे पाटिल, सुरेश खाड़े और अतुल सावे को शामिल किए जाने की संभावना है। शिंदे ने हालांकि कहा कि मंगलवार को मंत्री पद की शपथ लेने वालों के नामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शिंदे ने कहा, इन नामों को आज रात या कल (सुबह) अंतिम रूप दिया जाएगा।

## श्रीकांत त्यागी पर 25...

लेकर शुक्रवार को आईपीसी की धारा-354 (किसी महिला पर हमला या बल का प्रयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया था। महिला ने त्यागी द्वारा नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए सोसायटी के कॉमन एरिया में कुछ पेड़ लगाने पर आपत्ति जताई थी। त्यागी ने भाजपा से जुड़े होने का दावा किया था जबकि पार्टी ने उसके साथ किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया था। शुक्रवार रात से वह फरार है।

## जेईई-मेन में 24...

तेलंगाना में 100 अंक हासिल करने वालों में रूपेश बियानी, धीरज कुरुकुंडा, जस्ती यशवंत वी.वी.एस, बुसा शिवा नागा वेंकट आदित्य और अनिकेत चट्टोपाध्याय शामिल हैं। आंध्र प्रदेश में मेंडा हिमा वामसी, कोय्याना सुहास, पल्ली जलाजाक्षी, पेनीकलापति रवि किशोर, पोलीसेट्टी कार्तिकेय ने 100 अंक हासिल किए हैं। सौ अंक हासिल करने वाले अन्य परीक्षार्थियों में सार्थक माहेश्वरी (हरियाणा), कुशाग्र श्रीवास्तव (झारखंड), मृणाल गर्ग (पंजाब), स्नेहा पारीक (असम), बोया हरसेन सात्विक (कर्नाटक) और सौमित्र गर्ग और कनिष्क शर्मा (उत्तर प्रदेश) शामिल हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दो सत्रों के लिए 10.26 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

## यूजीसी-नेट के दूसरे...

यूजीसी-नेट की परीक्षा के पहले चरण का आयोजन किया था। उन्होंने कहा, दूसरे चरण की परीक्षा का आयोजन 12, 13 और 14 अगस्त 2022 के बीच किया जाना था। अब यूजीसी-नेट दिसंबर 2021 और जून 2022 (मिला दिए गए चक्र) की अंतिम चरण की परीक्षा 20 से 30 सितंबर 2022 के बीच आयोजित की जाएगी, जिसमें 64 विषय शामिल हैं।

## नायडू को भावुक विदाई...

विदाई भाषणों के बाद ऊपरी सदन को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, 'हम दुश्मन नहीं प्रतिद्वंदी है।' सदन के संचालन पर नायडू ने कहा कि मैंने सभी को शामिल करने का प्रयास किया तथा दक्षिण, उत्तर, पूर्व, पश्चिम, पूर्वोत्तर सभी पक्षों को मौका दिया। आप में से प्रत्येक को समय दिया गया। उन्होंने सदस्यों से सदन में व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील की। उप राष्ट्रपति पद के लिए अपने चुनाव पर उन्होंने कहा कि जिस दिन प्रधानमंत्री ने उन्हें इस फैसले के बारे में बताया, उस समय उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने कहा ' मैंने इसकी मांग नहीं की थी। पार्टी ने जनादेश दिया, मैंने उसे स्वीकार किया और पार्टी से इस्तीफा दे दिया।। आंसू इसलिए कि मुझे पार्टी छोड़ना पड़ा।' नायडू को उच्च सदन में विदाई देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्होंने हमेशा संवाद को प्रोत्साहित किया और कई ऐसे मानदंड स्थापित किए जो एक विरासत के रूप में उनके उत्तराधिकारियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## तय समय से चार दिन...

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में उपस्थित थे। लोकसभा सचिवालय के एक वक्तव्य के अनुसार, मानसून सत्र में सभा की कार्य उत्पादकता 48 प्रतिशत रही। बिरला ने कहा कि सत्र के पहले दिन सदन के चार नए सदस्यों ने शपथ ग्रहण की, जिसके बाद अब सदन में एक भी स्थान रिक्त नहीं है। बिरला ने बताया कि इस सत्र में सदन में छह सरकारी विधेयक पेश किए गए और कुल मिलाकर सात विधेयक पारित किए गए जिनमें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक 2022, वन्यजीव संरक्षण संशोधन विधेयक 2022, केंद्रीय विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2022 और ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक 2022 शामिल हैं।

# काशी विश्वनाथ धाम में जल चढ़ाने के लिए उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## गौदोलिया से लेकर छत्ताद्वार गेट तक पूरा कांवड़ियों व श्रद्धालुओं का केवल सिर दिखाई पड़ रहा था मानों पूरा पूर्वांचल उमड़ पड़ा हो

● शाम को सायं काल श्री काशी विश्वनाथ एवं माॅ पार्वती को रूद्राक्ष का विहंगम श्रृंगार किया गया था, अलौकिक दृश्य था

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**सावन** के चौथे और अंतिम सोमवार को श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बैरिकेडिंग में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। इनमें दूर-दराज से आए पुरुष व महिला कांवड़िया भी रहीं। बाबा के दर्शन के लिए रविवार मध्य रात से ही कतार लग गयी थी जो सोमवार तक अटूट चलती रहेगी।भक?तों ने दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान के बाद पात्रों में जल भरकर काशी विश्वनाथ मंदिर की ओर रवाना हुए। इस दौरान दशाश्वमेध, काशी विश्वनाथ मंदिर, चौक, ज्ञानवापी आदि मार्गों पर बोल बम व हर हर महादेव का उद्घोष भी करते रहे। मंदिर के गेट नंबर चार से गोदौलिया और मैदागिन तक स्टील की बैरिकेडिंग लगाई है। इसी बैरिकेडिंग से होकर श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश कर रहे हैं।दूर-दराज से नंगे पांव आये कांवड़ियों में से कुछ की वेशभूषा भी निराली रही।वहीं गंगा के सलिल धारा में भक्त की डुबकियां लगाने की होड़ दिखी।सावन के चौथे सोमवार को बाबा श्री काशी विश्वनाथ रुद्राक्ष श्रृंगार में दिखते हैं। वैसे तो बाबा श्री काशी विश्वनाथ का प्रतिदिन फूल-मालाओं से श्रृंगार होता है, लेकिन सावन के सभी सोमवार पर बाबा एक अलग ही रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। सावन के चौथे सोमवार को बाबा का श्रृंगार रुद्राक्ष से किया जाता है, जो बड़ा ही अद्भुत और आकर्षक होता है। यह श्रृंगार शाम के समय भोग आरती से पूर्व किया जाता है। इससे पूर्व पूरे मंदिर परिसर को भी फूल पत्ती मालाओं के साथ ही रुद्राक्ष से भी सजाया गया है।

**वाराणसी शहर में ट्रैफिक डायवर्जन:** सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाराणसी शहर में ट्रैफिक्र डायवर्जन है। ऐसे में सोमवार को घर से निकलने से पहले डायवर्जन एक बार जरूर देख लें। गोदौलिया, मैदागिन, गिरजाघर की ओर नो व्हीकल जोन है। सिर्फ पैदल ही आवाजाही कर सकेंगे।लेकिन पुलिस वालों को वाहनों से छूट थी।वहीं मीडिया वालों को जाने पर रोक लगी थी। मैदागिन से आगे केवल पैदल जाने व पुलिस वालों को वाहन से अनुमति थी, वहीं मीडिया को जाने पर रोक लगी रही। जौनपुर से आने वाले श्रद्धालुओं को बाबतपुर, तरना, गिलट बाजार, भोजूबीर तिराहा, दैत्रावीर, वरुणा ब्रिज, अंधरापुल चौराहा, तेलियाबाग तिराहा, लहुराबीर चौराहा, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा तक और इसके आगे सिर्फ पैदल जा सकेंगे। वहीं वर्दीधारी परिवार के लोगों को लेकर अपने बाइक से विश्वनाथ जी जा रहे थे तथा मीडिया वालों को जाने पर रोक लगी थी क्योंकि पुलिस वाले सरकारी दामाद हैं। आजमगढ़ से आने वाले चोलापुर, लालपुर पुलिस चौकी, पांडेयपुर चौराहा, हुकुलगंज, ताड़ीखाना तिराहा, चौकाघाट चौराहा से तेलियाबाग, जगतगंज, लहुराबीर, कबीरचौरा, मैदागिन चौराहा तक आएंगे। इसके बाद पैदल यात्रा कर सकेंगे। गाजीपुर-आशापुर मार्ग आशापुर चौराहा, कज्जाकपुरा, भदऊचुंगी, मच्छोदरी कोतवाली, मैदागिन चौराहा तक आएंगे। इसके बाद पैदल ही आगे जा सकेंगे।

## दो दिवसीय ग्रामीण क्वालिटी सर्किल प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर द्वारा सीएसआर के तहत क्वालिटी सर्किल फोरम ऑफ इंडिया क्यूसीएफआई द्वारा आसपास के ग्रामीणों के व्यक्तित्व विकास हेतु दो दिवसीय ग्रामीण क्वालिटी सर्किल प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यशाला में आरिफ खान क्वालिटी चौंपियन एवं क्यूसीएफआई के लीड ऑडिटर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। क्वालिटी सर्किल कार्यशाला में आस-पास के गाँव के 7 टीमों के 35 युवाओं ने प्रतिभागिता की एवं इसमें से चयनित चार टीमे सितम्बर माह में क्षेत्रीय स्तरके क्यूसीएफआई में प्रतिभागिता करेंगी। क्वालिटी चौंपियन, क्यूसीएफआई आरिफखान, के कुशल मार्गदर्शन में टीम आकांक्षा ग्राम तेलगावाँ टीम ग्राम विकास ग्राम तेलगावाँ टीम ग्राम दर्शन चिल्काडांड टीममाँ ज्वाला चिल्काडांड टीमप्रगति ग्राम गहीलगढ़ टीम फील गुड परसवार राजा टीमटाइगर क्वालिटी कोटा ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यशाला से ग्रामीण युवाओं में उत्साह दिखा एवं उन्होने एनटीपीसी सीएसआर की इस सार्थक गतिविधि की सराहना की। इस अवसर पर ओम प्रकाश, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन कुमार आदर्श सीएसआर कार्यपालक एनटीपीसी सिंगरौली हरीश वर्मा एसोसिएट कर्मचारी विकास केंद्र एस सिद्दीकी एसोसिएट कर्मचारी विकास केंद्र एनटीपीसी सिंगरौली उपस्थित रहें।

# श्रृंगार गौरी को जलाभिषेक करने जा रहे शिवसैनिक कार्यकर्ता हुए गिरफ्तार



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**शिवसेना** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के अंतिम सोमवार को शिवसैनिक बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक माता श्रृंगार गौरी का दर्शन पूजन करने के लिए सैकड़ों शिवसैनिक दशाश्वमेध घाट पर शिवसेना गंगाजल लेकर के बाबा विश्वनाथ मंदिर के लिए जुलूस के रूप में निकले तथा जुलूस में नारा लग रहा था। बाबा हम आएंगे जल वही चढ़ाएंगे, माता श्रृंगार गौरी का दर्शन की अनुमति दो नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे तभी प्रशासन व पुलिस बल भारी फोर्स के साथ शिव सैनिकों को गोदौलिया चौराहे पर रस्सी लगाकर रोक दिया गया। इस रोकने का विरोध भी हम लोगों ने किया वह चौराहे पर धरना भी दिया। धरना में पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद नाराजगी जताया गया उसके बाद शिवसैनिकों की गिरफ्तारी कर लिया गया। जुलूस व कार्यक्रम का नेतृत्व अजय चौबे राज्य उपप्रमुख जुलूस का नेतृत्व किया। जुलूस में मुख्य रूप से धनंजय तिवारी, बबलू साहू, डॉ राजाराम तिवारी, हरिनारायण, वचनु विश्वकर्मा, बबलू साहू, गुलाब सोनकर, राजू आदि सैकड़ों कार्यकर्ता बाल सेना उपस्थित थे।

# ब्लाक प्रमुख ने किया छठ पूजा घाट का शिलान्यास



**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा जरहां परिक्षेत्र मौजूद अंजीरनदी के तट पर सुरम्य वातावरण में बने अजीरेश्वर धाम व राधाकृष्ण मंदिर में सोमवार को ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह गोड़ ने मत्था टेककर जलाभिषेक किया। तथा भूतभावन शंकर व राधा कृष्ण से अपने परिजनों व देश के सलामती के लिए प्रार्थना किया। इस अवसर पर जनहित को ध्यान में रखते हुए मंदिर के समीप बह रही अंजीर नदी के तट पर हिन्दूओ के पावन पर्व को मनाने के लिए छठ पूजा घाट का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा व अन्य घाट का विस्तार भी सुनियोजित तरीके से किया जाएगा। जो जनहित में अति आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्यरूप से मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बघेल, गणेश शर्मा, डॉ0 राम प्रसाद सिंह गोड़, मंदिर के पुजारी, मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्यगण तथा क्षेत्र के तमाम सम्भ्रांत नागरिक उपस्थित थे। सावन माह के अंतिम सोमवार को शंकर भगवान के दर्शन व जलाभिषेक करने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भीड़ अजीश्वर धाम में भोर से ही उमड़ी हुई दिखाई दे रही थी। यही आलम क्षेत्र के अन्य ग्राम सभाओं में स्थित विभिन्न शिव मंदिरों में भी देखने को मिल रही थी।

# हर घर तिरंगा संदेश को लेकर पुलिस ने निकाला तिरंगा यात्रा



**सकलडीहा चन्दौली।** स्वतंत्रता के 75 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव का रंग दिखने लगा है। रविवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सीओ अनिरूद्ध सिंह ने तिरंगा संदेश यात्रा के तहत मोटर साइकिल से तिरंगा यात्रा निकाला। लोगों को राष्ट्र व तिरंगा प्रेम के प्रति जागरूक करते हुए हर घर तिरंगा लहराने का संदेश दिया। सीओ अनिरूद्ध सिंह के साथ कोतवाल विनोद मिश्रा सहित पुलिस कर्मियों ने मोटर साइकिल के माध्यम से सधन तिराहा से तिरंगा यात्रा निकाला। भारत माता की जयकारा लगाते हुए सकलडीहा कस्बा से होते हुए पदुमनाथपुरए तेनुवटए चतुर्भुजपुरए कम्हारीए नरैनाए पौराए नईबाजार से भोजापुर टिमिलपुरए नागेपुर होते हुए सीओ कार्यालय में समाप्त हुआ। सीओ अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि हर घर तिरंगा संदेश को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गयी है। इस मौके पर कोतवाल विनोद मिश्राए चौकी प्रभारी भूपेश चन्द्र कुशवाहाए भैरोनाथ यादवए मोहन प्रसादए मनोज सिंहए बीरचंद यादवए संदीप तिवारीए दिनेश सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## युवक मंगल दल कांवरिया संघ ने किया जलाभिषेक

**सोनभद्र।** युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संगठन युवक मंगल दल के जिलाउपाध्यक्ष संतपति मिश्रा के नेतृत्व में कांवरियां संघ ने सदर ब्लॉक के कंडाकोट से जलभरकर सेंधुरी ग्राम पंचायत के राजश्व गांव मड़रा के प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बता दें कि युवक मंगल दल एंव युवा भारत संगठन के कार्यकर्ता विगत कई वर्षों से पारम्परिक तरीके से कांवर यात्रा कर प्राचीन शिव मंदिर के शिवलिंग पर जल चढ़ाकर पूजन अर्चन करते है।उक्त अवसर पर संतपति अवधेश मिश्रा अजित संगम शनि सुमेर जोखन बागेश्वर लालता राकेश गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूकों बैंक ने 'हर घर तिरंगा' का रोड शो निकाला एवं लोगों को जागरूक किया



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अवसर पर यूकों बैंक वाराणसी में चितईपुर, रामनगर एवं सारनाथ तीन नई शाखाएं शीघ्र खोल रहा है। इस अवसर पर रविवार को यूकों बैंक, अंचल कार्यालय, वाराणसी द्वारा ' हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से चितईपुर शाखा से एक रो शो निकाला गया। रो शो के दौरान ' हर घर तिरंगा' एवं वंदे मातरम् के नारों के साथ यूकोजन ने लोगों में तिरंगा वितरित किया एवं सभी को अपने घरों पर तिरंगा लगाने- फहराने का संदेश दिया। रोड शो का नेतृत्व उपमहाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख घनश्याम परमार, उप अंचल प्रमुख गजेन्द्र कुशवाहा, चीफ मार्केटिंग आफिसर वेद प्रकाश, वाराणसी नगर स्थित शाखाओं के स्टाफ सदस्य थे। लोगों ने यूकों बैंक के प्रयास की सराहना की एवं अपना समर्थन दिया।

## बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया जागरूकता

**धानापुर चन्दौली।** आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत चल रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को कस्बा स्थित केवी ओरिएंटल कालेज के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय परिसर से निकली रैली में शामिल बच्चों ने हाथों में जागरूकता से प्रेरित स्लोगन लेकर कस्बे में भ्रमण किया। शहीद स्मारक पार्क में पहुंच कर बच्चो एवं शिक्षकों द्वारा बलिदानियों के प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया गया। इसके बाद बच्चों ने शहीद स्मारकए पठाननटोली एवं नरौली सहित जगह जगह नुक्कड़ नाटक कर स्वच्छता अपनाते हुए उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। बच्चों ने कहा कि हम सभी जब जागरूक होंगेए तभी देश व समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। थाना चौराहे पर नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता अभियान के महत्व को लोगो के समक्ष बेहतरीन ढंग से प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यालय के सह निदेशक आतिफखान ने बच्चो को आजादी से जुड़ी इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रधानाचार्य दीपक विश्वकर्मा, रोशनी सिंह,असद खान, मु0 आरिफ राहुल कुमार, राकेश कुमार, अमन कुमार, काजल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्वकल्याण एवं राष्ट्रबन्धुत्व के लिये कुलपति ने किया ऐतिहासिक अतिप्राचीन मन्दिर मे सपत्नीक रुद्राभिषेक

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने श्रावण मास के अन्तिम सोमवार को विश्व कल्याण, राष्ट्र कल्याण एवं संस्कृत यश के लिये विश्वविद्यालय परिसर मे स्थित ऐतिहासिक पंच मन्दिर में विशिष्ट पण्डितों के सान्निध्य में सपत्नीक बादामी त्रिपाठी के साथ रुद्राभिषेक पाठ-पूजा किया एवं मन्दिर परिसर में दुर्लभ प्रजाति का पौधा(नागलिंगम) रोपित किया। कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने बताया कि काशी में श्रावण मास के अन्तिम सोमवार को बाबा भोलेनाथ के नगर में इस परिसर मे स्थित ऐतिहासिक अति प्राचीन पंच मन्दिर में भगवन शिव के पूजन मे रुद्राभिषेक आदि कर भोले बाबा से राष्ट्र कल्याण,विश्वविद्यालय परिवार मे सुख शान्ति और कल्याण के अभिवृद्धि की कामना की गयी।

### कुलपति ने किया पत्नी संग दुर्लभ प्रजाति का पौधारोपण



कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी के साथ उनकी धर्म पत्नी श्रीमती बादामी देवी त्रिपाठी ने मिलकर मन्दिर परिसर में दुर्लभ प्रजाति के 'ष्नाग लिंगमष' का पौधारोपण कर शिव जी को समर्पित किया।इस पौधे की विशेषता है कि यह सदैव पर्यावरण को शुद्ध तथा लोगों को रोगमुक्त एवं सुखशान्ति प्रदान करने वाला है। उक्त अवसर पर डॉ भावेश,डॉ राजकुमार मिश्र एवं डॉ सच्चिदानंद आदि उपस्थित थे।

## ग्राहकों को लाभ देने के लिए विशेष पहल

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मेक** इन इंडिया की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए भारतीय एक्सपोर्टर्स ने अपने बिज़नेस में लगभग प्रतिशत प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की और हजारों मेड इन इंडिया उत्पाद पूरी दुनिया के ग्राहकों को बेचे। मौजूदा समय में भारतीय बिज़नेसों के सामने आई आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद इस शॉपिंग ईवेंट ने भारतीय एक्सपोर्टर्स को पूरी दुनिया के बाजारों में पहुँचने और भारतीय ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने का एक बड़ा अवसर प्रदान किया।

## टीचर एम्पावरमेंट के लिए कार्यक्रम आयोजित

**वाराणसी।** शहर में शिक्षकों के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में, 75 वर्षों से प्रकाशन के क्षेत्र में सुप्रसिद्ध ओरियंट ब्लैकस्वॉनने शिक्षकों के लिए 'सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट' के लॉन्च की घोषणा की। यह एक डिजिटल हब है जहाँ शिक्षक अपनी पेशेवर क्षमताओं में वृद्धि के लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। ओरियंट ब्लैकस्वॉन सेंटर फॉर प्रोफेशनल डेवलपमेंट (सीपीडी) द्वारा पेश किए गए ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों के समृद्ध और उच्च गुणवत्ता वाले चयन से शिक्षकों कोअपनी आयु, अनुभव और शैक्षणिक योग्यता की परवाह किए बिना स्वयं को अपस्किल बनाने में मदद मिलती है।

# जन्म से छह माह तक मां का दूध ही होता है बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार

● लेटकर स्तनपान कराने से हो सकता है कान में इंफेक्शन

संवाददाता। मीरजापुर

स्तनपान के एक नहीं हजार फायदे हैं। इससे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। हांए स्तनपान के दौरान बच्चे का सिर स्तन से ऊंचा या 45 डिग्री के कोण में रखना चाहिए। डाक्टरों की राय में इसीलिए बैठकर स्तनपान कराना सबसे उचित होता है। लेटकर स्तनपान कराने से कान का इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे में मांओं को इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। स्तनपान कराने का असर ये होता है कि इससे शिशु मृत्युदर में भी कमी आएगी।

यह बताने की जरूरत नहीं स्तनपान सप्ताह चल रहा है। ऐसे में महिलाओं को विशेष जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।मसलनए स्तनपान के फायदे बताए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने बताया कि शिशु को दूध पिलाने के बाद तुरंत बिस्तर पर नहीं लिटाना चाहिएए क्योंकि ऐसी स्थिति में शिशु पिया गया दूध मुंह से निकाल सकता है। दूध पिलाने के बाद उसे कंधे पर लेकर पीठ पर धीरे.धीरे हाथ फेरें। इससे बच्चे के पेट में दूध का पाचन होता है। जन्म के तुरंत बाद बच्चे को कराया गया स्तनपान कई रोगों से लड़ने की क्षमता देता है। बच्चे में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। वह रोगों से लड़ने में समर्थ हो जाता है। यही नहींए आगे चलकर भी बच्चा स्वस्थ रहता है। हर मां को अपने बच्चे को कम से कम छह माह तक केवल अपना ही दूध पिलाना चाहिए। शिशु की अच्छी सेहत के लिए सभी माताओं को बच्चों को अपने दूध का ही सेवन कराना चाहिए। शांति त्रिपाठी ने बताया कि स्तनपान के लिए विभिन्न माध्यमों से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के साथ सभी आशा कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में गर्भवती को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

# देशभक्ति के रंग में रंगे एनसीएल के कार्यस्थल



संवाददाता। सोनभद्र

**नॉर्दर्न** कोलफील्ड्स लिमिटिड एनसीएल देश की आजादी के 75 वें वर्ष को पूरी धूम धाम से मना रही है। कंपनी आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शुरू किए गए देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान का व्यापक स्तर पर प्रचार व प्रसार कर रही है और अपने कर्मियों संविदा कर्मियों व आस पास के नागरिकों को दिनांक 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक अपने घरों में तिरंगा फहराने का आह्वान कर रही है। सोमवार को एनसीएल के निगाही क्षेत्र के महाप्रबंधक हरीश दुहान के नेतृत्व में निगाही खदान में तिरंगा रैली निकाली गयी। इस दौरान उपस्थित कर्मियों ने हाथों में तिरंगा झण्डा लेकर खदान का भ्रमण किया और साथ ही बलराम व कृष्णा ड्रैगलाइन तथा 190 टन डम्पर पर पहुंच कर तिरंगा फहराया। इस दौरान निगाही क्षेत्र के महाप्रबंधक वि एवं या एके सिंह स्टाफअधिकारी सिविल सुधीर मेहता स्टाफअधिकारी कार्मिक पी.के.जैन, श्रमिक व अधिकारी संघ के प्रतिनिधि विभिन्न अनुभाग के इंचार्ज सहित अन्य कर्मी शामिल हुए। हर घर तिरंगा अभियान के तहत एनसीएल अपने कर्मियों, संविदा कर्मियों व आस पास के क्षेत्र में लगातार राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध करा रही है।

# एफएसडीए टीम के की छापामारी सात दुकानों से एकत्र किया नमूना

संवाददाता। मीरजापुर

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा आगामी विभिन्न त्यौहारो के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिये खाद्य पदार्थो की दुकानो पर अभियान चलाकर जॉच के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देश के क्रम में आगामी सावन पर्व के अवसर पर जनपद मीरजापुर में सोमवार से गुरुवार तक मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थ के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेषकर दूध एवं दुग्ध उत्पाद से निर्मित मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थ आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्ययक आयुक्त ;खाद्यद्ध द्वितीय मंजुला सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सुमन कुमार मिश्र के नेतृत्व में अभियान चलाया गया जिसके तहत सोमवार को जनपद से सात नमूना संग्रहित किये गये। निरीक्षण के दौरान नितिन कुमार गुप्ता पुत्र रामनरायन गुप्ता, गोलाबाजार, चुनार मीरजापुर से एक वनस्पति का नमूना लिया गया। गौरव कुश्वाहा पुत्र मन्नु लाल, गोलाबाजार, चुनार मीरजापुर से एक नमकीन का नमूना लिया गया। नरैन हास्मी पुत्र सुकुरुल्लाह, गोलाबाजार, चुनार मीरजापुर से एक बेसन का नमूना लिया गया। बाबा मिष्ठान भण्डारए चुनार मीरजापुर से दो मिठाई के नमूने लिए गये तथा बाबा मिष्ठान भण्डार चुनार को साफसफाई करने एवं पंजीकरण के स्थान पर लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिये गये। देवी कुमार पाण्डेय पुत्र स्व. भग्गन पाण्डेय अधवार मीरजापुर से एक रिफाइण्ड सोयाबिन आयल का नमूना लिया गया, सुरेश चन्द्र केशरवानी पुत्र स्व. शिवपाल केशरवानी, अधवार चौराहा, मीरजापुर से एक रिफाइन्ड सोयाबिन आयल का नमूना लिया गया।

# जांच शिविर में कम उम्र के सिपाहियों का लो और हाई रहा बीपी



संवाददाता। सकलडीहा चन्दौली

**सीओ** कार्यालय में रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिक के साथ पुलिस कर्मियों ने विभिन्न प्रकार की जांच कराया। जांच में कम उम्र के पुलिस कर्मियों की बीपी हाई और लो रहा।

सीओ अनिरूद्ध सिंह की पहल पर सीओ कार्यालय में विमता लैब के तत्वाधान में सुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, आंख और दांत की निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सकलडीहा सर्किल के विभिन्न थाना और चौकी के पच्चास से अधिक पुलिस कर्मियों के अलावा आम लोगों ने जांच कराया। जांच के दौरान कम उम्र के 15 पुलिस कर्मियों की बीपी हाई और दस पुलिस कर्मियों की बीपी लो रहा। जांच और चिकित्सा कर्मियों ने पुलिस कर्मियों को विभिन्न प्रकार की समस्या से निजात दिलाने के लिये खुश रहने और खान पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह दिया। इस मौके पर सीओ अनिरूद्ध सिंह,डीएमएलटी शिवा, शशीकांत, उदयभान,नीरज, संजय सहित अन्य मौजूद रहे।

# नीति आयोग बैठक

## अनुचित बहिष्कार

**नीति** आयोग की शासी परिषद की सातवीं बैठक रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई। नीति आयोग की बैठकें राजनेता वर्ग के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श का अच्छा अवसर हैं। शासी परिषद में प्रधानमंत्री व सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत विधायिका वाले संघशासित क्षेत्रों के मुख्यमंत्री, अन्य संघशासित क्षेत्रों के उप-राज्यपाल, पदेन सदस्य, नीति आयोग के उपाध्यक्ष तथा नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री इसमें विशेष रूप से आमंत्रित होते हैं। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के बाद यह नीति आयोग की शासी परिषद की पहली बैठक थी जिससे इसका महत्व और बढ़ जाता है। इसके एजेंडे में सर्वोच्च स्थान कृषि, खासकर तिलहन व दालों में आत्मनिर्भरता को मिला था। सम्मेलन में विचारार्थ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा शहरी प्रशासन शामिल थे। सरकार चाहती थी कि परिषद इन विषयों पर एक रोडमैप तथा लक्ष्योन्मुख कार्य योजनायें तैयार करे। इसलिए सभी दृष्टिकोण से यह एक बहुत महत्वपूर्ण बैठक थी, लेकिन दुर्भाग्य से इसका राजनीतीकरण कर दिया गया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने घोषणा की कि वे बैठक में भाग नहीं लेंगे। वे इसे केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों के खिलाफ भेदभाव की वर्तमान प्रवृत्ति के कठोर विरोध के रूप में दर्ज कराना चाहते थे जहां उनको समान साझीदार नहीं माना जाता है। भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल होने नहीं आए। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नव-निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अभिनंदन में आयोजित रात्रिभोज में भी भाग नहीं लिया था।



राजनीतिक पार्टियों ने कुछ मुख्यमंत्रियों की अनुपस्थिति पर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगांएगी। लेकिन इससे मामला ज्यादा गर्म नहीं होगा क्योंकि राजनीतिक क्षेत्र में पहले से ही काफी गरमी मौजूद है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि राजनीति गिर कर 'छुद्र राजनीति' तक पहुंच गई है जहां किसी प्रकार लाभ प्राप्त करना तथा स्वयं को ऊपर रखना ही महत्वपूर्ण हो गया है। ऐसी चीजें लोकतंत्र में होती हैं, पर वहां विधायिका के कक्षों में तथा उनके बाहर सार्थक चर्चा तथा समुचित सूचनाओं के आधार पर सार्थक बहस भी होती है। लेकिन दुःख है कि अब भारत में यह स्थिति नहीं है। स्वयं को ही उचित मानने की बीमारी सभी पार्टियों में फैल गई है। अब विरोधी राजनेता को अलग विचार वाले व्यक्ति के बजाय दुश्मन की तरह देखा जाता है। नीति आयोग शासी परिषद एक उचित मंच है जहां केन्द्र व राज्य सरकारों के सभी नेता अपनी बात रखने के साथ ही नीतियां बनाने व उनके क्रियान्वयन में आने वाली समस्यायें रख सकते हैं। इसमें आने से इनकार करने वाले मुख्यमंत्रियों ने वास्तव में देश को यह बताने का अवसर खो दिया है कि उनके खिलाफ कैसे भेदभाव हो रहा था। एक प्रकार से उन्होंने स्वयं को एक बड़े राष्ट्रीय मंच से गायब कर दिया है। केन्द्र को भी इस मामले में थोड़ी गलती स्वीकार करनी चाहिए क्योंकि उसके कुछ कृत्यों या काम न करने से अविश्वास का माहौल बना है। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियों को कुछ महत्वपूर्ण सवालो पर विचार करना चाहिए। क्या उनके बीच होने वाले सभी संवाद अहंकारी घृणा व स्वयं को सही ठहराने की भावना से होने चाहिए? क्या उनको हमेशा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने चाहिए? उम्मीद करनी चाहिए कि सभी मुख्यमंत्री नीति आयोग शासी परिषद या ऐसे ही किसी आयोजन की अगली बैठक में भाग लेंगे।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने रक्षा आत्मनिर्भरता पर बहुत जोर दिया है। इससे हमारी सशस्त्र सेनाओं की तैयारी में आमूल परिवर्तन आ सकता है।



**निष्ठा कौशिकी**
(लेखिका पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)



समकालीन युद्ध के मैदान परंपरागत व हाइब्रिड युद्ध का जटिल मिश्रण होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुरक्षा लक्ष्यों को पुनः निर्धारित कर तथा सुरक्षा प्रशासन में मूलभूत परिवर्तनों की राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित कर राष्ट्रीय सुरक्षा नीति निर्माण में असाधारण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण पूरी तरह भारत-केन्द्रित है। उनकी एक उल्लेखनीय उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल है। मई, 2020 में शुरू इस पहल का उद्देश्य भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। जिस प्रकार सेनिक मामलों में क्रांति-आरएमए ने युद्धों की प्रकृति मैकेनिकल से बदल कर एलेक्ट्रानिक कर दी है उसी प्रकार विभिन्न प्रणालियों के आयात ने रक्षा प्रणालियों को हैकिंग जैसी अनेक आपदाओं का निशाना भी बना दिया है। अतिरिक्त हिस्से पुर्जों व किसी खास प्रणाली पर निर्भरता के कारण नई टैक्टिकल व भू-राजनीतिक जटिलतायें भी पैदा हुई हैं। यह समस्या हाइब्रिड युद्ध क्षेत्र में नए घटनाक्रमों से और जटिल हुई है जिसमें नशीले पदार्थों तथा छोटे हथियारों की स्मगलिंग के लिए ड्रोन का प्रयोग होने लगा है। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धि-एआई का दुष्टतापूर्ण प्रयोग भी हो रहा है।

इस दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित नीति ठोस आधार पर तथा समय की आवश्यकता है। 2020 में जब हम कोरोना वैश्विक महामारी की जकड़ में थे तथा विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई श्रृंखलाओं का प्रभाव दिख रहा था, उसी समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आपदा को अवसरों में बदलने' के प्रयोग से 'आत्मनिर्भर भारत' योजना शुरू की। आधिकारिक रूप से नीति की घोषणा करने से पहले प्रधानमंत्री ने 2018 में रक्षा उत्कृष्टता में पहल-आईडेक्स की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य एक ऐसा रक्षा व एयरोस्पेस परिस्थितिकी तंत्र बनाना था जिसमें आरएंडडी संस्थान, अकादमिया व उद्योग शामिल होते ताकि स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया जा सके। अब ये क्षेत्र खुली चुनौतियों के माध्यम से सीधे सशस्त्र बलों से संबंध स्थापित कर सकते हैं। आर्मी डिजाइन ब्यूरो एक फैसिलिटेटर है और वह स्टार्टअप व एमएसएमई को वित्तीय सहायता देता है। हाल ही आइडेक्स के सौवें अनुबंध पर हस्ताक्षर हुए हैं। स्थानीय फर्मों को अनुमति दिए जाने के साथ ही यह भारत में सिविल-मिलिट्री फ्यूज़न में मील का महत्वपूर्ण पत्थर है।

भारत के रक्षा निर्यात में काफी वृद्धि हुई है और यह 2015-16 में केवल 2,059 करोड़ से बढ़ कर 2021-22 में 13,000 करोड़ हो गया जो पिछले साल की तुलना में 54.1 प्रतिशत वृद्धि है। अनेक सफल केस स्टडी से शानदार नतीजे सामने आए हैं। ऐसे में प्रधामंत्री मोदी की रक्षा क्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियों को रेखांकित करना उचित होगा। पी7 हैवी ड्राप व्यवस्था जैसे छोटे उपकरणों का विकास महत्वपूर्ण है जिससे दुर्गम क्षेत्रों में पहुंच आसान हो गई है। इसके साथ ही नौसेना के लिए विक्रान्त विमानवाहक पोत के विकास से 'आत्मनिर्भर भारत' ने महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यह उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने रूस को उन तकनीकों की रायल्टी का भुगतान रोक दिया है जो पूर्व सोवियत संघ द्वारा हस्तांतरित की गई थीं और बाद में उनका भारत में स्वदेशी निर्माण होने लगा। उदाहरणार्थ प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं टी-72 टैंक का मामला राष्ट्रपति पुतिन के समक्ष उठाया और इसमें आवश्यक परिवर्तन किए गए। इसके साथ ही अगस्त, 2020 व मई, 2021 में रक्षा आयातों की एक प्रतिबंधित सूची तैयार कराई। अप्रैल, 2022 में ऐसी तीसरी सूची की घोषणा हुई। वर्तमान समय में कुल 310 प्रतिबंधित चीजों की सूची बनी है जिनका आयात नहीं होगा। भारतीय सेना अब अश्लेषा राडार से लैस है जो मुख्यतः एक 'लो लेविल लाइटवेट राडार'-एलएलएलडब्लूआर राडार है। यह राडार दुश्मन के नीचे उड़ने वाले हेलीकाप्टरों, लड़ाकू विमानों व यूएवी का पता लगाने में सक्षम है जो नीचे व मध्यम ऊंचाई पर उड़ते हैं। इनका प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों, जैसे मैदानों, रेगिस्तानों, पहाड़ों की चोटियों, आदि में हो सकता है।

वर्तमान समय में यह उत्तरी व पूर्वी सीमाओं पर चीनी पीएलए के खिलाफ संघर्ष में देश की सहायता करता है। वायुसेना के लिए एक्टिव एलेक्ट्रानिकली स्कैंड एरे-एइसा राडार का विकास महत्वपूर्ण है। यह राडार एलेक्ट्रानिक युद्ध में भारत की उत्कृष्ट तकनीकी क्षमता सिद्ध करता है। भारत दुनिया में ऐसी तकनीक रखने वाला पांचवां देश बन गया है। यह राडार 95 प्रतिशत स्वदेशी है और केवल इसकी एक उप-प्रणाली का आयात होता है। अन्य आवश्यक सैनिक उपकरणों में एलसीए तेजस, हवा से हवा में मार करने वाला एस्ट्रा एयर मिसाइल, धरती से हवा में मार करने वाला आकाश तथा लाइट कंबैट हेलीकाप्टर सिस्टम है जो आत्मनिर्भर भारत की सफलता प्रकट करते हैं। पीएलएएन खतरे को देखते हुए नौसेना सुविधाओं को 'स्वावलंबन' के माध्यम से विकसित करने पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है जिसका लख्य 75 प्रतिशत स्वदेशी तकनीकों का विकास है। पुराने युद्धक एलेक्ट्रानिक प्लेटफार्मों, जैसे 'अजन्ता', 'काइट', आदि के उच्चीकरण द्वारा अब अपनी स्थिति बिना बताए दुश्मन के लड़ाकुओं का पता लगाना संभव हो गया है। यह सूची बहुत शानदार है और इसमें पानी के नीचे काम करने वाले सेंसरों से लेकर एलेक्ट्रो-आप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्अम-एफसीएस, विश्वस्तरीय कंबैट मैनेजमेंट सिस्टम-सीएमएस व 'बैटल डैमेज कंट्रोल सिस्टम्स' का विकास तक शामिल है। इसके अलावा 'प्रोजेक्ट 75-इंडिया' का लक्ष्य भावी विमानवाहक पोत व पनडुब्बियां विकसित करना है जो गुणात्मक रूप से भारतीय नौसेना की स्टील्थ क्षमता में वृद्धि करेंगी। पनडुब्बी परियोजना का टैक्टिकल महत्व इस तथ्य से समझा जा सकता है कि हमारे निकटतम रूस व फ्रांस जैसे साझीदारों ने भी एयर इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन-एआईपी तकनीक देने से इनकार किया था जिससे पनडुब्बियां लंबे समय तक पानी के नीचे बने रहने में सक्षम होती हैं। इस प्रकार युद्ध-आधारित अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के रणनीतिक व वित्तीय हितों को भी समझा जा सकता है। कृत्रिम बुद्धि-एआई के क्षेत्र में कुछ स्वदेशी उत्पादनों की ज्यादा चर्चा नहीं हुई है। इनमें गोपनीय रूप से काम करने वाले फेस रिकग्नीशन सिस्टम, पश्चिमी थियेटर के लिए एआई आधारित इंटरसेप्ट मैनेजमेंट सिस्टम-आईएमएस, आईसेंटीनल थ्रेट डिटेक्षन एंड ट्रैकिंग सिस्टम तथा स्वार्म ड्रोन शामिल हैं। ये स्वदेशी उत्पादन हाइब्रिड वारफेयर के खतरों से निपटने में हमारी सहायता करेंगे। आतंकवाद-विरोध में ऐसी तकनीकों के प्रयोग से देश में शांति स्थापित करने में सहायता मिलेगी। अंतरिक्ष ने युद्ध में नया आयाम जोड़ा है। 2019 में डीआरडीओ ने सफलतापूर्वक एंटी-सेटेलाइट-असेट का परीक्षण एक निशाने पर सटीक प्रहार कर किया था। इसके साथ ही डिफेंस इंडिया स्टार्टअप चैलेंज 5.0 के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, क्वांटम तकनीकों, कृत्रिम बुद्धि-एआई व आगुमेंटेड रियलिटी-एआर की पहचान लक्षित क्षेत्रों के रूप में की गई है। 2021 में दो रक्षा औद्योगिक गलियारों-डीआईसी की स्थापना उत्तर प्रदेश व तमिलनाडु में की गई जिससे रक्षा विनिर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा तथा प्रत्येक डीआईसी में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश आएगा। रक्षा अंतरिक्ष एजेंसी व सशस्त्र बल विशेष आपरेशन्स डिवीजन के साथ ही प्रमुख रक्षा अध्यक्ष-सीडीएस व सैनिक मामलों के विभाग-डीएमए की स्थापना की गई है। इनकी संयुक्त कार्रवाई से सुनिश्चित होगा कि अगले 25 साल रक्षा मंत्रालय के लिए 'अमृत काल' होंगे।


नई चुनौतियों को स्वीकार किया गया है। उदाहरण के लिए, बीएसएफ की हैकेथेलान पहल भूमि का उद्देश्य सुरंगों का पता लगाना तथा ड्रोन-रोधी व्यवस्था विकसित करना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हम अगले युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार हों, फिर चाहे वह परंपरागत हो या एलेक्ट्रानिक अथवा दो मोर्चों पर हो। जल्द ही रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत-2 को शुरू किया जाएगा। इसमें सार्वजनिक-निजी साझेदारी-पीपीपी माध्यम से प्रमुख तकनीकों के विकास पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

इससे उत्पादों की टेस्टिंग व प्रमाणन को उदार बनाया जाएगा और यह अतीत के व्यवहारों से अलग होगा। उपरोक्त उदाहरण इस नीति के कुछ योगदान हैं जिनको युवा पीढ़ी को बताना जरूरी है। देश की ऐसी उपलब्धियों को विभिन्न स्तरों पर स्कूली पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए। इससे भावी वैज्ञानिकों में वैज्ञानिक मिजाज को प्रोत्साहन के साथ ही राष्ट्रवाद की भावना का विकास होगा।

# सफलता का पैमाना है आध्यात्मिक प्रगति

"सफलता की सभी लोकप्रिय धारणाएं त्रुटिपूर्ण हैं, और वे हमें बड़ा या स्वतंत्र नहीं बनाती हैं।"

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक आध्यात्मिक शिक्षक हैं)




अपनों के विदा होने पर उनके लिए हमारी क्या आशाएं हैं? कि उन्हें एक बेहतर जन्म मिलता। यह वास्तव में जीवन के दर्शन को परिभाषित करता है। आइए हम आलोचनात्मक रूप से जांच करें कि हम जीवन में सफलता को क्या मानते हैं।

मैं धन से शुरू करता हूं। व्यावहारिक रूप से, हर कोई चाहता है कि उसके पास वांछित सब कुछ प्राप्त करने के लिए बहुत कुछ हो, क्योंकि धन भौतिक वस्तुओं को प्राप्त करने का साधन है, जिसमें आरामदायक जीवन जीने के तरीके भी शामिल हैं। अंतर्निहित विचार किसी भी कीमत पर दुख से बचना और जीवन का आनंद लेना है।

दुख भाग्य से निर्धारित होते हैं और वे अपरिहार्य हैं। ऐपल के सह-संस्थापक स्टीव जॉब्स का 56 वर्ष की आयु में एक लाइलाज बीमारी के कारण निधन हो गया। दौलत ने उसे बीमारी को मात देने में मदद नहीं की।

एक और मानवीय लालसा शक्ति के लिए है, क्योंकि यह दूसरों, स्थितियों आदि पर नियंत्रण की अनुमति देती है। क्या हम सफल होते हैं? हां और ना। हां, सीमित अवधि के लिए, क्योंकि शक्ति भी एक भौतिक अधिग्रहण है। यह पवित्र कार्यों का परिणाम है। एक बार जब वे खत्म हो जाते हैं, तो बिजली चली जाती है। हिटलर अपने सहयोगियों की मदद से पूरे यूरोप और शायद पूरी दुनिया को नियंत्रित करना चाहता था। उसने थोड़े समय के लिए जर्मनी और यूरोप के कुछ हिस्सों पर शासन किया और फिर उससे उसकी शक्ति छीन ली गई। इसने उसे इस हद तक झकझोर दिया कि उसने आत्महत्या कर ली, हां, आत्महत्या।

प्रसिद्धि एक और मानव जाल है। हम सभी ध्यान के लिए तरसते हैं। ऐसी इच्छा



में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जब प्रसिद्धि सफलता का पैमाना बन जाती है, तो हम बुरी तरह गलत हो जाते हैं। माइकल जैक्सन बड़ी सफलता चाहते थे, जिससे जबरदस्त प्रसिद्धि सुनिश्चित हो। वह कुछ समय के लिए तब तक सफल रहा जब तक कि प्रसिद्धि के लिए उसकी अतृप्त भूख ने उसकी जान नहीं ले ली। उन्होंने अधिक से अधिक काम करने में सक्षम होने के लिए अपनी नींद का त्याग किया था। और उसे सोने में मदद करने के लिए उसे दवाएं देनी पड़ीं। खुराक तब तक बढ़ती रही जब तक वह कभी नहीं उठा।

सफलता का चौथा पैमाना सुंदरता है। मॉडल, फिल्मी सितारे आदि को मोटी रकम दी जाती है, क्योंकि सुंदरता बिकती है। मर्लिन मुनरो ने बहुत ही निराशाजनक तरीके से इसके अंधेरे पक्ष का पता लगाया और वह भी आत्महत्या करके मर गई।

पांचवां, स्वतंत्र होना, यानी नियमों से ऊपर होना, सफलता का एक और उपाय है। अखिल भारतीय प्रतियोगिताओं में कुछ टॉपर्स का क्या होता है जब वे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए सभी नियमों की धज्जियां उड़ाते हैं? उन्हें पकड़कर जेल में डाल दिया जाता है। अपने सुख को लम्बा करने का उनका विचार बहुत दुख में समाप्त होता है।

सफलता की सभी लोकप्रिय धारणाएं त्रुटिपूर्ण हैं, और वे हमें बड़ा या स्वतंत्र नहीं बनाती हैं। वे न तो दुख को रोकते हैं और न ही हमारे सुख को स्थायी बनाते हैं। तो सफलता का पैमाना क्या होना चाहिए? जीवन में उन्नति होनी चाहिए। हां, हमें प्रगति की तलाश करनी चाहिए। युवा दिनों में, यह मुख्य रूप से भौतिक प्रगति होनी चाहिए, क्योंकि यह हमें हमारे बाद के वर्षों के लिए अच्छी तरह से स्थापित करेगा। इसके बाद, यह आध्यात्मिक प्रगति होनी चाहिए, चाहे वह कितनी भी छोटी क्यों न हो, क्योंकि यह हमें ईश्वर से जोड़ेगी, जो सब कुछ है (गीता 7.19) और हर चीज का स्रोत श्रेष्ठ है। (10.41) तब, हमारी सभी अंतर्निहित कमियां मायने नहीं रखतीं; हमारे पास जो भी कमी होगी, ईश्वर उसकी पूर्ति करेगा। सौभाग्य से भगवान हमेशा मदद करने के लिए तैयार हैं; हमें केवल उनकी शरण लेने के लिए विनम्र भाव से उनके पास जाना है।

अनगिनत भाग्यशाली आत्माओं के अनुभवों से, जिन्होंने ईश्वर की शरण ली है, हम सीखते हैं कि हम अपने जीवन के सभी पहलुओं में सफल होने लगते हैं। हमारे स्वास्थ्य में इसकी सभी अभिव्यक्तियों में सुधार होने लगता है। शारीरिक रूप से हमें लाभ होता है; मानसिक रूप से हम अजनबी हो जाते हैं; भावनात्मक रूप से हम परिपक्व हो जाते हैं; बौद्धिक रूप से हम बुद्धिमान हो जाते हैं; और आध्यात्मिक रूप से हम आगे बढ़ते हैं। हमारे पारस्परिक संबंधों में सुधार; हम और अधिक उपयोगी हो जाते हैं; और हम एक बेहतर अगले जीवन के लिए तैयार हो जाते हैं।

## आप की बात

### दहशतगर्दी के पीछे पाक वर्दी

**यह** नारा आज पाकिस्तान के गुलाम कश्मीर में गली-गली में गूंज रहा है एवं कश्मीरी वहां पाकिस्तानी सेना के जुल्मों सितम का शिकार हो रहा है। मगर आज भारत का कश्मीर जिस तरह से तिरंगे को लेकर खुशियां मना रहा है वह आज पाकिस्तान को हजम नहीं हो रहा है आज हमारे कश्मीर में दोहरी नागरिकता वाला नियम भी काफी समय पहले खत्म हो चुका है एवं पूरे देश में एक समान नागरिकता है मगर आज गुलाम कश्मीर में नागरिक पाकिस्तानी सेना के जूतों के नीचे कराह रहा है। पाकिस्तानी पत्रकार उमर अलताफ हमेशा भारत के टीवी चैनलों पर आकर भारतीय कश्मीर की बुराई करते हैं, परंतु अपने कश्मीर में हो रही ज्यादतीयों की कोई बात नहीं करते जबकि आज जिस भारतीय कश्मीर के लाल चौक पर दो-तीन साल पहले कोई तिरंगा तक नहीं फहरा सकता था, आज वहां धारा 370 के हटने के 3 साल होने के बाद आज उसी लाल चौक पर बच्चा-बच्चा तिरंगा लहराना चाहता है एवं यह मान कर चलिए के इस बार का 15 अगस्त भी वहां भारतीय कश्मीर घाटी में बहुत शानदार ढंग से तिरंगा झंडा लहराने वाली है, फहराने वाली है। और वहां गुलाम कश्मीर में पाक सेना का कहर, आतंक कम नहीं हो रहा है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### डाटा संरक्षण विधेयक वापस

**अभी** हाल ही में भारत सरकार ने संसद से व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक वापस ले लिया है क्योंकि यह विधेयक देश में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन स्थानों को विनियमित करने हेतु व्यापक कानूनी ढांचे पर विचार करता है। इसके साथ-साथ इस डेटा संरक्षण विधेयक से संबंधित बहुत सारी चुनौतियां हमारे सामने हैं कई लोगों का तर्क है कि डाटा का भौतिक स्थान साइबर दुनिया में प्रासंगिक नहीं है क्योंकि एंक्रिप्शन कुंजी अभी भी राष्ट्रीय एजेंसियों की पहुंच से बाहर हो सकती है। फेसबुक और गूगल जैसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां इसके खिलाफ हैं और उन्होंने डाटा स्थानीयकरण की संरक्षणवाद की नीति की आलोचना की है क्योंकि उन्हें इस बात का डर है कि इसका अन्य देशों पर भी प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इस विधेयक को वापस लेने के बहुत सारे कारण हैं जैसे कि डाटा स्थानीयकरण के मुद्दे एवं हितधारकों की नकारात्मक प्रतिक्रिया। इसके लिए हमें कई प्रयास करने होंगे जैसे कि डाटा को ऐसे रूप में संग्रहित किया जाना चाहिए जिस पर भारत सरकार का भरोसा हो और यह डाटा अपराध की जांच के मामले में सुलभ होना चाहिए।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, चंपावत


### चीन की हेकड़ी

**ताइवान** के पास जो विशेषताएं हैं वे विशेषताएं चीन के लिए सबककारी होंगी? चीन से आकार-प्रकार में छोटा जरूर है, आबादी के मामले में चीन से बहुत छोटा जरूर है परन्तु ताइवान के सैनिक दक्ष और भौगोलिक स्थितियों से परिचित और प्रशिक्षित हैं। ताइवान के पास छोटे हथियारों का एक मजबूत जखीरा है। ताइवान की पहली प्राथमिकता चीनी हमलों से अपने नागरिकों के जीवन की सुरक्षा करना है। चीन ताइवान के चारो तरफ सैनिक अभ्यास कर रहा है। चीन के सैनिक अभ्यास के कारण अंतरराष्ट्रीय वायु और समुद्र यातायात प्रभावित है। चीन ताइवान को हड़पने के चक्कर में अपना भी नुकसान कर सकता है, चीन के तथाकथित आधुनिक हथियारों की मारक क्षमता की पोल खुल सकती है, क्योंकि दशकों से चीनी सेना ने कोई युद्ध लड़ा ही नही है। परन्तु चीन की युद्धक मानसिकता का दुष्परिणाम दुनिया को भी भुगतना पड़ेगा क्योंकि युद्ध की स्तिथि में खाद्य और तेल समस्या बढ़ेगी। किसी भी परिस्थिति में चीन की युद्धक मानसिकता की गर्दन मरोड़नी ही होगी।

– **परमवीर केसरी**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




"**मोदी** जी के नेतृत्व वाले आठ सालों में भारत ने जमीन पर 80 चमत्कार कर दिखाए हैं।

– **गजेंद्र सिंह शेखावत**
जल शक्ति मंत्री

**रोजगारों** में वृद्धि के माध्यम से डेमोक्रेट अमेरिकी परिवारों को प्रभावित करने वाली वैश्विक मुद्रास्फीति से संघर्ष कर रहे हैं।

– **नैंसी पेलोसी**
अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष





**सरकार** ने जीडीपी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को अनदेखा कर केवल सुर्खियां बनाने पर ध्यान दिया है।

– **महुआ मोइत्रा**
टीएमसी सांसद"

# रसायनों का प्रयोग व भण्डारण के खतरों से बचाव की जानकारी के लिए बैठक: डीएम



**अयोध्या।** डीएम/अध्यक्ष जिला संकट स्थित समूह नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद अयोध्या में स्थापित अति खतरनाक कारखानों के प्रतिनिधियों द्वारा उनके कारखाने में विद्यमान रसायनों का प्रयोग एवं भण्डारण व इनसे सम्भावित खतरों से बचाव के दृष्टिगत व्यवस्थाओं की जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर मेसर्स यश पैका लि. दर्शननगर व मेसर्स केएम शुगर मिल्स लि. डिस्टरी डिवीजन मोतीनगर अयोध्या के साथ बैठक आयोजित हुई। आफ साइड इमरजेंसी प्लान के रिहर्सल 17 अगस्त को मेसर्स यश पैका लि. दर्शननगर अयोध्या हेतु घटना को परिकल्पना करके रिहर्सल की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराया जाना है। नियंत्रण कक्ष में कम से कम दो कर्मचारियों की नियुक्ति किया जानाए अन्य अति.खतरनाक प्रक्रिया के कारखानों की सूची एवं उनके सम्पर्क व्यक्तियों तथा विभिन्न विभागों के सम्बंधित अधिकारियों के दूरभाष नम्बर रखना और उन्हें घटना की सूचना देना, अग्नि शमन की व्यवस्था को सुचारू रूप से प्रभावी बनाये जाने एवं अग्नि शमन वाहनों/उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने ट्रैफिक पुलिस व पुलिस के कर्तव्यों के बारे में, नगर निगम तथा जल निगम के पास उपलब्ध संसाधनों, राहत शिविर बनाये तथा राहत कार्यो की देखभाल हेतु कर्मचारी की व्यवस्था किये जाने पर चर्चा की गयी। सीएमओ द्वारा एक चिकित्साधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्ति किया जाना तथा चिकित्साधिकारियों के दल व गठन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था किया जाना, स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी के कर्तव्यों के सम्बंध में चर्चा, परिवहन विभाग द्वारा कर्मकारों व नागरिकों को निष्क्रमण हेतु बस की व्यवस्था सुनिश्चित करना, जिला कृषि अधिकारी द्वारा क्षेत्र में मिट्टी व फसलों में हुये नुकसान का आकलन किया जानाए उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये वायु मण्डल पर पड़ने वाले प्रभाव का आंकलन किया जाये।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रदर्शन से पहले कांग्रेस नेता नजरबंद

**अयोध्या।** नगर में अवैध प्लॉटिंग की खबरों और इससे जुड़ा दस्तावेज वायरल होने के बाद जनता मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रही हैण् इसी मामले को लेकर आज कांग्रेस की शांतिपूर्ण प्रदर्शन और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की योजना थी प्रशासन ने सुबह ही कांग्रेस नेता शरद शुक्ला के आवास पर पुलिस तैनात उन्हें घर में नजरबंद कर दिया गया। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव शरद शुक्ला का कहना है कि जनता से जुड़े मामलों को उठाने के लिए पार्टी सदैव प्रतिबद्ध हैण् लेकिन सत्ता पक्ष अपनी दमनकारी नीतियों के बल पर हमारी आवाज को दबाने का प्रयास कर रहा है।

अयोध्या में जमीनों की अवैध खरीद.फरोख्त के गोरखधंधे के खिलाफ आवाज उठाने के लिए आज कांग्रेस पार्टी ने प्रदर्शन की योजना बनाई थी, इस गोरखधंधे में सत्ता पक्ष के नेताओं के नाम भी सामने आए हैं। कांग्रेस पार्टी पहले दिन से ही इस खुली लूट के विरुद्ध लड़ रही है इसी कारण से कांग्रेस पार्टी की आवाज को दबाने के लिए यह सरकार पुलिस का सहारा लेकर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि बड़ी हास्यास्पद बात यह भी है कि वायरल सूची में जिन लोगों के नाम है उनकी जमीनों की जांच ना करके विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने सूची कैसे लीक हो गई इसकी जांच के आदेश दिए हैं, जबकि इस मामले में न्यायिक जांच की आवश्यकता है। श्री शुक्ल ने आगे कहा की नजरबंद जैसी कार्रवाई से मामले पर पानी डालने की कोशिशों को नाकाम किया जाएगा। जब तक दूध का दूध पानी का पानी नहीं हो जाता कांग्रेस सवाल उठाती रहेगी।

# श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ होगा महायज्ञ योगी आदित्यनाथ होंगे सम्मिलित

**● एक करोड़ तीस लाख पड़ेगी आहुतियां संत सम्मेलन में सभी संप्रदाय के धर्माचार्य होंगे शामिल: जगतगुरु वल्लभाचार्य**



बीच में जगतगुरु वल्लभाचार्य बाय जगतगुरु रामदिनेशाचार्य महंत जनार्दन दास महंत अवधेश दास दाहिने कृपालु रामभूषण दास महंत मनीष दास

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण के साथ अयोध्या में 5 अक्टूबर से प्रारंभ होगा महायज्ञ जिसमें 1 करोड 30 लाख आहूतियां पड़ेगी और 501 जापको द्वारा 13 करोड़ षड़ाक्षर श्री राम मंत्र का होगा जप यह जानकारी श्रीमद जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्रीश्री 1008 स्वामी श्रीवल्लभाचार्य महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि अनन्त: विभूषित गौरांग महाप्रभु प्रेमावतार गुरुदेव सरकार श्री रामहर्षण देवाचार्य महराज द्वारा संपन्न श्रीमंत्रराज अनुष्ठान के रजत जयंती समारोह पर यह आयोजन 5 अक्टूबर से 14 अक्टूबर 2022 तक चलेगा जिसमें 11, 12, 13 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय विश्वस्तरीय विराट संत सम्मेलन होगा, देश के सभी संप्रदाय के सभी धर्माचार्य सम्मेलन में उपस्थित होंगे साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे और डॉ राजेंद्रदेवाचार्य महाराज की श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं श्री रामचरितमानस व श्रीमद् बाल्मीकि रामायण और प्रेम रामायण का पाठ साथ वृंदावन की प्रसिद्ध चैतन्य महाप्रभु की लीला भी होगी। जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य महराज ने बताया कि राम मंदिर के साथ अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय महायज्ञ और सम्मेलन सभी राम भक्तों और सनातन धर्म में एक चेतना जागृत करेगी, वैभव बढ़ाएगी यह आयोजन अलौकिक है जिस को सफल बनाने के लिए अयोध्या के सभी धर्माचार्य एकत्रित होकर कार्य कर रहे है।

## बाइक में लगी आग

**जाना बाजार।** मौसी के घर जा रहे युवक की बाइक में शॉर्ट सर्किट होने के चलते हैं सड़क पर ही आग लग गई। युवक बाइक को किनारे गिराते हुए कूदकर किसी तरह अपनी जान बचा लिया। सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे के आसपास हैदरगंज थाना क्षेत्र के जाना बाजार के पहले मिसरहिया गांव के पास सड़क पर चलते.चलते एक बाइक अचानक ही आग के गोले में बदल गई। बाइक चालक युवक ने समझदारी दिखाते हुए तत्काल बाइक को सड़क के किनारे पटरी पर फेंक कर गड्ढे में कूद गया। जिससे उसे हल्की-फुल्की चोटें आई। वही देखते ही देखते मोटरसाइकिल धू.धू कर जल गई। इस दौरान आते जाते राहगीरों का जमावड़ा लग गया। बाइक सवार युवक ने बताया कि उसका नाम संदीप कुमार पुत्र सोमनाथ गौड़ है। वह अंबेडकर नगर जनपद के भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी का रहने वाला है। वह अपनी डिस्कवर मोटरसाइकिल यूपी 45 एम 6355 से बीकापुर के पास एक गांव से अपनी मौसी की लड़की को अपने घर ले जाने के लिए जा रहा था।

# खाद्य विभाग के अधिकारियों ने दर्जनों दुकानों से लिया नमूना

**अम्बेडकरनगर।** उप्र शासन, लखनऊ, डीएम अंबेडकरनगर, व सहायक आयुक्त खाद्य के निर्देश पर तथा के. के. उपाध्याय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आज से शुरू हुए रक्षाबंधन पर्व से संबंधित अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा बसखारी रोड, अकबरपुर में शांति डेयरी का निरीक्षण कर खोया का नमूना व ऋतु वसुंधरा डेयरी एण्ड मिष्ठान भंडार का निरीक्षण कर छेना मिठाई का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया। निबियहवा पोखरा, अकबरपुर में गुप्ता स्वीट हाउस का निरीक्षण कर



खीरकदम का नमूना संग्रहित कर जांच भेजा गया। कुर्की बाजार में फूलचंद मोदनवाल की मिठाई की दुकान का निरीक्षण कर वहां से बर्फी का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु भेजा गया तथा मौके पर उपलब्ध पुरानी दूषित 5 किलो छेना मिठाई को विनष्ट कराया गया। नेहरूनगर ,टांडा में जयसवाल स्वीट का निरीक्षण कर कलाकंद का नमूना व सदरपुर टांडा में सिंह कैफे एंड स्वीट हाउस का निरीक्षण कर डोडा बर्फी का नमूना संग्रहित कर जांच भेजा गया। आज कुल 6 नमूने जांच हेतु भेजे गए। बसखारी बाजार में व्यापार मंडल के सहयोग से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत जागरूकता की गई तथा व्यापारियों के साथ बैठक कर मौके पर लगभग 75 झंडे उपलब्ध कराते हुए, उसे वितरित किया गया तथा झंडे के रखरखाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

# गहनाग मेला सकुशल सम्पन्न, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** अयोध्या जिले के अमानीगंज विकास खण्ड के गहनाग गांव में स्थित प्रसिद्ध नागपीठ गहनाग का बार्षिक बडा मेला सकुशल सम्पन्न हो गया सावन माह की नागपंचमी के बाद पडने वाले सोमवार को लगने वाले इस मेले में प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया हजारों की संख्या में बडे वाहनों से दूर दूर व पास पडोस के जिलों से आये लोग लाइन में लगकर दर्शन पूजन कर रहे थे बिभिन्न जनपदों से आने वाले दुकानदार दो दिन पहले ही पहुंच चुके थे मेले में लकडी और लोहे के सामनों की बिक्री ज्यादा रही।मेले में स्वयं सेवी संस्थाओं निरंकारी मिशन रूदौलीए डा बंगाली रामनगरए आदि के तरफ से सेवा भोजन व जलपान कैम्प लगाया गया। मेले में एक लाख से अधिक लोगों ने दर्शन पूजन किया।



मेले की सुरक्षा में लगा रहा प्रशासनिक अमला

गहनाग मेले की सुरक्षा व्यवस्था में बडे पैमाने पर पुलिसकर्मियों को लगाया गया था इसके साथ डेढ कम्पनी पीएसी अग्नि समन दस्ता दो दर्जन महिला पुलिस बीस सब इन्सपेक्टरों केसाथ खण्डासा थानाध्यक्ष सुरक्षा में दिन भर लगातार लगे रहे पांच स्थानों पर बैरियर लगाकर रूट चेन्ज किया गया था खोया पाया कैम्प मे दर्जनों बिछड़े बच्चों को उनके परिवार से मिलाया गया!पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे दिन सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे उनके अनुसार14 स्थानों पर प्वाइंट बना कर पुलिस को तैनात किया गया था मेले के सकुशल निपटने पर प्रशासन ने राहत की सांश ली इस मेले में पास पडोस के जिलों से भारी भीड़ जमा हो जाती है।

# हर घर तिरंगा अभियान से स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ का उत्सव चरम पर: विधायक रामचन्द्र



**रूदौली।** शासन के निर्देश पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड रूदौली के कम्पोजिट विद्यालय शुजागंज के परिसर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामचन्द्र यादव व विशिष्ट अतिथि बी डी ओ अखिलेश गुप्ता रहे। विधायक ने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रवक्ता रामकृष्ण गुप्ता के साथ विद्यालय परिसर में पीपल, बरगद व पाकड़ के पेड़ लगाए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक रामचन्द्र यादव ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश प्रधानमंत्री के निर्देशन में अमृत महोत्सव कार्यक्रम मना रहा है और इसी के तहत हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमे उन वीर जवानों के बलिदान व देशप्रेम को याद करने का अवसर मिल रहा है। यादव ने कहा कि शहीदों के बलिदान को हम भूल न जाएं इसलिए हर घर मे तिरंगा फहराया जाएगा यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आज भारत के नागरिकों के हृदय में व भारत के कण कण में देशप्रेम व्याप्त है।

# वृक्षों एवं वनस्पतियों में पाए जाते हैं औषधीय गुण: प्रो विश्वकर्मा



पौधरोपण करते अधिकारीगण।

**● आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 15 अगस्त तक चलने वाले हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ**

**प्रयागराज।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सोमवार को महामना मदन मोहन मालवीय पार्क मिन्टो पार्क में 15 अगस्त तक चलने वाले हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो ईश्वरशरण विश्वकर्मा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग उप्र रहे। अध्यक्षता डा कृष्ण बिहारी पाण्डेय पूर्व कुलपति ग्रामोदय विवि चित्रकूट ने किया। महामना मदन मोहन मालवीय पार्क में प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी ने दोनों अतिथियों के द्वारा स्थानीय विद्यार्थियों विभागीय कर्मचारियों सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा हरिशंकरी अभियान के प्रयागराज मण्डल के संयोजक प्रभाशंकर पाण्डेय पूर्व विधायक एवं सह संयोजक उदित नारायण शुक्ल की सहभागिता में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया। हरिशंकरी में 03 पौधों का एक साथ रोपण किया गया। जिसमें पीपल बरगद एवं पाकड़ के पौधे शामिल हैं। हरिशंकरी पौधों का रोपण उत्सवपूर्वक वृक्षों के पूजन गणेश वन्दना एवं मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। तिरंगा झण्डा एवं भारत माता के जयकारे के साथ पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि तीनों पौधे तीन देव ब्रह्मा विष्णु एवं महेश के स्वरूप में हैं। जब ये पौधे बड़े होंगे तब तीनों एक होकर एक वृक्ष बन जायेंगे। प्रभागीय निदेशक महावीर कौजलगी ने वृक्षों के महात्म्य का वर्णन करते हुए बताया कि तीनों पौधे निरन्तर आक्सीजन की आपूर्ति करते हैं तथा प्रदूषण को सोखते हैं। यह वृक्ष हमारे मित्र की तरह हैं। इनकी सदैव सुरक्षा करनी चाहिए। अध्यक्षता करते हुए डा के बी पाण्डेय ने कहा कि सभी वृक्षों एवं वनस्पतियों में औषधीय गुण पाये जाते हैं। कोई भी पौधा व्यर्थ का नहीं है। फलदार वृक्ष हम अपने आने वाली पीढ़ी के लिये रोपण करते हैं। प्राणवायु वृक्ष या हरिशंकरी का रोपण हम करोड़ों जीव जन्तुओं के लिये करते हैं। जिससे जैव विविधता का संरक्षण होता है। सभी जीवों को इन्हीं पौधों से भोजन एवं आश्रय प्राप्त होता है।

भाजपा के जिलाध्यक्ष गणेश केसरवानी ने भी महामना मदन मोहन मालवीय पार्क में एक हरिशंकरी पौध का रोपण किया। सभी लोगों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं वृक्षों की सुरक्षा करने का अनुरोध किया। हरिशंकरी पौधरोपण अभियान के प्रयागराज मण्डल के संयोजक प्रभाशंकर पाण्डेय ने बताया कि लोकभारती लखनऊ वन विभाग उत्तर प्रदेश एवं अन्य शैक्षिक सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में हरिशंकरी पौधरोपण अभियान सम्पूर्ण उप्र में चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी सामाजक संगठनों को अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक हरिशंकरी पौधरोपण करने का अनुरोध किया। हरिशंकरी पौधरोपण अभियान के प्रयागराज मण्डल के सह संयोजक उदित नारायण शुक्ल ने अतिथियों विभागीय कर्मचारियों सामजिक कार्यकर्ताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया। अवधेश प्रताप सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रयाग अशोक कुमार साहू उप क्षेत्रीय वन अधिकारी प्रयाग रेंज अभय कुमार मिश्र वन दरोगा इन्द्रपाल वन दरोगा सुमित कुमार वन दरोगा पीयूष कुशवाहा वन रक्षक मंजीत श्रीवास्तव वन रक्षक सन्तोष कुमार यादव वन रक्षक लालचन्द्र शुक्ला आदि रहे।

## वातावरण में नई शक्ति और ऊर्जा का है संचार

**प्रयागराज।** भाई बहन के पवित्र त्योहार रक्षाबंधन बहन और भाई के बीच अटूट प्रेम का प्रतीक है। यह त्योहार बारिश के मौसम में आता है जो गर्मी से राहत दे। वातावरण में ठंडक और सुकून भर देता है। उपहार देने और घर को सजाने संवारने के मौसम की शुरुआत भी होती है। भाई अपनी बहन को देने के लिए सर्वश्रेष्ठ उपहार तलाशते हैं तो वहीं घर को सजाने के लिए नई नई चीजों की खोज भी शुरू होती है। आपका यह काम आसान बनाने के लिए बेड शीट विलेज् डॉट कॉम पर आया है।बेडशीट्स एवं सोफा कुशन कवर्स का विशाल संग्रह क्योंकि बेडशीट और सोफा कुशन के कवर बदलते ही घरों की रौनक भी बदल जाती है और पुराने बेडिंग के कारण बेजान सा दिखने वाला घर जीवंत हो उठता है। सोफा कुशन के नए कवर आपके सोफे को बिल्कुल नया जैसा बना देते हैं। जिन पर पूरा परिवार बैठकर खूबसूरत सेल्फी खींच सकता है। घर के वातावरण में नई शक्ति और ऊर्जा का संचार करता है।

# भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए हो सामूहिक प्रयास: न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव

**● हाईकोर्ट बार एसो. की ओर से नवनियुक्त न्यायमूर्तियों का लाइब्रेरी हाल में स्वागत, अभिनंदन**




**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के लाइब्रेरी हॉल में सोमवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की तरफ से उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीशगण न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधाकांत ओझा तथा महासचिव सत्यधीर सिंह जादौन ने दोनों न्यायाधीशों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही अंगवस्त्रम भेंटकर उनका अभिनंदन किया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाने के लिए हम सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि मुकदमों के बढ़ते बोझ को देखते हुए उनका यह भी प्रयास होगा कि उच्च न्यायालय में न्यायमूर्तियों की संख्या को और अधिक बढ़ाया जाए। साथ ही उन्होंने सम्मान के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का हृदय से आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बार की ओर से मिले सम्मान से वह अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि अधिवक्ताओं की विभिन्न समस्याओं से वह वाकिफ हैं। इसके लिए वह सदैव अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला ने कहा कि वह हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के प्रारंभिक सदस्य न होने के बावजूद भी उच्च न्यायालय इलाहाबाद में न्यायमूर्ति के पद पर आसीन होने पर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उच्च न्यायालय इलाहाबाद की गौरवशाली परंपरा से भली भांति वाकिफहैं तथा इसको और ऊंचाई तक ले जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

# शून्य से अनंत तक की यात्रा है संस्कृत: डा श्रीवास्तव

**● उत्कृष्ट आचरण और नैतिकता की जननी है संस्कृत: कुलपति**

**●संस्कारों पर बल देती है संस्कृत भाषा: देवेंद्र**

**●मुविवि में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यानमाला**



कार्यक्रम में बोलते अतिथिगण।

**प्रयागराज।** संस्कृत संवेदना की भाषा है। संस्कृत शून्य से अनंत तक की यात्रा है। संस्कृत का उत्थान भारतीय संस्कृति का उत्थान है। यह देववाणी है। भावनाओं एवं संवेदनाओं से परिपूर्ण संस्कृत साहित्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए इसके व्यापक प्रचार प्रसार की आवश्यकता है। यह बातें मुख्य अतिथि डा आनंद शंकर श्रीवास्तव पूर्व प्राचार्य सीएमपी पीजी कॉलेज ने उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को भारतीय संस्कृतिरू संस्कृताश्रिता विषय पर आयोजित व्याख्यान में कहीं।

मुख्य अतिथि डा श्रीवास्तव ने कहा कि संस्कृत का उत्थान भारतीय संस्कृति का उत्थान है। उन्होंने संस्कृत को विश्व की सबसे सरल सहज व व्यावहारिक भाषा बताया। अब हमें संस्कृत के संरक्षण व संवर्धन की दिशा में और अधिक प्रयत्नशील होना पड़ेगा। तभी भारतीय संस्कृति का भी रक्षण हो सकेगा। मानविकी विद्या शाखा द्वारा आयोजित संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो सीमा सिंह ने कहा कि संस्कृत देव भाषा है। यह सहज एवं सरल है तथा प्रयोग में लाने वाली सर्वाधिक मधुर भाषा है। उन्होंने कहा कि हमारी अस्मिता संस्कृत एवं संस्कृति में निहित है। प्रो सिंह ने संस्कृत के महत्व को बताते हुए संस्कृत भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति प्रोफेसर सिंह ने वेदों पुराणों और भारतीय संस्कृति का उदाहरण देते हुए बताया कि संस्कृत भाषा ज्ञान उत्कृष्ट आचरण और नैतिकता की जननी रही है। व्याख्यान के विशिष्ट वक्ता संस्कृत भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री देवेंद्र पांण्ड्या ने कहा कि भारतीय संस्कृति व संस्कृत भाषा एक दूसरे के पूरक हैं। हम सभी को परस्पर मिलकर संस्कृत के उत्थान के लिए प्रयत्नशील होना चाहिए। जिससे भारतीय संस्कृति की उन्नति हो सके। संस्कृत भाषा में निहित वसुधैव कुटुंबकम की भावना भारतीय संस्कृति की मूल भावना है। जिससे अनुप्राणित होकर समस्त विश्व कल्याण पथ पर अग्रसर हो सकता है। पांण्ड्या ने संस्कृत भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि संस्कृत भाषा संस्कारों पर बल देती है। संस्कृत का उन्नयन ही भारतीय संस्कृति का उन्नयन है। विषय प्रवर्तन करते हुए डा अतुल कुमार मिश्र ने कहा कि आदिकाल से संस्कृत व्यवहार की भाषा रही है। संस्कृत आज के युग की मांग है। राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए प्रयास करें। व्याख्यान का संचालन आयोजन सचिव डा स्मिता अग्रवाल एवं विषय प्रवर्तन डा अतुल कुमार मिश्र ने किया।

## क्विक न्यूज

### मेडिकल एसो. ने झण्डारोहण जागरूकता बैठक आयोजित

**अम्बेडकरनगर।** सोमवार को मेडिकल एसोसिएशन टांडा के तत्वाधान में आजादी के 75 में वर्षगांठ पर अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर किस प्रकार से झंडारोहण का कार्यक्रम किया जाए इसकी एक जागरूकता बैठक नगर अध्यक्ष मोहम्मद अकमल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिस का संचालन कृष्ण कुमार सोनी ने किया इस कार्यक्रम



के मुख्य अतिथि के रूप में औषधि निरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह अंबेडकर नगर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 11 तारीख से लेकर 17 तारीख तक अमृत महोत्सव कैसे मनाया जाए इसकी रूपरेखा तय की गई। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक ने बताया कि यह महोत्सव क्यों मनाया जा रहा है और किसी प्रकार से झंडे का अनादर ना हो और सभी लोग इस उत्सव को जन जन तक ले जाएं और साथ मिलकर मनाएं। इस दौरान औषधि निरीक्षक द्वारा जनमानस में 100झंडों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में नगर महामंत्री आतिश गुप्ता जी ने लोगों से अपील की झंडारोहण का यह कार्यक्रम सफल बनाएं इस कार्यक्रम में टांडा के समस्त औषधि विक्रेता उपस्थित रहे और उन्होंने संकल्प लिया कि इस अमृत महोत्सव को हम यादगार रूप में मनाएंगे।

### अमृत महोत्सव पर उद्यान वाटिका बनाकर सवरेंगा हर गाँव

**अम्बेडकरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद में पाँच लाख उनचास हजार पौधे रोपे जाएंगे। डीएफओ ए.के. कश्यप ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 15 अगस्त को 75-75 पौधे रोपित कर अमृत महोत्सव उद्यान की स्थापना की जाएगी। वन महोत्सव में लगे पौधों की जिओ टैगिंग की जा रही है, लगभग 688 ग्राम पंचायतों में पूर्ण कर ली गयी है। अभी बचे ग्राम पंचायतों पर जियो टैगिंग का काम चल रहा है। जनपद के 902 ग्राम पंचायतों के अलावा 7 नगर पालिका इस उद्यान को धरातल पर उतारने की तैयारी चल रही है। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिले की सभी 902 ग्राम पंचायतों में एक-एक अमृत महोत्सव उद्यान विकसित किया जाएगा। अमृत महोत्सव उद्यान में अलग-अलग प्रजाति के 75 पौधे लगाए जाएंगे। बरसात में अमृत महोत्सव उद्यान में पौधे लगाए जाएंगे। अमृत महोत्सव उद्यान को लेकर जिले के सभी गांवों में खास तैयारी चल रही है। कम से कम एक-एक हजार वर्ग मीटर जमीन में अमृत महोत्सव उद्यान विकसित किए जाने हैं। पीपल-पाकड़ और बरगद व नीम, अमरूद, शीशम, महुआ, जामुन के साथ-साथ अलग-अलग प्रजाति के 75 पौधे लगाए जाएंगे। पौधों को जानवरों से बचाने के इंतजाम भी करने होंगे। अमृत महोत्सव उद्यान की मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी जिला स्तरीय अधिकारियों को दी जाएगी। अमृत महोत्सव उद्यान के एक-एक पेड़ की जिओ टैगिंग होगी। औषधीय पौधों पर अधिक फोकस किया जा रहा है। ताकि ग्रामीणों को औषधीय पौधों का लाभ मिल सके।

### महिलाओं, बच्चों के लिए बहुप्रतीक्षित अभियान शुरू

**प्रयागराज।** लोगों की बढ़ती कीमतों की चिंताओं से राहत देते हुए भारत के प्रमुख मूल्य फैशन रिटेलर वी मार्ट चार से 18 अगस्त तक लागू महाबचत का डबल ऑफर सेल कैंपेन लेकर आया है। ऑफर अवधि के दौरान लोग जो दो हजार की खरीदारी करते हैं। उन्हें दो हजार के चार उपहार वाउचर के साथ पांच सौ की खरीदारी पूरी तरह से नि:शुल्क मिलेगी। लोगों को चुनिंदा मर्चेंडाइज पर बाय वन गेट वन फ्री ऑफर का विकल्प भी मिलेगा। आकर्षक ऑफर्स के अलावा एचडीएफसी डेबिट क्रेडिट कार्ड टी एंड सी लागू के माध्यम से भुगतान किए गए बिलों पर साढ़े सात फीसद तक की अतिरिक्त तत्काल छूट है। इस सेल कैंपेन के दौरान वी मार्ट ने पुरुषों महिलाओं और बच्चों के लिए बहुत ही आकर्षक कीमत पर फैशनेबल और ट्रेंडी कलेक्शन रेंज की व्यापक पसंद पेश की है। इसमें नवीनतम स्टॉक बजट अनुकूल मूल्य शामिल है। विनीत जैन सीओओ वी मार्ट ने कहा वी मार्ट का महाबचत ऑफर एक बहुप्रतीक्षित अभियान है। क्योंकि यह लोगों को अपनी पसंदीदा जेब में खरीदने के लिए पसंद की अनुकूल स्वतंत्रता देता है।

### वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण जरूरी

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने जनपद के समस्त वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को सूचित किया है कि वृद्धावस्था पेंशनरो की कुल संख्या 84002 है, जिसके सापेक्ष 47430 लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण हो चुका है। इनके बैंक खाते में धनराशि प्रेषित की जा रही है। अवशेष 36572 अपना आधार प्रमाणीकरण 15 अगस्त तक किसी भी जनसेवा केन्द्र पर जाकर करा लें, अन्यथा वृद्धावस्था पेंशन बंद हो जायेगी। उक्त जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने दी है।

# तिरंगा यात्रा में दिखा छात्रों में उत्साह

● जीआईसी से शहर तक छात्रों ने निकाली तिरंगा यात्रा

●आजादी का अमृत महोत्सव को लेकर निकली तिरंगा यात्रा

संवाददाता। सीतापुर

**आजादी के** 75वें अमृत महोत्सव पर हर घर तिरंगा अभियान को लेकर शहर में छात्रों ने एक तिरंगा यात्रा निकालकर भारत माता के जयघोष लगाए। यह तिरंगा यात्रा जीआईसी से होकर लालबाग चौराहा, आंख अस्पताल होते हुए फिर से जीआईसी परिसर में सम्पन्न हुई। आपको बता दें कि 13 अगस्त से शुरू हो रहे 15 अगस्त तक झंडा लगाओं अभियान को सफल बनाने को लेकर शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर एक जागरूकता संदेश दिया गया। जीआईसी के प्रधानाचार्य अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य है कि हर घर में तिरंगा लगे जिससे की हर भारतवासी खुशी के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मना सके। इस मौके




पर भाजपा नेत्री नीरज वर्मा, आशीष भैया, शादाब जामीर, रविप्रकाश सक्सेना, राकेश सहित छात्रों ने तिरंगा यात्रा में भारता माता के जयकारे लगाकर वातावरण भक्तिमय बनाया।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक सीतापुर द्वारा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा सीतापुर इं. समीर अहसन रिजवी की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि निदेशक उत्तर प्रदेश का विकास निगम निवर्तमान राष्ट्रीय मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शफअत हुसैन की उपस्थिति में जीसस मिशन स्कूल सिधौली में घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंग वितरण कार्यक्रम किया गया। जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जनपद प्रेम मसीह के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा महमूदाबाद शहर के प्रत्येक मोहल्ले व बाजार से होकर मोहन प्रसाद बारी के बाग में यात्रा का समापन हुआ। जफर अली खान, हनीफ अहमद, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अमीर हसन, आमिर खान, नगर अध्यक्ष सिधौली अमीमुल्ला, पैंतेपुर मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कल्लू, पैंतेपुर मंडल महामंत्री शमशुल हक, वसीम खान व अल्पसंख्यक मोर्चे से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यौमे आशूरा की अहमियत व फजीलत

## दसवीं मोहर्रम पर विशेष

संवाददाता। सीतापुर

**इस्लामी नुक्ते** नजर से यौमे आशूरा की बड़ी फजीलत बयान की गई है। वैसे तो मुहर्रम-उल-हराम का पूरा महीना ही अहमियत का हामिल है। लेकिन खास तौर से यौमे आशूरा की और ज्यादा फजीलत है। यौमे आशूरा मोहर्रम की दसवीं तारीख को कहते हैं। मुहर्रम के महीने की इस्लाम में बड़ी फजीलत बयान की गई है। इसलिए इस महीने के रोजो का बड़ा अज्र बयान किया गया है। नबी करीम सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि रमजान के बाद सबसे अफजल रोजे अल्लाह के महीना मुहर्रम के रोज़े हैं। और फर्ज नमाज के बाद सबसे अफजल नमाज रात की नमाज़ यानी तहज्जुद है। इस हदीस से यह बात मालूम हुई कि मोहर्रम के महीने की निस्बत अल्लाह की जानिब की गई है। जिससे इस बात की तरफ इशारा है कि इस महीने में खूब इबादात करके अल्लाह का कूर्ब हासिल किया जाए। मोहर्रम की दसवीं तारीख को तारीखी एतबार से बड़े-बड़े वाकयात पेश आएं हैं। जैसे कि यौमे आशूरा के दिन अल्लाह ताआला ने हजरत मूसा अलैहिस्सलाम की कौम को फिरौन के जुल्म ओ सितम से नजात अता फरमाई और फिरौन को उसकी फौज के साथ दरिया-ए-नील में गर्क (डुबाया) फरमाया। यही वो दिन है जिसमें हजरत हुसैन रजी अल्लाहु तआला अनहु की शहादत का वाकया भी पेश आया। हजरत हुसैन रजी अल्लाहु तआला अनहु ने हक की खातिर अपनी जान को अल्लाह की राह में नछावर कर दिया लेकिन बातिल के सामने सर नहीं झुकाया। आशूरा के रोजे के बारे में हजरत अबू कतादा रजी अल्लाहु तआला अनहु कहते हैं कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहु अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया मैं समझता हूं कि अल्लाह ताआला आशूरा के दिन के रोजे के बदले एक साल के गुनाह माफ फरमा देंगे।

## क्विक न्यूज

### आरएमपी पीजी कॉलेज में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**सीतापुर।** भारत छोड़ो आंदोलन दिवस पर आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला टीम विजई रही। विजेताओं को मेडल व पेन देकर पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम के अंतर्गत झंडे के ऐतिहासिक महत्व पर प्रदर्शनी और नृत्य,गीत, गायन का आयोजन हुआ ।भारत छोड़ो आंदोलन में महात्मा गांधी के योगदान व राजनीतिक दर्शन पर चर्चा की गई। महाविद्यालय के इतिहास विभाग के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ,इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अभिषेक दुबे प्रोफेसर जयवीर सिंह, प्रोफेसर अर्चना सिंह ,यामिनी शुक्ला ,सचिन पाठक ,दिनेश कुमार गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। संचालन महाविद्यालय की छात्रा सलोनी ने किया।

### इमलिया क्षेत्र में जंगली जानवर का आतंक

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में काफी समय से जंगली जानवर का आतंक है। जो क्षेत्र में बछड़े व बकरी के बच्चे को अपना निवाला भी बना चुका है। जिसके बाद से हर रोज ग्रामीणों को खेतों में दिखाई देता है जिससे ग्रामीण डरे सहमे हैं और खेतों तरफजाने से कतराते हैं। जिसको लेकर सोमवार को वन क्षेत्राधिकारी लहरपुर (अतिरिक्त चार्ज हरगांव) अभय कुमार मल्ल,डिप्टी रेंजर हरगांव अजय दीक्षित,प्रभारी निरीक्षक इमलिया अनिल कुमार सिंह मय फोर्स थाना क्षेत्र के अटरिया कीरतपुर गांव पहुंच ग्रामीणों के साथ बैठक कर सभी को सतर्क रहने के लिए कहा। आप लोग खेतों के तरफलाठी डण्डा लेकर दो तीन लोग जाएं अकेले न जाएं।

### महिला ने जहरीला पदार्थ खाया

**बरेली ।** बच्चों को लेकर पुत्रवधू से हुई है विवाद के बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ।पीलीभीत के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर निवासी छत्रपाल की पत्नी रामादेवी को इलाज के लिए आज दोपहर बरेली के जिला अस्पताल लाया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि रामा देवी के बेटे नरेंद्र पाल की पत्नी नीलम के दो बच्चे हैं कल शाम को दोनों बच्चे दूध की बोतल को लेकर आपस में झगड़ा कर रहे थे तब रामादेवी ने बड़े बच्चे के हाथ से बोतल लेकर छोटे के हाथ में दे दी यह बात बड़े ने अपनी मां नीलम से कहीं तो नीलम सांस रामादेवी से झगड़ा और गाली गलौज करने लगी रामा देवी ने नीलम की शिकायत बेटे नरेंद्र पाल सिंह शिकायत की लेकिन उसने अपनी पत्नी नीलम का पक्ष लिया जिससे नाराज रामादेवी ने घर में ही रखा जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी उसे घरवालों ने पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और फिर इलाज के लिए आज दोपहर बरेली के जिला अस्पताल लाए उसकी हालत नाजुक बताई जाती है।

### महिला के साथ बेटे और पुत्र वधू ने की मारपीट

**बरेली ।** घर में आने वाले अनावश्यक लोगों को लेकर हुए विवाद के बाद बेटे और पुत्रवधू ने एक महिला के साथ जमकर मारपीट की जिससे वह घायल हो गई उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव भऊआ नगला निवासी चंद्रवती पत्नी ओमप्रकाश को इलाज के लिए घायल अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया चंद्र वती ने बताया कि उसकी पुत्रवधू उर्मिला से मिलने के लिए अक्सर अनजान लोग घर पर आते हैं जिनको वह नहीं जानती यह बात उसने अपने बेटे और और उर्मिला के पति पप्पू से कहीं उसने भी उर्मिला का ही पक्ष लिया इसको लेकर चंद्र वती का पुत्र वधू और बेटे से विवाद हो गया गुस्साए बेटे और पुत्रवधू ने चंद्र वती के साथ जमकर मारपीट की गांव के लोग मौके पर पहुंचे और उसे बचाया घटना की शिकायत चंद्रावती ने अपने पति के माध्यम से पुलिस से की उसे इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया।

### हर घर तिरंगा को लेकर प्रधानाचार्यो की हुई मीटिंग

**बरेली ।** जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की मीटिंग आहुत की जिसमें शासन द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय आजादी का 75 वा अमृत महोत्सव 11 अगस्त से 17 अगस्त तक चलाए जा रहे अभियान हर घर में तिरंगा को सफल बनाने के लिए प्रधानाचार्य को निर्देश देते हुए कहा कि पूरे जिले में आजादी के अमृत महोत्सव को भव्य तरीके से मनाया जाएगा जिस को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालय के प्रधानाचार्यो को अपने अपने विद्यालय के क्षेत्रों में प्रभात फेरी निकालकर जिले भर के नागरिकों को जागरूक करना है मीटिंग में मुख्य रूप से मेजर जावेद खालिद चमन जहां संदीप इंदवार राजीव कुमार आफताब मिर्जा कुसुम लता राजपूत मीना त्यागी आदि प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में हुई खरीफ गोष्ठी

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को दिए आय बढ़ाने के टिप्स

संवाददाता। सीतापुर

**किसानों की** आय दोगुनी करने को लेकर सीतापुर के कलेक्टेऊट सभागार में कृषि विभाग द्वारा आयोजित कृषि उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि एडीएम रामभरत तिवारी रहे। गोष्ठी में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिको एवं प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया। गोष्ठी में उपकृषि निदेशक ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खरीफ वर्ष 2022 के में बीज वितरण के निर्धारित लक्ष्य-20689.50 कु. के सापेक्ष 20707.50 कु. का वितरण किया गया है, साथ ही वर्तमान खरीफसीजन में सीतापुर में उर्वरक की पर्याप्त व्यवस्था है। कृषि विज्ञान केन्द्र अम्बरपुर के कृषि वैज्ञानिक वी.के. सिंह ने कहा कि कृषक भाई 5 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर ही रासायनिक विधि से कीटों का नियंत्रण करें। कृषि वैज्ञानिक दयाशंकर श्रीवास्तव ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता लाना अत्यन्त आवश्यक है जिसके लिए किसान भाइयों को बीज, कृषि रक्षा रसायन, खाद एवं उर्वरक हेतु बाजार पर निर्भरता को समाप्त करते हुये स्वयं इनके



उत्पादन/वैकल्पिक प्रयोग की तरफ अग्रसर होना पड़ेगा। गोष्ठी में किसानों की समस्याएं भी एडीएम, जिलाकृषिधिकारी ने सुनी। गोष्ठी में क्षेत्रीय प्रबन्धक इफ्को एस.सी.शुक्ला, जिलाकृषिधिकारी मंजीत, उपकृषिनिदेशक एस.के. सिंह, जिलाउद्यान अधिकारी सौरभ कुमार, नवीन चन्द्र सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी में किसानों को उत्पादन के लिए भी जानकारी दी गई।

# तिरंगा हाथ में लेकर निजीकरण का सीतापुर में विरोध

● विद्युत विभाग के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन

●राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संघ ने की नारेबाजी

संवाददाता। सीतापुर

**एक तरफ** जहां आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अपनी मांगो को लेकर हाथों में तिरंगा थामकर प्रदर्शन तेज कर दिया है, पिछले कई महीनो से विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी निजी करण किए जाने के विरोध में प्रदर्शन करते चले आ रहे है, लेकिन सरकार द्वारा इस पर



कोई ध्यान न दिए जाने से विद्युत विभाग के अधिकारी अब पूरी तरह आंदोलन की राहं पकड़ने को विवश है। इसी को लेकर विद्युत वितरण खण्ड प्रथम पर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संघ के पदाधिकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रदर्शन किया और निजीकरण न हो इसके लिए सरकार से पहले ही ज्ञापन सौंपकर मांग कर चुके है। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संघ के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह का कहना है कि कल संसद के पटल पर इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट एक्ट 2022 रखा जाना है जो पूरी तरह से नियम विरूद्ध है, इसमें उपभोक्ताओं व कर्मचारियों सभी का नुकसान है। उन्होंने कहा कि निजीकरण होना मतलब उपभोक्ताओं के जेब पर भार पड़ना व अधिकारियों के लिए भी नुकसानदायक है। प्रदर्शन के दौरान उपखण्ड अधिकारी ज्ञानेश कुमार, अवर अभियंता राकेश कुमार, संदीप शुक्ला, संतोष मौर्य, अमरीश कुमार, मुकेश तिवारी, अशोक कुमार सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रदर्शन के बाद राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेन्द्र पांडेय ने कहा कि हम लोगो की मांगे जायज है जिन्हें सरकार माने।

## गैर इरादतन हत्या का वांछित गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित, वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त 2022 को थाना पसगवां पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 361/22 धारा 304 भादवि में वांछित/ नामित अभियुक्त सुशील कुमार पुत्र स्व. रामसनेही निवासी चोरहा खुर्रमनगर थाना पसगवां जनपद खीरी को उसके घर से बाहर वह्द ग्राम चोरहा खुर्रमनगरथाना पसगवां जनपद खीरी से गिरफ्तार किया गया। जिसका चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध संदीप कुमार यादव थाना पसगवां जनपद खीरी, उप निरीक्षक अजीत कुमार, कांस्टेबल अभिषेक पांडे व कांस्टेबल कपिल कुमार शामिल रहे।

## डीएम ने दिखाई तिरंगा जागरूकता रथ को झंडी

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार की सुबह डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग कलेक्ट्रेट से सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की हर घर तिरंगा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

डीएम ने बताया कि स्वतंत्रता की 75 की वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में गरिमा में ढंग से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना तथा स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव जगाना है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम का हिस्सा बनकर देश के महापर्व का पूरे हर्ष, उल्लास, उमंग के



साथ मनाएं।

बताते चलें कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का यह जागरूकता रथ जनपद में 15 दिनों तक गांव, गली, मोहल्ला शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आमजन को हर.घर तिरंगा कार्यक्रम सहित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देगा। एलईडी स्क्रीन के जरिए आमजन को स्वतंत्रता सप्ताह, हर घर तिरंगा कार्यक्रम एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिलेंगी। इस मौके पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) ओमप्रकाश अंजोर, व अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

## 15 अगस्त तक निकलेगी तिरंगा पद यात्रा

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस कार्यालय पर 9 अगस्त से 15 अगस्त तक जिले की आठों विधानसभा में होने वाली भारत जोड़ो तिरंगा पदयात्रा को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। वार्ता में पूर्व सांसद जफर अली नकवी व जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने मौजूद पत्रकारगणों को संबोधित किया।

वार्ता में मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए जफर अली नकवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। चाहे वह रोजगार हो, महंगाई हो, सुरक्षा हो, शिक्षा हो या कानून व्यवस्था हो। अपनी इन नाकामियों पर पर्दा डालने के लिये मौजूदा भाजपा सरकार समाज में वैमनस्यता फैलाने का काम कर रही है। आज लखीमपुर-खीरी के विकास की बात करें तो एक भी सरकारी हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं है। एक समय में जिले से एक दर्जन से अधिक ट्रेने चलती थी लेकिन आज सिर्फ गिनती की ट्रेने खाना पूर्ति के लिये चल रही है। कांग्रेस पार्टी लगातार हर मुद्दे पर



संघर्ष कर रही है और इस पदयात्रा के माध्यम से जिले में एकता और भाईचारे का संदेश ले कर जाएगी।

जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो तिरंगा पदयात्रा जिला लखीमपुर में प्रत्येक विधानसभा में 75 किलोमीटर पदयात्रा की जाएगी। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस पार्टी के द्वारा देश की आजादी और लोकतंत्र के प्रहरी होने की भूमिका के बारे में जनता से संवाद किया जाएगा। देश इस समय झूठ के संक्रमण काल से गुज़र रहा है जिससे लोकतंत्र कमज़ोर होता जा रहा है। काँग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो पदयात्रा जनता के साथ मिलकर लोक तंत्र की रक्षा करेगी। वार्ता का संचालन जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता व संयोजन मीडिया कॉर्डिनेटर इम्तियाज अली ने किया। वार्ता में प्रदेश सचिव गुरमीत सिंह भुल्लर, कैप्टन मोनिश अली नकवी, दीपक बाजपेई, मीडिया कॉर्डिनेटर इम्तियाज अली, राम कुमार मिश्रा, रवि तिवारी, राजेंद्र गुप्ता, रामकुमार मिश्र, संजय गोस्वामी, लतीफ आज़म आदि जन उपस्थित रहे।

## दुष्कर्मी बाबा गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** कोतवाली सदर पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। 7 अगस्त को थाना कोतवाली सदर पर नन्हू लाल पुत्र कल्लू दास निवासी ग्राम टापरपुरवा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि श्रवण दास कबीर पंथी का अनुयायी है। लोगों को अपना चेला बना गुरू ज्ञान देता था। वादी नन्हू अभियुक्त श्रवण दास का करीब दो वर्ष से चेला था। श्रवण दास द्वारा वादी की पुत्री को बहला कर अपनी बातों के झासें में लाकर उससे कई बार अपने आश्रम व उसके घर ग्राम टापर पुरवा में शारीरिक संबंध बनाया था। 20 जुलाई को वादी की पुत्री घर में अकेली थी व बाथरूम में नहा रही थी। अभियुक्त ने उसकी पुत्री की नग्न अवस्था की फोटो अपने मोबाइल से खीच लिया गया। 24 जुलाई को उसने फोटो अपने फेसबुक अकाउंट पर अपलोड कर दी। लोगों को जानकारी होने पर अपना फेसबुक अकाउंट व पीड़िता की सारी फोटो डिलीट कर दिया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त श्रवण दास द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 भादवि की बढोत्तरी की गई थी।

# छोटीकाशी में मंदिर तक डीएम एसपी ने किया पैदल भ्रमण

● लिया व्यवस्थाओं का जायजा

●डीएम-एसपी ने की पूजा अर्चना

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**सोमवार की** अलसुबह परंपरागत आयोजित होने वाले भूतनाथ मेले के मद्देनजर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह छोटी काशी गोला पहुंचे जहां उन्होंने एसपी संजीव सुमन के साथ मंदिर की ओर जाने वाले सभी मार्गों पर प्रशासनिक एवं पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात प्रशासनिक एवं पुलिस कार्मिकों की हौसला अफजाई की।

इसके बाद डीएम-एसपी ने छोटी काशी शिव मंदिर पहुंचकर पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर जनपद की



सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की।

मंदिर के निकट स्थित नीलकंठ मैदान में डीएम-एसपी ने कावड़ियों के लिए चलाए जा रहे भंडारे का भी आनंद दिया।

बताते चलें कि रविवार शाम भी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गोला पहुंचकर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी अरुण कुमार सिंह, एसडीएम अनुराग सिंह व कार्तिकेय सिंह के संग मंदिर सहित वहां जाने वाले मार्गों पर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। इस दौरान पुलिस वॉलिंटियर ने डीएम के संग सेल्फी भी खिंचाई। डीएम ने भूतनाथ मेले के मद्देनजर उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर सभी अधिकारियों को अपने ड्यूटी पॉइंट्स पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

## 88 महिलाओं ने अपनाई नसबंदी

● परिवार नियोजन के अन्य अस्थायी साधनों को भी महिलाएं दे रहीं तरजीह

**लखीमपुर-खीरी।** परिवार नियोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का असर देखने को मिल रहा है। जिले में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान महिलाओं के साथ ही पुरुषों ने भी परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने में रुचि दिखाई द्य पखवाड़े के दौरान 88 महिलाओं ने परिवार नियोजन के स्थायी साधन नसबंदी को अपनाया है। इस दौरान कंडोम इस्तेमाल करने वाले पुरुषों का भी ग्राफबढ़ा है। इसके अलावा त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडी, गर्भनिरोधक गोली छाया और माला. एन सहित अन्य साधनों को भी अपनाया गया है। सीएमओ डॉ अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के अंतर्गत



जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 11 से 31 जुलाई तक मनाया गया। इस बीच परिवार नियोजन के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया गया द्य इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जानकारी भी दी गई। इसी का नतीजा रहा कि महिला और पुरुषों दोनों के ही परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने का ग्राफ बढ़ा है। उन्होंने बताया कि इस पखवाड़े में 88 महिलाओं ने नसबंदी कराई है। साथ ही आईयूसीडी, पीपीआईयूसीडीए अंतरा तिमाहीए माला. एन आदि साधनों को भी अपनाया गया है।

## इंडियन बैंक ने आयोजित किया विशेष कार्यक्रम

**मितौली-खीरी।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्पोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत विकास खंड मितौली के अंतर्गत राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज में इंडियन बैंक मंडलीय कार्यालय लखीमपुर के उपलक्ष में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ठाकुर बलवीर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण प्रतियोगिता व रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इंटरमीडिएट हाईस्कूल के प्रथम 3 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार के द्वारा छात्रों उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सफलता के मूल मंत्र दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक पूर्व प्रमुख पूर्व प्रधानाचार्य राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज बलवीर सिंह ने आजादी के अमृत महोत्सव के संबंध में बताते हुए कहा कि शिक्षा वह धन है जो कभी बांटा नहीं जा सकता है। इसलिए शिक्षा ही सफलता की जननी है विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश शुक्ल ने स्वतंत्रता दिवस



गणतंत्र दिवस में अंतर बताते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस को महान पर्व के रूप में मनाते हुए हर घर में शासन की मंशा के अनुसार तिरंगा फहराने के संकल्प की पूर्ति के लिए इंडियन बैंक के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को तिरंगा झंडा दिया गया। यह आवाहन किया गया की आजादी के 76वीं वर्ष होने पर आप सभी अपने परिवार के साथ अपने घरों पर भारत की शान तिरंगा फहराए। विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक इंडियन बैंक मिथिलेश कुमार प्रधानाचार्य एसत्य प्रकाश शुक्ला शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक मितौली सत्येंद्र पाल गंगवार, जोनल अजय वर्मा, विजन इंडिया सुपरवाइजर धीरज शुक्ल, रीजनल हेड विमल मिश्र, विजन जिला कोऑर्डिनेटर पंकज सिंह, राजेश वर्मा प्रबंधक इंडियन बैंक लखीमपुर, सौरभ शुक्ला बैंक मित्र, विद्यालय के शिक्षक विमल कुमार, उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गुप्त, पत्रकार अखिलेश मिश्र व पत्रकार सुरेश शुक्ल सहित समस्त विद्यालय के बच्चे, नागरिक, बैंक खाता धारकए व मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# जिलास्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करने का अनुरोध कानून के विपरीतः सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करने का निर्देश देने के लिए दायर अर्जी कानून के विपरीत है क्योंकि धार्मिक और भाषाई अल्पसंख्यकों पर विचार राज्य स्तर पर होना चाहिए। न्यायमूर्ति यू.यू.ललित और न्यायमूर्ति एस.आर.भट्ट की पीठ ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) अधिनियम-1992 को चुनौती देने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। शीर्ष अदालत से यह भी अनुरोध किया गया है कि वह केंद्र को निर्देश दे कि जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों को परिभाषित करे और उनकी पहचान के लिए दिशानिर्देश जारी करे।

उच्चतम न्यायालय ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि इस याचिका पर सुनवाई नहीं की जाएगी। पीठ ने मौखिक टिप्पणी की यह कानून के विपरीत है। इसके साथ ही वर्ष 2002 में आए टीएमए पाई फैसले का संदर्भ दिया। यह याचिका मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर ने दायर की थी। टीएमए पाई मामले में आए फैसले से कानूनी स्थिति एकदम स्पष्ट है कि भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यक तय करने के लिए इकाई राज्य होगा। अधिवक्ता आशुतोष दुबे के जरिए दायर याचिका में 23 अक्टूबर 1993 को सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदाय को लेकर जारी अधिसूचना को मनमाना, अतार्किक और संविधान के अनुच्छेद 14,15,21,29 और 30 का विरोधाभासी करार देने का अनुरोध किया गया था।

18 जुलाई को हुई पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता के इस तर्क पर सवाल किया था कि हिंदुओं को उन राज्यों में अल्पसंख्यक का दर्जा नहीं मिल रहा है, जहां वे अल्पसंख्यक हैं। अदालत ने पूछा था कि क्या इस दावे के पक्ष में ठोस उदाहरण है। शीर्ष अदालत ने तब कहा था कि अगर इस संबंध में कोई ठोस तथ्य उसके सामने पेश किया जाता है तो तब वह सुनवाई करेगी। सोमवार की सुनवाई के दौरान पीठ ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता जिला स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान का अनुरोध कर रहा है लेकिन इसपर सुनवाई नहीं जा सकती।

पीठ को सूचित किया गया कि अलग अर्जी राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान करने के लिए दिशानिर्देश बनाने हेतु दायर की गई है। याचिका में दावा किया कि 10 राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक है और यह मामला शीर्ष अदालत के एक अन्य पीठ के समक्ष लंबित है। अदालत में लंबित अर्जी दायर करने वाले याचिकाकर्ताओं में शामिल अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने शीर्ष अदालत को बातया कि कुछ राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि वह इस संबंध में आम निर्देश नहीं जारी कर सकती।

# जब फैसला पक्ष में न हो सिब्बल जैसे विपक्षी नेता अदालतों की आलोचना करते हैं : रीजीजू

भाषा। **नई दिल्ली**

**कानून मंत्री किरेन रीजीजू** ने सोमवार को राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल को उच्चतम न्यायालय की आलोचना के लिए फटकार लगाते हुए कहा कि यह पूरे देश के लिए बहुत दुखद है कि जब विपक्षी नेताओं के पक्ष में फैसला नहीं आता तो वे संवैधानिक प्राधिकारियों पर हमला करना शुरू कर देते हैं। पूर्व कानून मंत्री सिब्बल ने धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) समेत, न्यायालय के हाल के फैसलों को लेकर शनिवार को एक कार्यक्रम में उसकी आलोचना करते हुए दावा किया कि उसमें कोई उम्मीद नहीं बची है।

उन्होंने कथित तौर पर कहा कि कोई उच्चतम न्यायालय पर कैसे भरोसा कर सकता है, जब वह ऐसे कानून बरकरार रखता है। उन्होंने यह बात पीएमएलए के विभिन्न प्रावधानों को बरकरार रखे जाने के संदर्भ में कही। न्यायालय के इस फैसले की विपक्षी दलों ने आलोचना की थी। रिजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि जब भी अदालतें उनकी (सिब्बल और अन्य विपक्षी नेताओं) सोच के विपरीत कोई आदेश या फैसला देती हैं तो वो संवैधानिक प्राधिकारियों पर हमला करना शुरू कर देते हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि यह समूचे देश के लिए बेहद दुखद है कि प्रमुख नेता और दल उच्चतम न्यायालय, उच्च न्यायालयों, निर्वाचन आयोग व अन्य महत्वपूर्ण एजेंसियों की निंदा कर रहे हैं। रीजीजू ने कहा, हमारी सरकार के दिमाग में यह बात बिल्कुल स्पष्ट है कि देश संवैधानिक शुचिता और कानून के शासन से शासित होना चाहिए। संवैधानिक प्राधिकारियों और अदालतों पर कोई भी हमला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है।



भुवनेश्वर में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह साथ में केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान भगवान शिव के लिंगराज मन्दिर में किया दर्शन।

## तानाशाह सरकार के खिलाफ एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की ज़रूरतः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ पर सोमवार को कहा कि मौजूदा तानाशाह सरकार के खिलाफ और देश की रक्षा के लिए एक और करो या मरो जैसे आंदोलन की जरूरत है। तानाशाही, महंगाई और बेरोज़गारी को भारत छोड़ना ही होगा। कांग्रेस नेता ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, इतिहास का वो पन्ना जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता – भारत छोड़ो आंदोलन। 8 अगस्त 1942 को मुंबई से शुरू हुए इस आंदोलन ने अंग्रेज़ों की नींद उड़ा दी थी। अगस्त की उस शाम को मुंबई के गोवालिया टैंक मैदान में लोगों ने जुटना शुरू किया, गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया और बस हिंदुस्तान में अंग्रेज़ी हुकूमत का अध्याय शुरू हो गया। राहुल गांधी के अनुसार, अपनी जन्दिगी की परवाह किए बगैर लाखों देशवासी इस आंदोलन में कूद पड़े, इस आंदोलन में लगभग 940 लोग शहीद हुए और हज़ारों गिरफ्तारियां हुईं।

# कोझिकोड की मेयर के आरएसएस के आयोजन में शामिल होने से छिड़ा विवाद

**कोझिकोड (केरल)।** कोझिकोड की मेयर बीना फिलिप के आगामी श्रीकृष्ण जयंती समारोह के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने से केरल में विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि यह सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच मिलीभगत को दर्शाता है। मेयर फिलिप ने रविवार को आरएसएस के तहत एक संगठन बालगोकुलम के एक कार्यक्रम में भाग लिया और एक भाषण दिया उत्तर भारतीय केरल की तुलना में बच्चों की बेहतर देखभाल करते हैं। इस कार्यक्रम में फिलिप के शामिल होने से विवाद शुरू होने के बीच सत्तारूढ़ दल माकपा ने मेयर की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया और कहा कि उनकी टिप्पणी पूरी तरह से अस्वीकार्य है।

माकपा ने एक बयान में कहा, कोझिकोड नगर निगम की मेयर बीना फिलिप द्वारा आरएसएस के तहत एक संगठन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान दिया गया भाषण सही नहीं था। उस विशेष मुद्दे के प्रति मेयर का रुख पार्टी के बिल्कुल विपरीत है। माकपा इसे स्वीकार नहीं सकती। पार्टी ने मेयर के रुख की सार्वजनिक रूप से निंदा करने का फैसला किया है।

इस बीच, मेयर ने मीडिया से कहा कि उनके बयानों को दुर्भावनापूर्ण इरादे से तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। विपक्ष के नेता वी डी सतीशन ने कहा कि वाम मोर्चा सरकार ने अपनी वामपंथी पहचान खो दी है और उस मोर्चे के सहयोगी भी इस तरह के घटनाक्रम से नाखुश हैं। कांग्रेस नेता सतीशन ने कहा, माकपा अभी चुप क्यों है? उन्होंने हाल में मेरी एक पुरानी तस्वीर निकालकर बड़ा मुद्दा बनाया जिसमें मैंने स्वामी विवेकानंद पर एक पुस्तक का विमोचन किया था। मेयर ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी को भी इस तरह के किसी भी कार्यक्रम में शामिल होने से प्रतिबंधित नहीं किया है। इसका मतलब है कि उन्होंने पार्टी की जानकारी के साथ कार्यक्रम में शिरकत की।

फिलिप ने अपने भाषण में कहा कि केरल में बच्चों की देखभाल उतनी अच्छी नहीं होती है, जितनी उत्तर भारत में होती है। उन्होंने रविवार को अपने भाषण में कहा था, बाल मृत्यु दर कम होने का मतलब यह नहीं है कि बच्चों की देखभाल अच्छी है। इसके लिए हमें अपने बच्चों को उत्तर भारतीयों की तरह प्यार करना सीखना होगा। फिलिप ने कहा था कि केरलवासी अपने बच्चों को लेकर स्वार्थी हैं और दूसरे बच्चों के साथ अलग व्यवहार करते हैं लेकिन उत्तर भारत में हर बच्चे की समान देखभाल की जाती है।

## तमिलनाडु के मंदिर से 50 वर्ष पहले चोरी हुई देवी पार्वती की प्रतिमा अमेरिका में मिली

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कुंभकोणम शहर के थंडाथोट्टम स्थित नंदनपुरेश्वर सिवन मंदिर से करीब 50 साल पहले चोरी हुई देवी पार्वती की प्रतिमा अमेरिका के न्यूयॉर्क में मिली है। तमिलनाडु के अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) के प्रतिमा प्रकोष्ठ ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीआईडी ने बताया कि प्रतिमा न्यूयॉर्क के बोनहम्सो नीलामी घर से मिली है। इसने बताया कि प्रतिमा के चोरी होने की शिकायत वर्ष 1971 में स्थानीय पुलिस से की गई थी और प्रतिमा प्रकोष्ठ ने के. वासु नामक व्यक्ति की शिकायत पर फरवरी 2019 में प्राथमिकी दर्ज की तथा तब से मामला लंबित है। सीआईडी ने बताया कि इस मामले पर ध्यान हाल में तब गया जब प्रतिमा प्रकोष्ठ की निरीक्षक एम.चित्रा ने जांच शुरू की और उन्होंने विदेश के विभिन्न संग्रहालयों तथा नीलामी घरों में देवी पार्वती की चोल काल की प्रतिमाओं संबंधी जानकारी एकत्र करनी शुरू की। गहन जांच के बाद चित्रा ने बताया कि चोरी गई प्रतिमा बोनहम्सो नीलामी घर में है।

# ओडिशा महसूस कर रहा अच्छे दिन, राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में राज्य से प्रतिनिधिः शाह

● केंद्र सरकार ओडिशा के लोगों के समग्र विकास के लिए नवीन पटनायक की अगुवाई वाली सरकार के साथ करीबी तालमेल के साथ काम कर रही

**भाषा।** कटक

**केंद्रीय गृह मंत्री** अमित शाह ने सोमवार को कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ओडिशा के लोगों के समग्र विकास के लिए नवीन पटनायक की अगुवाई वाली सरकार के साथ करीबी तालमेल के साथ काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के शीर्ष शासन तंत्र में बड़ी संख्या में राज्य के प्रतिनिधि हैं। गृह मंत्री ने ओडिया दैनिक प्रजातंत्र की 75वीं वर्षगांठ पर यहां इनडोर स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, चाहे आरबीआई के गवर्नर हों या भारत की राष्ट्रपति, राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी संख्या में ओडिशा के प्रतिनिधि हैं। राज्य वर्तमान समय में अच्छे दिन महसूस कर रहा है।

शाह जब भाषण देने स्टेज पर पहुंचे तो लोगों ने अमित शाह जिंदाबाद के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र बीजद सरकार के साथ तालमेल बनाते हुए ओडिशा में सर्वांगीण विकास लाने का प्रयत्न कर रहा है। शाह ने कहा, गरीब आदिवासी गांव की एक महिला भारत की महामहिम (राष्ट्रपति) बन गई हैं। इस राज्य से धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री और अश्वनी वैष्णव रेल मंत्री हैं। टुडु (विश्वेश्वर) भी मंत्रिपरिषद में हैं। आजादी के बाद से ओडिशा का राष्ट्रीय स्तर पर इतना बड़ा प्रतिनिधित्व कभी नहीं रहा।

संभावनाओं के राज्य के रूप में उभरने के लिए ओडिशा में विपुल संभावनाएं होने का दावा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, यहां लंबी तटरेखा है, समृद्ध खनिज संसाधन हैं, वन हैं एवं प्रतिभाशाली मानव संसाधन हैं। मुझे ओडिशा का बेहतर भविष्य नजर आता है। ओडिशा और गुजरात के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की दोनों राज्यों में व्यापक रूप पूजा की जाती है। ओडिशा पूरब में स्थित है तो गुजरात पश्चिम में। भगवान जगन्नाथ ऐसे देव हैं जो पूरब और पश्चिम के लोगों को जोड़ते हैं। स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान को लेकर प्रजातंत्र के संस्थापक डॉ. हरेमकृष्णा महताब की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि लोग ओडिया साहित्य में उनके कार्य के कारण भी उन्हें याद करेंगे। इससे पहले दिन में शाह भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर पहुंचे। वह कटक में नेताजी संग्रहालय भी गए जहां उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि दी।



नई दिल्ली में शिरोमणि अकाली दल सांसद हरसिमरत कौर बादल भाजपा सांसद विजय गोयल को संसद भवन के गेट पर राखी बांधती हुई।

# ब्रू समुदाय पुनर्वास शर्तों पर राजी नही हुआ तो एक सितंबर से बंद हो जाएंगी सरकारी सुविधाएं

**अगरतला।** पुनर्वास पैकेज लागू होने जा रहा है और ऐसे में मिजोरम से भाग कर आने के बाद त्रिपुरा में राहत शिविरों में रह रहे ब्रू शरणार्थी यदि कहीं ओर पुनर्वास के लिए राजी नहीं होते हैं तो वे एक सितंबर से मुफ्त राशन जैसे लाभों को हासिल करने के हकदार नहीं रह जाएंगे। ए ब्रू शरणार्थी उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर और पानीसागर उपसंभागों में सात राहत शिविरों में रह रहे हैं। एक अधिकारी ने कहा कि ब्रू समुदाय के ऐसे आंतरिक रूप से विस्थापित 3232 परिवारों को पहले ही त्रिपुरा में अन्य जगहों पर बसा दिया गया है और उन्हें आवास से लेकर नकद राहत तक के लाभ मिल रहे हैं। कंचनपुर के उपसंभाग मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुभाष आचार्य ने कहा, हमें आदेश मिला है कि राहत शिविरों में ठहरे ब्रू शरणार्थियों की राहत एक सितंबर से रोक दी जाएगी। तद्नुसार, ब्रू समुदाय के नेताओं से उन परिवारों के मुखिया से सहमति पत्र जमा कराने को कहा गया है जिनका अबतक पुनर्वास नहीं हुआ है। उस पत्र में वे बताएं कि वे कहां अपना पुनर्वास चाहते हैं।

त्रिपुरा सरकार ने 31 अगस्त तक राज्य के 12 स्थानों पर ब्रू परिवारों का पुनर्वास करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले साल जनवरी में ब्रू समुदाय, केंद्र तथा त्रिपुरा एवं मिजोरम सरकार के बीच करार होने के बाद से राज्य (त्रिपुरा) सरकार पहले ही 6,959 ब्रू परिवारों के 37,136 सदस्यों के पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है। प्रत्एक पुनर्वासित ब्रू परिवार को।,200 वर्ग फुट का भूखंड आवंटित किया गया है और घर बनाने के लिए सरकार द्वारा 1.5 लाख रुपए प्रदान किए गए हैं।

यह समझौता प्रत्एक परिवार के लिए 4 लाख रुपए की सावधि जमा, 5,000 रुपए की मासिक राशि और सभी क्लस्टर गांवों में स्कूलों की स्थापना के अलावा दो साल के लिए मुफ्त मासिक राशन की गारंटी देता है। बांग्लादेश और त्रिपुरा से सटे पश्चिमी मिजोरम के क्षेत्रों को अलग करके समुदाय के लिए एक अलग स्वायत्त जिला परिषद की मांग के साथ सितंबर 1997 में विवादास्पद ब्रू मुद्दा शुरू हुआ। जातीय संघर्ष के कारण बड़ी संख्या में ब्रू लोग मिजोरम से भागकर त्रिपुरा आ गए।

केंद्र, त्रिपुरा और मिजोरम की सरकारों के साथ, पिछले एक दशक में उन्हें उनके गृह राज्य में वापस भेजने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उसे बहुत कम सफलता मिली। त्रिपुरा से ब्रू समुदाय के लोगों को वापस भेजने का पहला प्रयास नवंबर 2009 में और आखिरी प्रयास 2019 में किया गया था। कई ब्रू परिवारों ने सुरक्षा चिंताओं और अपर्याप्त पुनर्वास पैकेज का हवाला देते हुए मिजोरम लौटने से इनकार कर दिया। कुछ ने समुदाय के लिए एक अलग स्वायत्त परिषद की भी मांग की।

## सांसद पर हमले को लेकर भाजपा ने राजस्थान सरकार पर संसद में और बाहर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को भरतपुर से पार्टी की सांसद रंजीता कोली पर हुए कथित हमले का मुद्दा संसद के भीतर और संसद के बाहर उठाया तथा कानून एवं व्यवस्था को लेकर राजस्थान सरकार पर निशाना भी साधा। आरोप लगाया कि कांग्रेस शासित राजस्थान में स्थिति भयावह है और कानून-व्यवस्था बिगड़ी हुई है तथा खनन माफियाओं को पूरी छूट दी गई है। कोली ने दावा किया कि रविवार रात भरतपुर में एक खनन माफिया ने उनकी कार को कथित तौर पर ट्रक से कुचलने की कोशिश की। कथित हमले में उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद कोली अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र में चल रहे खनन के खिलाफ कार्वाई की मांग को लेकर भरतपुर की दिलावती पुलिस चौकी के सामने धरने पर बैठ गईं।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से चर्चा में आरोप लगाया कि भरतपुर सांसद पर चौथी बार खनन माफियाओं द्वारा हमला हुआ है। राठौड़ ने कहा, राजस्थान में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण से बाहर है। राजस्थान सरकार अपने अंतिम दिन गिन रही है, लेकिन इसमें वहां की जनता पिस रही है। अवैध खनन माफिया को वहां पूरी छूट दी गई है, ऐसा लगता है कि पूरे देश में कांग्रेस को चुनाव राजस्थान को बेचकर ही लड़ना है।

मेघवाल ने कहा कि राजस्थान में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ी हुई है और कोली पर चौथी बार खनन माफियाओं द्वारा हमला हुआ है। उन्होंने कहा, राजस्थान सरकार कानून व्यवस्था के मामले में पूरी तरह लापरवाह हो गई है। राजस्थान सरकार के हाथ में कुछ नहीं रह गया है। राज्य में दलितों और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गए हैं। लोकसभा में भाजपा की सांसद जसकौर मीणा ने कोली पर हमले का मुद्दा उठाया और कहा कि उनपर चौथी बार हमला हुआ। भाजपा के सदस्यों ने राजस्थान सरकार शर्म करो के नारे लगाकर कोली पर हुए हमले की निंदा की।

# लोकसभा ने ऊर्जा संरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी प्रदान कर दी जिसमें कम से कम 100 किलोवाट के विद्युत कनेक्शन वाली इमारतों के लिए नवीकरणीय स्रोत से ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने का प्रावधान किया गया है। निचले सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश की उपलब्धियों पर हमें गर्व है क्योंकि अक्षय ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में देश ने जो कुछ हासिल किया है, वैसा बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और विकसित देश नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि हमारा समाज पानी और सूर्य का उपासक है तथा सरकार को पर्यावरण की चिंता है।

सिंह ने कहा कि पेरिस में हुए संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉप 21) में भारत ने तय किया था कि 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा और स्वच्छ ऊर्जा जैसे गैर-जीवाश्म ईंधन वाले स्रोतों से पूरा किया जाएगा और इस लक्ष्य को देश ने नवंबर 2021 में ही प्राप्त कर लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया तेजी से बदल रही है और ऐसे में हर देश को यह समझ आ गया है कि उन्हें इस दिशा में कदम उठाना होगा। इस संदर्भ में यूरोपीय संघ के कार्बन कर लगाने की पहल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे उद्योगों को भी तैयारी करनी होगी।

सिंह ने कहा कि नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हमें निर्यातक बनना होगा। उन्होंने कहा कि हमें ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया के निर्यातक के रूप में उभरना होगा। सिंह ने कहा कि कई उद्योगों ने इस दिशा में पहल की है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने कुछ सदस्यों के संशोधनों को अस्वीकार करते हुए ध्वनिमत से ऊर्जा संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी दे दी। सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को लेकर कुछ विपक्षी सदस्यों की टिप्पणियों के जवाब में कहा कि हम लक्ष्य से नहीं चूके हैं बल्कि हम आगे चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्सर्जन घटाने के लक्ष्यों को लेकर भी हम सही तरीके से आगे चल रहे हैं। विधेयक के उद्देश्यों एवं कारणों में कहा गया है कि इसमें ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए हरित हाइड्रोजन, हरित अमोनिया, बायोमास और इथेनॉल सहित गैर-जीवाश्म स्रोतों के उपयोग का प्रस्ताव किया गया है। इसमें कहा गया है कि बड़ी आवासीय इमारतें 24 प्रतिशत बिजली का उपभोग करती हैं, इस विधेयक में ऐसी इमारतों को अधिक ऊर्जा सक्षम एवं वहनीय बनाने का प्रावधान किया गया है।

### विद्युत संशोधन विधेयक राज्यों के संवैधानिक अधिकारों पर हमलाः मुख्यमंत्री मान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि संसद में केंद्र द्वारा पेश किया गया विद्युत (संशोधन) विधेयक-2022 राज्यों के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है। केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह इस तरह की कुटिल चाल से संघीय ढांचे को कमजोर कर रही है। बिजली आपूर्तिकर्ताओं के वितरण नेटवर्क तक गैर-भेदभावपूर्ण खुली पहुंच की अनुमति देने के लिए लाए गए विद्युत (संशोधन) विधेयक 2022 को विपक्ष के विरोध के बीच सोमवार को लोकसभा में पेश किया गया। विपक्ष का दावा है कि यह राज्य सरकारों के कुछ अधिकारों को छीनने के लिए है। मान ने कहा कि यह केंद्र सरकार का राज्यों की शक्ति को कमजोर करने का एक और प्रयास था। केंद्र को राज्यों को कठपुतली नहीं समझना चाहिए। मान ने यहां जारी एक बयान में कहा, हमारे लोकतंत्र की संघीय भावना को कमजोर करने के भारत सरकार के इस प्रयास के खिलाफ राज्य चुप नहीं बैठेंगे। राज्य अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार को बिजली क्षेत्र से संबंधित कोई भी विधेयक पेश करने से पहले राज्यों से परामर्श करना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक राज्यों पर थोपा जा रहा है, जो संघीय ढांचे पर सीधा हमला है।

केंद्र की मंशा पर सवाल उठाते हुए मान ने कहा कि जब राज्य अपने दम पर लोगों को बिजली मुहैया कराते हैं, तो संसद में विधेयक पेश करते समय उनका प्रतिक्रिया क्यों नहीं ली गई। उन्होंने पंजाब का उदाहरण देते हुए कहा कि राज्य में किसानों को कृषि के लिए मुफ्त बिजली दी जा रही है। इसी तरह, घरेलू उपभोक्ताओं को भी मुफ्त बिजली की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र अपनी शर्तों के अनुसार बिजली अधिनियम में संशोधन कर रहा है, तो किसानों और अन्य वर्गों को बड़ा झटका लगेगा, क्योंकि पंजाब जैसे राज्य इस तरह की जनहितैषी पहल को जारी रखने में सक्षम नहीं होंगे। मान ने कहा कि केंद्र को आग से खेलने से बचना चाहिए। मान ने केंद्र सरकार से अपने कदम पर पुनर्विचार करने को कहा, क्योंकि देश के लोग ऐसे एकतरफा फैसलों को कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे।



पटना में लोजपा मुखिया चिराग पासवान प्रेस कांफ्रेंस करते हुए।

## सशस्त्र बलों में 1,35,870 जवानों की कमी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को संसद को बताया कि तीनों सशस्त्र सेनाओं में वर्तमान में 1.35 लाख से अधिक कर्मियों की कमी है। सबसे अधिक भारतीय सेना में 1,16,484 सैनिकों की कमी है। राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने यह जानकारी दी। वर्तमान में भारतीय सेना में 7,799 अधिकारियों और 1,08,685 सैनिकों, भारतीय नौसेना में।,446 अधिकारियों और 12,151 नाविकों तथा भारतीय वायु सेना में 572 अधिकारियों और 5,217 एयरमैन की कमी है। तीनों सेनाओं में कुल 1,35,870 कर्मियों की कमी है। 2020 और 2021 के दौरान कोविड-19 महामारी के कारण भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हुई थी, कोविड-19 की स्थिति में सुधार होने के बाद वर्ष 2022 के लिए भर्ती प्रक्रिया आरंभ हो गई है। भट्ट ने कहा कि प्रत्एक वर्ष तीनों सशस्त्र सेनाओं में सेवानिवृत्ति, समय पूर्व सेवानिवृत्ति, चिकित्सकीय कारणों, दुर्घटनाओं आदि के कारण औसतन 60,000 रिक्तियां होती हैं।

# फलस्तीनी आतंकवादियों व इजराइल के बीच संघर्ष विराम लागू

एपी। गाजा सिटी

**इजराइल और** फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच करीब तीन दिन से चल रही हिंसा को खत्म करने के मकसद से रविवार देर रात संघर्ष विराम लागू हुआ। इस हिंसा में फलस्तीन के कई नागरिक मारे गए और हजारों इजराइलियों का जनजीवन प्रभावित हुआ है।

इजराइल और हमास के बीच पिछले साल 11 दिन तक चली लड़ाई के बाद इजराइल और गाजा आतंकवादियों के बीच यह सबसे खराब संघर्ष था। मिस्र की मध्यस्थता के बाद रात करीब साढ़े 11 बजे संघर्ष विराम लागू हुआ। संघर्ष विराम शुरू होने से कुछ मिनट पहले तक इजराइल ने हवाई हमले किए। फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि तीन दिन तक चली इस लड़ाई में 15 बच्चों और चार महिलाओं समेत 43 फलस्तीनी मारे गए और 311 घायल हो गए। इजराइल का दावा है कि कुछ लोगों की मौत रॉकेट का निशाना चूकने के कारण हुई। इजराइल ने सोमवार को कहा कि वह मानवीय सहायता के लिए गाजा में सीमा चौकियों को आंशिक रूप से फिर से खोल रहा है और अगर शांति बरकरार रहती है तो वह इन्हें पूरी तरह खोल देगा। सेना ने कहा कि हिंसा के दौरान हजारों इजराइलियों का जनजीवन बाधित हुआ। दक्षिणी इजराइल के निवासियों पर हाल के दिनों में लगाई सुरक्षा पाबंदियां सोमवार को धीरे-धीरे हटाई गई।



इजराइल और फलस्तीनी आतंकवादियों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के बाद जश्न मनाते फलस्तीनी

इजराइल ने कहा कि अगर संघर्ष विराम का उल्लंघन होता है, तो वह इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देगा। इजराइल ने गाजा में शुक्रवार को हमले शुरू किए थे, जबकि ईरान समर्थित फलस्तीनी जिहाद आतंकवादी समूह ने इसके जवाब में इजराइल में सैकड़ों रॉकेट दागे। गाजा पर शासन करने वाला उग्रवादी समूह हमास इस संघर्ष से किनारा करता दिखाई दिया। इजराइल ने शुक्रवार को इस्लामिक जिहाद के एक नेता को मार गिराया था तथा शनिवार को दूसरे प्रमुख नेता को निशाना बनाया। इस्लामिक जिहाद का दूसरा कमांडर खालिद मंसूर शनिवार देर रात दक्षिण गाजा में राफाह शरणार्थी शिविर में हवाई हमले में मारा गया। गाजा पट्टी में रविवार को उसका अंतिम संस्कार शुरू होने पर इजराइली मंत्रालय ने कहा कि वह इस्लामिक जिहाद की संदिग्ध रॉकेट प्रक्षेपण चौकियों पर हमला कर रहा है। इजराइली सेना ने कहा कि शनिवार देर रात फलस्तीनी आतंकवादियों द्वारा दागा गया रॉकेट उत्तरी गाजा के जबालिया शहर में ही गिर गया, जिससे बच्चों समेत कई लोगों की मौत हो गई। रविवार को जेबालिया के इसी इलाके में एक घर पर प्रक्षेपास्त्र गिरा, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। फलस्तीन ने इजराइल को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है जबकि इजराइल का कहना है कि वह यह जांच कर रहा है कि क्या निशाना चूकने की वजह से रॉकेट इसी इलाके में गिरा। इजराइल के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि गाजा से दागे गए मोर्टार इजराइल में एरेज सीमा चौकी पर गिरे, जिसका इस्तेमाल हजारों गाजा निवासी रोज करते हैं।

इस बीच, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल और गाजा स्थित आतंकवादियों के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया।उन्होंने एक बयान में कहा, बीते 72 घंटों में अमेरिका ने इजराइल, फलस्तीन प्राधिकरण, मिस्र, कतर, जॉर्डन और अन्य देशों के अधिकारियों के साथ काम किया ताकि इस संघर्ष का त्वरित समाधान निकाला जा सकें। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का इस हिंसा पर आज यानी सोमवार को एक आपात बैठक करने का कार्यक्रम है।

# अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के एक साल पूरे होने पर भी खुफिया एजेंसी की नजर चीन पर

एपी। वाशिंगटन

केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के आतंकवाद रोधी केंद्र के सदस्यों की हाल ही में बंद कमरे में हुई बैठक में एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अल-कायदा और अन्य कट्टरपंथी संगठनों से लड़ाई प्राथमिकता रहेगी, जबकि एजेंसी के कोष एवं संसाधनों को चीन से निपटने के लिए लगाया जाएगा।

ड्रोन हमले में अल-कायदा के नेता को मौत के घाट उतारने के बाद भी सीआईए के आतंकवाद से निपटने पर विचार नहीं बदले हैं। एजेंसी के उप निदेशक डेविड कोहेन ने बैठक में कहा कि अमेरिका आतंकवादियों से निपटना जारी रखेगा, हालांकि उसकी प्राथमिकता चीन की रणनीति समझने और उसका मुकाबला करने की होगी। अफगानिस्तान से सैन्य कार्वाई समाप्त किए एक साल पूरा होने जा रहा है और अब भी राष्ट्रपति जो बाइडन तथा शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारी आतंकवाद के खिलाफ कम और चीन तथा रूस द्वारा उत्पन्न राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य खतरों से निपटने पर अधिक जोर दे रहे हैं। खुफिया एजेंसियों में कई अधिकारियों को चीन से निपटने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्त किया जा रहा है, जबकि इनमें से कुछ अधिकारी पहले आतंकवाद से निपटने के लिए काम कर रहे थे। पिछले सप्ताह का घटनाक्रम दिखाता है कि अमेरिका को एक ही समय में दोनों से निपटना होगा। गत सप्ताह अमेरिका ने अल-कायदा सरगना अयमान अल-ज़वाहिरी को काबुल में मार गिराया, जबकि चीन ने अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के विरोध में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास किया है और अमेरिका से सभी संबंध खत्म करने की धमकी दी है। चीन की बढ़ती राजनीतिक और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं से अमेरिका लंबे समय से चिंतित है। चीन ने कथित तौर पर दूसरे देशों के चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है, साइबर और कॉर्पोरेट क्षेत्र में जासूसी अभियान चलाए और लाखों अल्पसंख्यक उइगरों को हिरासत में लिया है।

कुछ विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि आने वाले वर्षों में चीन, ताइवान के स्व-शासित लोकतांत्रिक द्वीप पर बलपूर्वक कब्जा करने की कोशिश करेगा। खुफिया अधिकारियों ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी की उत्पत्ति का कारण नहीं बताने के बाद उन्हें चीन पर अधिक नजर रखने की जरूरत है। चीन पर आरोप है कि उसने वायरस की उत्पत्ति से संबंधित जानकारी छुपाई है। वहीं, यूक्रेन में युद्ध के बाद से रूस पर नजर रखना भी आवश्यक हो गया है।



पाकिस्तान : इस्लामाबाद में मोहर्रम को लेकर पारंपरिक तरीके से मातम मनाते मुस्लिम समुदाय के लोग

# ताइवान के पास चीन का सैन्य अभ्यास जारी

भाषा। बीजिंग

**चीन ने** ताइवान के आसपास अपना अप्रत्याशित सैन्य अभ्यास सोमवार को भी जारी रखा। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से अप्रसन्न चीन ने यह अभ्यास शुरू किया है जो सात अगस्त को समाप्त होना था। चीन का दावा है कि यह द्वीप को उसका हिस्सा है।चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, पीपुल्स लिबेरशन आर्मी (पीएलए) की पूर्वी थिएटर कमान ने सोमवार को कहा कि वह ताइवान द्वीप के नज़दीक अपना सैन्य अभ्यास जारी रखेगी जिसका जोर पनडुब्बी रोधी कार्वाई और हवा से पोत पर हमला करने पर है। पीएलए ने चार से सात अगस्त के तक द्वीप के आसपास छह क्षेत्र में संयुक्त अभ्यास किया था जिसमें उसकी सभी सशस्त्र इकाइयां शामिल थीं। सरकारी अखबार की खबर के अनुसार, पीएलए रविवार को योजना के साथ आगे बढ़ा और ताइवान द्वीप के आसपास समुद्र और वायु क्षेत्र में यथार्थवादी युद्ध संयुक्त अभ्यास जारी रखा और द्वीप पर कब्जा करने वाले अभ्यास किए।पीएलए की कमान ने रविवार देर रात एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसके बलों ने ताइवान द्वीप के आसपास के जल और हवाई क्षेत्र में रविवार को निर्धारित संयुक्त युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास जारी रखा।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार, सतह पर स्थित लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए संयुक्त रूप से हमला करने की क्षमताओं के परीक्षण पर ध्यान केंद्रित किया गया और लंबी दूरी के हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने का परीक्षण किया गया। थिएटर कमान के तहत वायु सेना ने अलग अलग तरह के विमानों को तैनात किया जिनमें पूर्व चेतावनी विमान, बम वर्षक विमान, लड़ाकू विमान आदि शामिल थे।वायु सैनिकों ने लंबी दूरी की कई रॉकेट प्रणालियों और पारंपरिक मिसाइल सैनिकों के साथ मिलकर लक्ष्यों पर संयुक्त रूप से सटीक हमलों का अभ्यास किया। इनमें नौसेना और वायु युद्ध प्रणालियों से उन्हें मदद मुहैया कराई गई। कई बम वर्षक विमानों ने उत्तर से दक्षिण और दक्षिण से उत्तर की ओर ताइवान जलडमरूमध्य के आसमान में चक्कर लगाए जबकि कई लड़ाकू विमानों ने विध्वंसकों और युद्धपोत के साथ संयुक्त अभ्यास किया। खबर के मुताबिक, पीएलए पूर्वी थिएटर कमान के वायु सेना अधिकारी झांग झी ने कहा कि सूचना आधारित स्थितियों के तहत अभियान के दौरान युद्ध प्रणालियों की रणनीति को जांचा गया और द्वीप के अहम लक्ष्यों को तबाह करने की क्षमताओं में सुधार किया गया। यह अभ्यास कब खत्म होगा इसे लेकर कोई आधकारिक घोषणा नहीं की गई है। खबर कहती है कि पीएलए अपने अप्रत्याशित युद्ध अभ्यास के प्रभावों की समीक्षा कर रही है जिसमें उसकी सारी इकाइयां शामिल हैं। वहीं उसके अगले कदम और भविष्य की कार्वाई पर बीजिंग की दुविधा को लेकर सवाल बना हुआ है।

## चीन में 900 साल पुराना लकड़ी का पुल जलकर खाक

**बीजिंग।** चीन मे 900 साल पुराना लकड़ी का एक पुल जलकर खाक हो गया है। अधिकारी आग लगने के कारणो की जांच कर रहे है।अधिकारियो के मुताबिक, दक्षिण-पूर्वी चीन मे फुजियान प्रांत की पिंगनान काउंटी मे शनिवार रात वानान पुल मे आग लग गई। इस घटना के वीडियो और तस्वीरो मे पुल पूरी तरह से आग की लपटो मे घिरा नजर आता है। इस घटना मे किसी के हताहत होने की कोई सूचना नही है।चीन मे 98 मीटर लंबा यह पुल अपनी तरह का लकड़ी का सबसे लंबा पुल था। बीते 900 वर्षों में इस पुल की कई बार मरम्मत की गई थी। आखिरी बार 1932 में इस पुल की मरम्मत हुई थी।पत्थर के पांच खंभो पर खड़ा लकड़ी का यह पुल एक नदी के दोनों छोर को जोड़ता था। इस पुल का निर्माण चीन के सोंग राजवंश ने कराया था।

## चीन में म्यांमा के राजदूत का निधन

**बीजिंग।** चीन मे म्यांमा के राजदूत का निधन हो गया है। चीन की सरकार ने सोमवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने म्यांमा के राजदूत मायो थांट पे की कथित मौत के बारे मे पूछे गए एक सवाल के जवाब मे कहा, आपने जो कहा, मै उसकी पुष्टि कर सकता हूं। प्रवक्ता वांग वेनबिन ने यह नही बताया कि राजदूत की मौत कब और कैसे हुई। मायो थांट पे 2019 से ही चीन में म्यांमा के राजदूत के रूप में कार्यरत थे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, उन्होने खुद को चीन-म्यांमा संबंधों के विकास के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा, हम उनके आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि व्यक्त करते है और हमारी संवेदना उनके परिवार के साथ है। गौरतलब है कि चीन म्यांमा के सबसे करीबी सहयोगियो में से एक है और उसने देश मे सत्तारूढ़ सेना के लिए स्पष्ट समर्थन व्यक्त किया है जिसने पिछले साल म्यांमा की सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

## ईरान मे 10 लोगों की हत्या के आरोप में अफगानिस्तान का एक व्यक्ति गिरफ्तार

**तेहरान।** ईरान में जमीन को लेकर हुए झगड़े के बाद खेत में काम करने वाले 10 मजदूरों की चाकू मारकर हत्या करने के आरोप मे अफगानिस्तान के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। ईरान की सरकारी मीडिया की एक खबर में सोमवार को यह जानकारी दी गई। घटना दक्षिण-पूर्वी ईरान के एक सुदूर गांव की है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बताया कि रविवार को हुई इस घटना मे चार ईरानी और अफगानिस्तान के छह लोग मारे गए थे। वही, एक अन्य मजदूर घटना मे घायल हो गया, जिसे अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। ईरान मे दशकों से कायम सूखे की समस्या के कारण जल संसाधनो के साथ ही पानी की बेहतर पहुंच वाली जमीनो को लेकर भी विवाद बढ़ गए है।

## यूक्रेन से अनाज लेकर इस्तांबुल पहुंचा पहला जहाज

**इस्तांबुल।** वैश्विक खाद्य संकट के खतरे के बीच खाद्य पदार्थों की आपूर्ति बहाल करने के समझौते के तहत यूक्रेन से अनाज की खेप लेकर पहला जहाज सोमवार को तुर्की के इस्तांबुल शहर पहुंचा। पांच अगस्त को यूक्रेन के कोर्नोमोर्स्क से रवाना होने के बाद यह जहाज तुर्किए के इज़मित की खाड़ी मे डेरिंस बंदरगाह पर उतरा। इस जहाज मे 12 हजार टन मक्का लदा हुआ था। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने ट्वीट किया, यह पश्चिम एशिया, अफ्रीका और एशिया के प्रत्एक परिवार मे आशा का एक संदेश भेजता है : यूक्रेन आपको असहाय नही छोड़ेगा। उन्होने कहा, अगर रूस अपने दायित्वो पर कायम रहता है, तो यह अनाज गलियारा वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बनाए रखेगा। तुर्किए और संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता के परिणामस्वरूप यूक्रेन और रूस के बीच हुए इस समझौते के तहत कुल 10 खेप के जरिए अनाज की आपूर्ति की जाएगी।

## अगले दो साल में विमानन क्षेत्र में एक लाख और लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद: मंत्रालय

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय विमानन क्षेत्र में अगले दो साल के दौरान एक लाख और लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। लोकसभा में सोमवार को पेश एक रिपोर्ट के अनुसार, विमानन मंत्रालय ने संसदीय समिति को बताया, अनुमान बताते है कि विमानन और वैमानिकी विनिर्माण क्षेत्र मे वर्तमान मे प्रत्यक्ष रूप से लगभग 2,50,000 लोगों को रोजगार मिला है। रिपोर्ट में कहा गया कि 2,50,000 के आंकड़े में पायलट, चालक दल के सदस्य, इंजीनियर, तकनीकी कर्मचारी, हवाईअड्डा स्टाफ, प्रबंधन, माल, खुदरा, सुरक्षा, प्रशासनिक और बिक्री कर्मचारी शामिल है।मंत्रालय ने कहा, 2024 तक यह संख्या बढ़कर 3,50,000 हो सकती है। विमानन क्षेत्र में अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष नौकरियो का अनुपात लगभग 4:8 है। रिपोर्ट के अनुसार, मांग मे अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए भारतीय विमानन कंपनियो के विमानो के बेड़े मे वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके लिए अगले पांच वर्षों के दौरान अतिरिक्त लगभग 10,000 पायलटों की जरूरत होगी।

## क्विक न्यूज

### आईओसी के अगरतला बॉटलिंग संयंत्र का उद्घाटन

**गुवाहाटी।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) का त्रिपुरा के अगरतला में 169.11 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एलपीजी बॉटलिंग संयंत्र शुरू हो गया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने रविवार को एक कार्यक्रम में इस संयंत्र का औपचारिक तौर पर उद्घाटन किया। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण राज्यमंत्री प्रतिमा भौमिक भी मौजूद थी। आईओसी के कार्यकारी निदेशक (एओडी) गणेशन रमेश ने बयान में कहा कि 40 एकड़ में बने इस बॉटलिंग संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन नवंबर 2021 से ही शुरू हो गया था। लेकिन इसका औपचारिक उद्घाटन रविवार को हुआ। इस संयंत्र की आधारशिला 2017 मे रखी गई थी और निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप फरवरी, 2020 में इसका निर्माण पूरा हो गया था। रमेश ने कहा कि इस संयंत्र के निर्माण पर 169.11 करोड़ रुपए निवेश किए गए है। आने वाले समय मे इसमे और निवेश किया जाएगा।

### चालू वित्त वर्ष में 1.62 लाख करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण किया जाना है

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान 1,62,422 करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण किया जाना है। सरकार ने पिछले साल छह लाख करोड़ रुपए का राष्ट्रीय परिसंपत्ति मुद्रीकरण कार्यक्रम (एनएमपी) शुरू किया था। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पिछले वित्त वर्ष मे लगभग 97,000 करोड़ रुपए के कुल मुद्रीकरण मूल्य के साथ लेनदेन पूरा किया था।

### भारती एयरटेल का शुद्ध लाभ जून तिमाही में पांच गुना होकर 1,607 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही मे पांच गुना से अधिक होकर 1,607 करोड़ रुपए पहुंच गया है। एयरटेल ने शेयर बाजारों को सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 283.5 करोड़ रुपए था। कंपनी की एकीकृत परिचालन आय जून, 2022 को समाप्त तिमाही मे करीब 22 प्रतिशत बढ़कर 32,805 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 26,854 करोड़ रुपए थी। भारती एयरटेल की देश में मोबाइल सेवा से आय 27 प्रतिशत बढ़कर 18,220 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 14,305.6 करोड़ रुपए थी।

### इलेक्ट्रॉनईवी की भारत के इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में उतरने की तैयारी

**मुंबई।** अमेरिका की इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी इलेक्ट्रॉनईवी ने डिलिवरी वैन, ट्रक और बसों जैसे इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों को पेश करने के साथ घरेलू इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में उतरने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि वह अपने उत्पादों और एंड-टू-एंड मोबिलिटी सॉल्यूशंस को बी2बी और बी2सी दोनो बाजारों में बेचने की योजना बना रही है। इलेक्ट्रॉनईवी के पास पहले से ही अमेरिका में 500 से अधिक इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों का बेड़ा है। इलेक्ट्रॉनईवी ने बयान में कहा कि कंपनी भारतीय बाजार में अनुकूलित ईवी, वाहन और बेड़ा प्रबंधन समाधान, डिजिटल कॉकपिट और आईओटी समाधान जैसी सेवाएं पेश करेगी।


### सेना डिजाइन ब्यूरो ने ड्रोन विकसित करने के लिए डीएफआई के साथ समझौता किया

**नई दिल्ली।** सेना डिजाइन ब्यूरो (एडीबी) ने सोमवार को भारतीय ड्रोन महासंघ (डीएफआई) के साथ एक सहमति पत्र पर दस्तखत किए, जिसके तहत भारतीय सैनिकों के लिए उच्च क्षमता वाले ड्रोन विकसित किए जाएंगे। डीएफआई एक उद्योग निकाय है, जिसमें एस्टेरिया एयरोस्पेस, क्विडिच इनोवेशन लैब्स, ऑटोमाइक्रो यूएएस, आरव अनमैन्ड सिस्टम्स और इंड्रोन्स इसके सदस्य हैं। एक बयान के अनुसार इस कार्यक्रम के तहत डीएफआई और एडीबी इंडियन आर्मीज हिम-ड्रोन-ए-थॉन नामक एक कार्यक्रम शुरू करेंगे। भारतीय सेना के संचालन को समर्थन देने के लिए ड्रोन-आधारित समाधानों के विकास के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जाएंगे। बयान में आगे कहा गया, एडीबी चयनित प्रतिभागियों को परामर्श देगा और क्षेत्र का दौरा कराएगा, ताकि भारतीय उद्योग को जमीनी स्तर पर परिचालन स्थितियों के बारे में पता चल सके। सहमति पत्र (एमओयू) के तहत डीएफआई और एडीबी मसौदा योजना, अनुसंधान, परीक्षण, विनिर्माण और संबंधित प्रौद्योगिकियों पर सहयोग करेंगे, जिनका उपयोग भारतीय सेना कर सकती है। डीएफआई के अध्यक्ष स्मित शाह ने कहा कि यह सहयोग ड्रोन उपयोग के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देगा।

# सेंसेक्स 465 अंक चढ़कर चार महीने के उच्चस्तर पर, निफ्टी 17,500 अंक के पार

भाषा। मुंबई

**स्थानीय शेयर** बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 465 अंक से अधिक चढ़कर चार महीने के उच्चस्तर पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के साथ एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि. तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में तेजी के साथ बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 465.14 अंक यानी 0.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 58,853.07 अंक पर बंद हुआ। 11 अप्रैल के बाद यह सेंसेक्स का उच्चस्तर है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 127.60 अंक यानी 0.73 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,525.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा को सर्वाधिक लाभ रहा। कंपनी के शेयर में 3.13 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, एचडीएफसी, डॉ. रेड्डीज, इंडसइंड बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक में सर्वाधिक 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, नेस्ले इंडिया, विप्रो और सन फार्मा भी नुकसान में रहे। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख (खुदरा) श्रीकांत चौहान ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) फिर से घरेलू शेयर बाजार में निवेश करना शुरू कर दिया है। इससे बाजार को गति मिल रही है। पिछले कुछ महीने से एफआईआई लगातार शुद्ध रूप से बिकवाल बने हुए थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मुख्य रूप से विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत लिवाली और कच्चे तेल के दाम में नरमी से बाजार में तेजी रही। आज की बढ़त में प्रमुख कंपनियों के शेयरों का उल्लेखनीय योगदान रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक का वित्तीय नतीजा उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है। इससे बैंक शेयर दबाव में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और जापान का निक्की लाभ में रहे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.32 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 1,605.81 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।



# पीएनबी हाउसिंग ने 9-12 लाख रुपए के किफायती ऋण की पेशकश के लिए उन्नति में सुधार किया

भाषा। नई दिल्ली

**पीएनबी हाउसिंग** फाइनेंस अपने उन्नति ऋण पोर्टफोलियो में सुधार कर रही है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरदयाल प्रसाद ने कहा कि इस पहल के तहत किफायती आवास खंड में उन ग्राहकों पर खासतौर से ध्यान दिया जाएगा, जिन्हें 9-12 लाख रुपए के कर्ज की जरूरत है। पीएनबी हाउसिंग ने उन्नति के तहत एक छोटा खंड बनाया है, जो मौजूदा 18-19 लाख रुपए के किफायती आवास ऋण से अलग होगा।

प्रसाद ने कहा, हम एक पूरी अवसंरचना तैयार कर रहे हैं। हमने जून तिमाही में पहले ही 10 और शाखाएं खोली हैं। उन्नति पर नीति पूरी तरह से बदली हुई है। इसमें पूरी तरह अलग तरीके से व्यापार होगा। ऋण की राशि 9-12 लाख रुपए होगी, जो आज लगभग 18-19 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि मार्च, 2022 में 20 शाखाएं खोली गई हैं और आगे इनकी संख्या और बढ़ाई जाएगी।

पीएनबी हाउसिंग इससे पहले इस ऋण वर्ग में नहीं था, और उसके कुछ प्रतिस्पर्धी एचएफसी इस तरह के कर्ज देते थे।

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) द्वारा प्रवर्तित आवास वित्त कंपनी (एचएफसी) ने लगभग 140 जिलों की पहचान की है, जहां वह उन्नति के तहत उत्पादों की पेशकश करेगी। प्रसाद ने कहा, हम लगभग 10-12 राज्यों में प्रवेश करने जा रहे हैं। चाहे वह उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना हो, हम अखिल भारतीय होने जा रहे हैं। इन राज्यों में हमारी शाखाएं होंगी। कंपनी ने एक नया अधिकारी नियुक्त किया है, जो खासतौर से किफायती आवास खंड का काम देखेंगे।

## डीजीटीआर ने चीन से आयातित कटाई उपकरण पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीटीआर ने चीन से एक खास प्रकार के कटाई उपकरण के आयात पर पांच साल के लिए डंपिंग रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है। व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) ने रेजिन बॉन्डेड थिन व्हील्स की डंपिंग की जांच के बाद शुल्क लगाने की सिफारिश की है और कहा है कि इसके सस्ते आयात से घरेलू उद्योगों को नुकसान हो रहा है। इस उपकरण का उपयोग वेल्डिंग और कटिंग से लेकर विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। निदेशालय ने अपने निष्कर्षों में कहा कि इस उपकरण का आयात चीन से भारत में महत्वपूर्ण मात्रा में किया जा रहा है और इससे घरेलू उद्योग को नुकसान पहुंच रहा है। डीजीटीआर ने एक अधिसूचना में कहा, पांच साल के लिए निश्चित डंपिंग रोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की गई है।

# 5जी मोबाइल सेवाएं लगभग एक महीने में शुरू होने की संभावना

भाषा। नई दिल्ली

**दूरसंचार राज्य** मंत्री देवुसिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित उच्च गति वाली 5जी सेवाएं लगभग एक महीने में शुरू हो सकती हैं। चौहान ने एशिया और ओशिनिया क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय मानकीकरण मंच (आरएसएफ) के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह उम्मीद जताई।उन्होंने कहा कि भारत इस साल के अंत तक 5जी सेवाओं के लिए स्वदेश में विकसित और निर्मित 5जी दूरसंचार गियर तैनात कर सकता है। उन्होंने कहा, लगभग एक महीने में देश में 5जी मोबाइल सेवाएं शुरू हो जाएंगी, जिसका सभी क्षेत्रों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। एक 6जी प्रौद्योगिकी नवाचार समूह भी स्थापित किया गया है, जो स्वदेशी 6जी स्टैक के विकास की दिशा में काम कर रहा है। चौहान ने कहा कि सरकार स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित उन्नत दूरसंचार प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रही है, और इसके चलते भारत में आज एक मजबूत घरेलू 5जी मोबाइल संचार पारिस्थितिकी तंत्र है। मंत्री ने कहा, हमने पूरी तरह से स्वदेशी 5जी टेस्ट बेड विकसित किया है, जो 5जी नेटवर्क तत्वों के परीक्षण की सुविधा देगा। भारत में 5जी नेटवर्क को लागू करने के लिए हमें वर्ष के अंत तक स्वदेशी रूप से विकसित और निर्मित 5जी स्टैक तैयार होने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि भारतीय दूरसंचार बाजार में वृद्धि मोदी सरकार की बाजार अनुकूल नीतियों से हुई है। चौहान ने कहा, हमने दूरसंचार क्षेत्र में कई संरचनात्मक और प्रक्रियात्मक सुधारों की शुरुआत की है। इन सुधारों ने दूरसंचार उद्योग के लिए एक बेहद सकारात्मक और भविष्योन्मुखी वातावरण तैयार किया है। नतीजतन, भारत में हाल ही में 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी में 20 अरब अमेरिकी डॉलर (1.5 लाख करोड़ रुपए) की बोलियां मिलीं। उन्होंने कहा कि भारतीय इंजीनियरों ने 5जी मानकों का एक सेट विकसित किया है, जिससे ग्रामीण इलाकों में 5जी नेटवर्क के प्रसार में आसानी होगी।



# संयुक्त गन्ना आयुक्त ने गन्ना विकास कार्यों का लिया जायजा

संवाददाता। गोंडा

**अपर मुख्य** सचिव संजय आर भूसरेड्डी के निर्देशन में देवीपाटन मंडल के नोडल अधिकारी व संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया ने गन्ना विकास कार्यों, गन्ना सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन, चीनी मिल के द्वारा की जा रही मरम्मत कार्यों की समीक्षा किया।

यह जानकारी देते हुए जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि संयुक्त गन्ना आयुक्त द्वारा मैजापुर चीनी मिल परिक्षेत्र के ग्राम कस्तूरी में उपस्थित कृषकों के सर्वे एवं सट्टा प्रदर्शन का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही कृषकों को नवीन प्रजातियों की बुवाई एवं वैज्ञानिक विधि से गन्ने की खेती करके अधिक पैदावार प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दिया। साथ ही पेडी प्रबंधन यंत्र के माध्यम से खेती करके अच्छी पैदावार लेने के लिए कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान सहकारी गन्ना विकास समिति के हिस्सा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। क्षेत्र के ग्राम कमालपुर एवं कोड़हा जगदीशपुर के अंतर्गत पेड़ी प्रबंधन यंत्र द्वारा तैयार किए गए द्वितीय पेड़ी के प्लाट एवं गड्ढा विधि द्वारा तैयार किए गए प्रजाति को0 0118 एवं को0 15023 के प्लाटों का भी उन्होंने अवलोकन किया। इस मौके पर चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) पीके चर्तुवेदी ने किसानों को पेड़ी प्रबंधन यंत्र का प्रयोग करके द्वितीय पेडी रखने की सलाह दी। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी बहराइच, मैजापुर गन्ना विकास परिषद के सीनियर सीडीआई, समिति के सचिव तथा मैजापुर चीनी मिल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


गन्ने के प्लाट का स्थलीय निरीक्षण करते संयुक्त गन्ना आयुक्त विश्वेश कनौजिया

## तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

संवाददाता। गोंडा

**पुलिस अधीक्षक** आकाश तोमर के दिशा-निर्देशन में थाना कोतवाली देहात पुलिस ने हत्या के आरोप में नकछेद तिवारी उर्फ रामसघन तिवारी पुत्र रामप्रताप तिवारी, ठाकुर प्रसाद एवं मुकेश निवासी ठाकुरदीन पुरवा ठडक्की पट्टी थाना कोतवाली देहात गोंडा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद आलाकत्ल हसिया बरामद कर लिया है।

यह जानकारी देते हुए एसपी श्री तोमर ने बताया कि थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अन्तर्गत ठाकुरदीन पुरवा ठडक्की पट्टी मे सोमवार को खेत में सीमेंट का खंभा गाड़ने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें नकछेद व उनके सहयोगीगणों द्वारा अरुण प्रसाद मिश्राा व दिवाकर मिश्र को लाठी-डंडे व धारदार हथियार से चोट पहुँचायी गयी थी। जिससे अरुण प्रसाद मिश्रा की मृत्यु हो गई थी व दिवाकर मिश्र व मनोजा पत्नी दिवाकर गम्भीर रूप से घायल हो गयी थी। मामले में मृतका की पत्नी श्रीमती सोना देवी ने थाना को0 देहात मे सम्बन्धित धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कराया था।

# जहरीला कीड़ा काटने से तीन बच्चों की मौत, एक लड़ रहा मौत से जंग

संवाददाता। बांदा

**एक मामला** सामने आया है जहां पर आज 3 बच्चों की मौत हो गई है बता दें कि मरने वाले सभी बच्चों को किसी जहरीले कीड़े ने सोते वक्त काट लिया था जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है और वहीं दूसरी तरफ एक बच्चा जहरीले कीड़े के काटने की वजह से जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ने में लगा हुआ है जैसे ही पूरे मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को लगी तो स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच पड़ताल की जांच पड़ताल के बाद तीनों मृतक बच्चों के शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दें पूरा मामला बांदा जनपद के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ज्योति नगर का है जहां के रहने वाले एक ही परिवार के चार बच्चों को रात में सोते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया था जैसे ही परिजनों ने सुबह बच्चों को दर्द से कराहते और तड़पते हुए देखा तो तत्काल उन्हें उपचार के लिए बांदा जिला अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वहां पर भी जब डॉक्टरों के द्वारा बच्चों की हालत नहीं समझे तो जिला अस्पताल के डाक्टरों ने उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां पर चारों बच्चों का अभी तक उपचार चला लेकिन 4 बच्चों में से 3 बच्चों ने जिंदगी की लड़ाई हर कर दम तोड़ दिया और वही अभी भी एक बच्ची आईसीयू में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ने में लगी हुई है वही जब पूरे मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गई तो उन्होंने बताया कि फिलहाल 4 बच्चों को जहरीले कीड़े ने काटा था जिसमें से तीन की मौत हो चुकी है और एक का उपचार अभी भी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है मृतक बच्चों के शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है इसके साथ ही राजस्व विभाग की टीम की निगरानी में पोस्टमार्टम होने के बाद ही आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



# बीएमपीएस में बहनो ने भाइयों को राखी बांध लिया सुरक्षा का वचन

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**नगर की** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में रक्षा बंधन त्योहार के उपलक्ष्य में विद्यालय की छात्राओं ने अपने मुँह बोले भाइयो की कलाइयों में खुद से बनाई गई राखी को बाँधकर उनके लंबी उम्र की कामना की। वहीं मुंह बोले भाइयों ने भी सभी मुंह बोली बहनों को हमेशा अपेक्षित सहयोग करने का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है कि बीएमपीएस प्रबंधन श्रेष्ठ शैक्षिक व्यवस्था करने के साथ-साथ बच्चों को हर क्षेत्र में निपुण बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता आ रहा है। विद्यालय के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह, प्रबंधक शान्तनु सिंह व प्रबंध-निदेशक सुनील सिंह ने भाई-बहन के इस पवित्र त्योहार को आपसी भाई-चारे के साथ परस्पर मिलकर मनाने की अपील की। विद्यालय में राखी मेकिंग कम्पटीशन के द्वारा छात्र-छात्राओं की आन्तरिक प्रतिभा को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किया गया। विद्यालय की प्रतिभावान छात्रा संजिनी सिंह, रक्षा, कशिश, प्रज्ञा, नाविका, आँचल, शना, श्रेया, ज्योति, आर्या आदि ने खुद से बनाई गई राखी को अपने मुँह बोले भाइयों की कलाइयों में बाँधकर व उनका मुंह मीठा कराकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। कार्यक्रम का संयोजन सीसीए इंचार्ज प्रीति श्रीवास्तव, सुनिधि सिंह, सीमा सिंह, स्मिता विश्वकर्मा, ज्योति, सृष्टि, आकांक्षा, दीपिका, मान्तासिंह आदि ने किया। यह जानकारी विद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी यशबहादुर यादव ने दी।



# बांदा जेल से मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेसिंग से हुई पेशी

**● सिविल जज सीनियर डिवीजन एमपीध्एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी की अदालत में हुई पेशी, फर्जी असलहा लाइसेंस एवं विधायक निधि दुरुपयोग के मामले में किया गया पेशी**

संवाददाता। मऊ

**सिविल जज** सीनियर डिवीजन एमपीध्एमएलए कोर्ट श्वेता चौधरी की अदालत में सोमवार को बांदा जेल में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से थाना दक्षिण टोला के फर्जी असलहा लाइसेन्स व सरायलखंसी थाना क्षेत्र के विधायक निधि दुरूपयोग के मामले में पेशी कराया गया। न्यायालय ने विधायक निधि के दुरूपयोग मामले में आरोप पर आंशिक बहस सुना। बहस पूरी न होने पर अगली सुनवाई के लिए 10 अगस्त की तिथि नियत किया। जबकि दक्षिण टोला के फर्जी असलहा लाइसेंस मामले में अगली तारीख 17 अगस्त के लिए नियत किया गया। सोमवार की अपरान्ह लिंक जुड़ने पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बांदा जेल से मुख्तार अंसारी की मऊ कोर्ट में पेशी कराया गया। गौरतलब हो कि मुख्तार अंसारी ने अपने लेटर पैड पर विधायक रहते करीब आधा दर्जन लोगों को असलहा का लाइसेन्स देने की संस्तुति किया था। इस दौरान सभी के पते जांच में फर्जी पाया गया था। इस मामले की तहरीर दक्षिण टोला थाना में दर्ज किया गया था। इस मामले में मुख्तार अंसारी समेत आधा दर्जन लोगों को आरोपी बनाया गया थाए इसमें चार्ज शीट आ चुकी है। उधर विधायक निधि से सदर विधायक रहते लाखों रूपया सरवां के बैजनाथ महाविद्यालय को फर्जी खतौनी के आधार पर प्राप्त कराया गया था। इस मामले में आरोपी की तरफ से बहस करते हुए कहा गया है कि पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी द्वारा दी गई रकम सरकारी एजेंसी के जांच.पड़ताल के बाद विधायक निधि अवमुक्त कराया गया था। इसलिए आरोपी पर धोखाधड़ी व षडयन्त्र का आरोप बेबुनियाद है। वहीं अभियोजन की तरफ से एसपीओ द्वारा कानून का हवाला देते हुए आरोप पर उन्मोचन के लिए आपत्ति जताई। दोनों पक्ष की बहस पूरी न होने पर दोनों ही मामलों में पेशी के लिए अलग.अलग तिथि नियत किया गया।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन हादसे में मौत

**कर्नलगंज-गोंडा।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लॉक अंतर्गत बमडेरा ग्राम पंचायत के बमडेरा रेलवे अंडर पास के निकट सोमवार की सुबह ट्रेन हादसे में भट्टाचार्य पुरवा निवासी रवींद्र पाण्डेय की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकला मृतक व्यक्ति बालपुर बाजार में सिंह हॉस्पिटल मेडिकल स्टोर का संचालन करता था। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। वहीं परिजनों में कोहराम मचा है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### सिंधी समाज द्वारा निकाली गई शिव झांकी

**मऊ।** संत बाबा ईश्वर दास सिंधी बाबा सेवा समिति ताजोपुर की तरफसे सावन मास के पवित्र महीने में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वष्र भी भगवान शिव की आकर्षक झांकी निकाला गया। यह झांकी सिंधी कॉलोनी से रेलवे फाटकए रोडवेजए गाज़ीपुर तिराहा होते हुए ताजोपुर स्थित संत बाबा ईश्वर दास जी के आश्रम पर पहुंचकर सकुशल सम्पन्न हुआ। झांकी में सिंधी समाज के महिलाए पुरुष एवं बच्चे भगवान शिव के गीत पर नाचते.गाते हुए पदयात्रा निकालते हुए हर.हर महादेव का नारा लगाते हुए पद यात्रा करते हुए निकले।झांकी का आकर्षण बाहर से बुलाये हुए कलाकार रहे। कलाकरों ने रास्ते में रुक.रुक कर भगवान शिव का रुप धारण करते हुए शिव महिमा की प्रस्तुति किया। यह झांकी को कई वर्षों से सिंधी समाज द्वारा सम्पन्न कराया जा रहा है। इस दौरान सिंधी समाज द्वारा भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया गया था।

### कावड़ियों पर गिरा हाईटेंशन तार छह झुलसे

**बरेली ।** कावड़ियों के जत्थे पर सड़क के ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन बिजली का तार टूट कर गिर पड़ा जिससे आधा दर्जन कावड़िए करंट की चपेट में आकर झुलस गए ।उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। एक की हालत नाजुक बनी हुई है । कैंट थाना क्षेत्र के गांव भउआ पुर में रविवार शाम हुई दुर्घटना में बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव रोनपुर निवासी गंगाचरण पुत्र दयाराम संजीव पुत्र मोहनलाल आनंद पुत्र मुन्नें लाल नेत्रपाल पुत्र नेकसहाय और ओमेंद्र पुत्र गंगा प्रसाद को इलाज के लिए झुलसी अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां कांवरियों ने बताया की उनके गांव से कावड़ियों का एक जत्था आज सुबह गंगाजल लेने के लिए कछला घाट गया था। जहां से उन्हें बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र में स्थित गोपाला सिद्ध मंदिर पर शिवलिंग का जलाभिषेक करना था ।लेकिन रास्ते में जब वह बरेली के कैंट थाना क्षेत्र के गांव भऊआ पुर पहुंचे तभी अचानक सड़क के ऊपर से गुजर रहा हाईटेंशन बिजली का तार तेज आवाज के साथ जमीन पर गिर पड़ा और नाचते गाते चल रहे कावड़ियों में भगदड़ मच गई । जिसके चलते आधा दर्जन कावड़िए करंट की चपेट में आकर झुलस गए । मौके पर मौजूद लोगों ने राहत और बचाव का काम शुरू करते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और झुलसे हुए कावड़ियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया जहां संजीव की हालत नाजुक बताई जाती है। घटना की सूचना मिलने पर सीओ प्रथम जिला अस्पताल पहुंची और कावड़ियों का हालचाल जाना। घटना के बाद बदायूं रोड से गुजरने वाले कांवड़ियों ने गहरी नाराजगी है। घटना की सूचना सभी कावड़ियों के परिजनों को दे दी गई जो जिला अस्पताल पहुंचे।

### किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** बीती रात एक किशोरी ने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सुबह होने पर उसकी लाश फांसी पर लटकी मिली सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।बिथरी चौनपुर थाने के गांव फरीदापुर इनायत खा निवासी सत्यवीर की 15 वर्षीय बेटी नेहा की लाश आज सुबह उसके घर के एक कमरे में छत से लगे कुंडे से बंधी साड़ी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के परिजनों ने बताया कि नेहा गांव के पास स्थित स्कूल में कक्षा आठ की छात्रा थी उसका पिता दिल्ली में कपड़े की एक फैक्ट्री में काम करता है और नेहा अपनी मां किरण और तीन भाई-बहनों के साथ घर में रहती थी बताया ताकि नेहा को कल उसकी मां ने किसी बात पर डांट लगा दी इसके बाद नेहा खाना खाकर अपने बिस्तर पर सोने चली गई और रात में किसी समय उसनें छत के कुंडे से साड़ी बांध कर फांसी लगा ली उसकी लाश सुबह होने पर फांसी पर लटकी मिली घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी ।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में 'भारत छोड़ो आन्दोलन' का कार्यक्रम मनाया गया

संवाददाता। रायबरेली

**न्यू स्टैण्डर्ड** बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में 'भारत छोडो आन्दोलन' का कार्यक्रम मनाया गया। महात्मा गांधी जी द्वारा ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के उद्देश्य से यह आन्दोलन द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 8 अगस्त 1942 को आरम्भ किया गया था।

इस आन्दोलन को 'अगस्त क्रांति' भी कहा जाता है। आज के इस प्रोग्राम को बड़े ही भव्य तरीके से मनाया गया। जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं उनके अन्य अनुयायी देश भक्तों की भूमिका में क्रमश: आदित्य सिंह, सुबोधकान्त, अर्श अहमद, सूर्यांश सिंह, अमृतांश सिंह (कक्षा 5) आदि बच्चां की भूमिकाएं सराहनीय रहीं। अखिल सिंह और विराट सिंह(कक्षा 5) के छात्रों ने अंग्रेज सिपाहियों का बेहतरीन रोल अदा किया। आज आयोजित किये गये कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक श्री रत्नेश मिश्रा ने 'भारत छोड़ो आन्दोलन' के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बच्चां को मोहर्रम की भी जानकारी दी। इस मौके पर श्रेया तिवारी, अनुष्का और उनकी साथी छात्राओं ने देश-प्रेम से परिपूर्ण गीत हिन्दुस्तान हमारा है...। सुनाया तो विद्यालय के सैकड़ों बच्चों के हाथों में भारत की शान लहराता तिरंगा देखकर तो ऐसा लग रहा था, जैसे सारा हिन्दुस्तान ही एक जगह पर सिमट कर आ गया हो। आज के प्रोग्राम को आकर्षक रूप देने में सार्थक शुक्ला, सुप्रिया अवस्थी, सृष्टि पांड्या, पूनम सिंह, अजय मिश्रा आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य जी ने कहा कि यह आजादी न जाने कितने ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता- प्रेमियां की देन है। अत: हमें अपने देश की इस आजादी को सदैव अक्षुण्य रखने का प्रण लेना होगा। तभी हम अपने देश-भक्तों को सच्चा सम्मान दे सकेंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं में से हेड-मिस्ट्रेस श्रीमती संध्या अग्रवाल, मायाकान्त दीक्षित, प्रमांशु श्रीवास्तव, माधुरी शुक्ला, दीपांजलि सिह, अमित सिंह, रमाशंकर पाठक, बाबूनाथ त्रिवेदी, रंजना साहू, बिन्दुलता, अमिता द्विवेदी, दीपक गुप्ता, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सावन में लाखों शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बरेली।** सावन के चौथे सोमवार को शिव जी के मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ी व सावन में लाखों शिव भक्तों ने मंदिरों में जलाभिषेक किया। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिये शिवभक्त गंगाजल कछला गंगा से कोई भक्त हरिद्वार से लाकर मंदिरों में जलाभिषेक किया। नाथनगरी के नाम से पहचान रखने वाली बरेली चौथे सोमवार को शिवभक्तों की भीड़ उमड़ रही है। अलखनाथ, त्रिवटी नाथ, धोपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ, बनखंडी नाथ सहित सभी शिव मंदिरो में शिवभक्त गंगाजल से शिव जी को जलाभिषेक किया।किला क्षेत्र में स्थित अलखनाथ मंदिर में सावन के चौथे सोमवार के मौके पर बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ बड़ी संख्या में पहुँची। सुबह तीन बजे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओ ने जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना शुरू कर दी। श्रद्धालुओं ने बड़े भाव से बाबा भोलेनाथ को खुश करने की कोशिश में है ताकि उनका जीवन खुशमय रहे। मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालओं ने बताया कि वह भीड़ से बचने के लिए सुबह ही मंदिर पहुंचे थे। यहां पहले से भीड़ पहुंच चुकी थी इसके बावजूद उन्हें बाबा भोलेनाथ के दर्शन हुए और हजारों भक्तों ने भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया है।बाबा अलखनाथ मंदिर के महंत कालू गिरी ने बताया यह अलखनाथ मंदिर बड़ा प्राचीन मंदिर है सैकड़ो साल पुराना मंदिर है इस मंदिर में जो भी भक्त आता है उसकी मुराद पूरी होती है यहां पर सुबह से ही भक्तों की लंबी लाने लगी हुई है जलाभिषेक कर रहे हैं भोलेनाथ सबकी मनोकामना पूर्ण कर रहे हैं।एडीएम सिटी आर डी पांडेय ने बताया शहर के सभी मंदिरों पर शिव भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं पुलिस प्रशासन जगह जगह लगा हुआ है हर मंदिर पर मजिस्ट्रेट लगे हुए है हर चौराहे पर पुकिस लगी हुई है मंदिर पर सरकार की तरफसे व्यवस्था की गई है किसी प्रकार की किसी भी कावड़िया को शिव भक्तों को परेशानी नहीं होने दे रहे हैं।

# तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ

संवाददाता। बांदा

**बाँदा में** देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जन जागरूकता रैली का शुभारम्भ सरकारी रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज क़े सरकारी सर्जन ऐ क़े सिंह जिहोंने अपने आराध्या नर्सिंग होम में डॉ ए क़े सिंह ने स्वागत भगवत प्रजापति विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशवाहा जी को बैच लगाकर किया।तथा एच एल इण्टर कालेज क़े प्रधानाचार्य साहू जी को भी डा ने बैच लगाकर सम्मान दिया।

भगवत प्रसाद विद्यालय प्रांगण में हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति की भावना के साथ उपस्थित छात्रएछात्राये को सम्बोधित करते हुए डॉ ने कहा कि हमारे देश की आजादी के लिए अनेक क्रान्तिकारियों ने बलिदान दियाए जिनके कारण आज हम आजादी की सांस ले रहे हैं। इस आजादी को बचाने एवं देश को आगे बढाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। विशेषकर युवाओं को अधिक जागरुक रहने की आवश्यकता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए हमने यह फैसला लिया है कि हम 11 के पहले ही इस कार्यक्रम को करेंगे इसी के तहत हमने यह कार्य किया है यह रैली सर्वोदय नगर चिल्ला रोड इंदिरा नगर जवाहर नगर से होते हुए भागवत प्रजापति विद्यालय में खत्म हुई भागवत प्रजापति विद्यालय में समाप्त हुईइस अभियान के तहत सभी नागरिक 11 अगस्त से 17 अगस्त तक अपने घरों में तिरंगा फहरायें। इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के सभी नागरिकों को राष्ट्र भक्ति की भावना से ओत.प्रोत करना है। हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनपद बांदा का 4 लाख 84 हजार तिरंगा फहराने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इस रैली में बच्चों के उत्साह को देखकर मुझे आशा ही नहीं अपितू विश्वास है कि हम सभी मिलकर जनपद बांदा में हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय भवनोंए विद्यालयोंए सरकारीध्निजी चिकित्सालयोंए उन सभी शासकीय निजी भवनों में 5 लाख से अधिक तिरंगा फहरायेंगे। तिरंगा रैली में छात्रों को विद्यालय प्राइवेट नर्सिंग होम मेंएकी ओर से राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया गया। ष्झण्डा ऊंचा रहे हमारा विजयी विश्व तिरंगा प्याराष् गीत के साथ झण्डा लहराते हुए छात्रों की रैली ।





# नैक अभिलेखीकरण व तैयारी पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

संवाददाता। गोंडा

**एलबीएस** डिग्री कॉलेज में नैक अभिलेखीकरण एवं तैयारी के संबंध में एकदिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। पुणे से आए प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. धर्माधिकारी एन.एस. ने मुख्य वक्ता के रूप में नैक की तैयारी के संबंध में अभिलेखीकरण की प्रक्रिया एवं महत्त्व को निरूपित किया। डॉ. धर्माधिकारी ने कहा कि प्रत्येक क्रियाकलाप को कॉलेज की वेबसाइट पर जिओ टैग फोटो सहित नियमित अपलोड करना जरूरी है। सभी विभागों की अकादमिक एवं सृजनात्मक सक्रियताओं को साक्ष्य सहित वेबसाइट पर अपलोड किया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थाएं जनसंचार तकनीकों का कितना इस्तेमाल करती हैं, कितनी स्मार्ट कक्षाएँ हैं, परिणाम आधारित अध्ययन-अध्यापन हो रहा है या नहीं, अन्य संस्थाओं से हर विभाग की ओर से संस्था-प्रमुख ने एमओयू हस्ताक्षर किया है या नही, शिक्षण-अधिगम में तकनीक का इस्तेमाल कितना हो रहा है, पुस्तकालय-वाचनालय की स्थिति कैसी है, खेल के मैदान में विद्यार्थियों को यथावश्यक मिलने वाली सुविधाएँ या प्रोत्साहन, ऐसी ढेर सारी बातें महाविद्यालय के प्रत्यायन को उच्चीकृत करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कहा कि शिक्षण व शोध प्रविधि, करियर काउंसलिंग की उत्कृष्टता के साथ संस्थान के वातावरण को समग्रता में सीखने लायक, सकारात्मक और ऊर्जस्वित रखना होगा। साथ ही संस्था की अनन्यता क्या है? यह पहचानने और प्रदर्शित करने की जरूरत है। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने स्वागत किया। आईक्यूएसी के समन्वयक प्रो. राम समुझ सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन हिंदी विभाग के प्रो. जय शंकर तिवारी किया। इस दौरान कालेज के शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



राष्ट्रमंडल खेल

# सिंधू, लक्ष्य और सात्विक-चिराग ने स्वर्ण पदक जीते








**भाषा।** बर्मिंघम

## बैडमिंटन

**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने सोमवार को यहां फाइनल में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता का क्रमश: महिला और पुरुष एकल का स्वर्ण पदक जीता जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी भी पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सोमवार को अपनी तीनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते।

दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दुनिया की 13वें नंबर की कनाडा की मिशेल ली को 21-15, 21-13 से हराकर 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल में उनके खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। सिंधू ने 2014 में कांस्य पदक जीता था जबकि मिशेल स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहीं थी। दो युवा खिलाड़ियों के बीच हुए पुरुष एकल फाइनल में दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मलेशिया के दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी एनजी टीजे योंग को 19-21, 21-9, 21-16 से हराकर राष्ट्रमंडल खेलों में पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीता। बाइस साल के योंग के खिलाफ 20 साल के लक्ष्य की यह लगातार तीसरी जीत है। सात्विक और चिराग की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में बेन लेन और सीन वेंडी की इंग्लैंड की दुनिया की 19वें नंबर की जोड़ी को 21-15, 21-13 से हराया। इससे पहले सिंधू ने मिशेल के खिलाफ 11 मैच में नौवीं जीत दर्ज की। सिंधू का राष्ट्रमंडल खेलों में यह तीसरा व्यक्तिगत पदक है। उन्होंने 2018 गोल्ड कोस्ट खेलों में भी रजत पदक जीता था। भारत ने बर्मिंघम खेलों की बैडमिंटन प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण सहित छह पदक जीत। सोमवार को तीन स्वर्ण से पहले पहले मिश्रित टीम के रजत पदक के अलावा किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल जबकि त्रीशा जॉली और गायत्री गोपचंद की जोड़ी ने महिला युगल में कांस्य पदक जीते। फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू के बाएं पैर में पट्टी बंधी थी जिससे कुछ हद तक उनकी मूवमेंट प्रभावित हुई और इसका असर उनके प्रदर्शन पर भी दिखा। उन्होंने कुछ मौकों पर मिशेल को आसान अंक बनाने का मौका दिया। सिंधू ने रैली में बेहतर प्रदर्शन किया और उनके ड्रॉप शॉट भी दमदार थे। मिशेल ने काफी सहज गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा।

मिशेल ने पहले गेम में काफी शॉट बाहर मारे और नेट पर भी उलझाए। उनके क्रॉस कोर्ट और सीधे दोनों स्मैश हालांकि दमदार थे जिससे सिंधू को परेशानी हुई क्योंकि वह तेजी से मूव नहीं कर पा रही थी। पहले गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्एक अंक के लिए संघर्ष देखने को मिला। सिंधू ने लगातार तीन अंक के साथ 3-। की बढ़त बनाई लेकिन मिशेल ने 3-3 पर स्कोर बराबर कर दिया। मिशेल ने 7-7 के स्कोर पर लगातार दो शॉट बाहर मारे जिससे सिंधू ने 9-7 की बढ़त बना ली। मिशेल ने इसके बाद दो और शॉट बाहर मारे जिससे सिंधू ब्रेक तक 11-8 की बढ़त बनाने में सफल रहीं। कनाडा की खिलाड़ी ने ब्रेक के बाद लगातार दो शॉट नेट पर और एक बाहर मारा जिससे सिंधू ने 14-8 की मजबूत बढ़त बना ली। सिंधू ने इस बढ़त को 16-9 किया। मिशेल ने स्कोर 15-18 किया। सिंधू ने ड्रॉप शॉट से अंक जुटाया और फिर मिशेल के नेट पर शॉट मारने पर पांच गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने मिशेल के शरीर पर शॉट खेलकर पहला गेम अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भी सिंधू ने बेहतर शुरुआत की। मिशेल की गलतियां कम होने का नाम नहीं ले रही थी। वह लगातार शॉट नेट पर और बाहर मार रही थीं जिसका फायदा उठाकर सिंधू ने 8-3 की बढ़त बना ली। मिशेल ने नेट पर शॉट उलझाया जिससे सिंधू ब्रेक तक 11-6 से आगे हो गईं। मिशेल इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 11-13 करने में सफल रहीं। कनाडा की खिलाड़ी ने लगातार दो शॉट नेट पर मारकर सिंधू को 15-11 की बढ़त बनाने का मौका दे दिया। सिंधू ने बढ़त को 19-13 किया। मिशेल के शॉट बाहर मारने से सिंधू को सात चैंपियनशिप अंक मिले जिसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने तेजर्तार क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सिंधू ने मैच के बाद कहा, मैं लंबे समय से इस स्वर्ण पदक का इंतजार कर रही थी और अंतत: यह मुझे मिल गया। मैं बेहद खुश हूं। दर्शकों को धन्यवाद, उन्होंने मेरी हौसलाअफजाई की।

पुरुष एकल में लक्ष्य ने शानदार शुरुआत करते हुए लगातार चार अंक के साथ 5-2 की बढ़त बनाई लेकिन मलेशियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। लक्ष्य को मलेशियाई खिलाड़ी की तेजी से सामंजस्य बैठाने में परेशानी हो रही थी। योंग ने लक्ष्य को कोर्ट में खूब दौड़ाया जबकि भारतीय खिलाड़ी ने कुछ सहज गलतियां भी की। लक्ष्य ने सर्विस फाउल किया और फिर बाहर शॉट मारकर योंग को ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बनाने का मौका दिया। योंग ने रैली में दबदबा बनाया लेकिन लक्ष्य ने वापसी करते हुए स्कोर 15-16 कर दिया। लक्ष्य ने इसके बाद एक शॉट बाहर मारा और एक नेट पर उलझाया जिससे योंग 18-15 से आगे हो गए। लक्ष्य ने इसके बाद लगातार चार अंक जुटाकर 19-18 की बढ़त बनाई। योंग ने 19-19 के स्कोर पर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ गेम प्वाइंट हासिल किया। फिर लक्ष्य ने शटल को बाहर जाता समझकर छोड़ दिया लेकिन यह कोर्ट के अंदर गिरी और मलेशिया के खिलाड़ी ने पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में भी योंग ने अपनी तेजी और लय बरकरार रखी। उन्होंने लक्ष्य की गलतियों का फायदा उठाकर 6-4 की बढ़त बनाई। लक्ष्य बार-बार वापसी करते लेकिन फिर नेट पर या बाहर शॉट मारकर योंग को बढ़त बनाने का मौका दे देते।

लक्ष्य ने 6-8 के स्कोर पर लगातार चार अंक के साथ 10-8 की बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-9 से आगे थे। लक्ष्य ने नेट पर बेहतर खेल दिखाया और कुछ अच्छे स्मैश लगाते हुए लगातार 11 अंक के साथ दूसरा गेम 21-9 से जीतकर स्कोर।-। कर दिया। तीसरे और निर्णायक गेम में पहले दो अंक योंग की झोली में गए लेकिन लक्ष्य ने अगले सात में से छह अंक जीतकर 6-3 की बढ़त बना ली। योंग दूसरे गेम में ब्रेक के बाद थके हुए नजर आए। लक्ष्य ने इसका पूरा फायदा उठाते हुए अंक जुटाए और ब्रेक तक 11-7 से आगे थे। योंग ने लगातार दो शॉट नेट पर और एक शॉट बाहर मारा जिससे लक्ष्य 15-9 से आगे हो गए। योंग ने स्कोर 12-15 किया लेकिन लक्ष्य ने फिर 18-13 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने योंग के बाहर शॉट मारने पर चार चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किए और फिर क्रॉस कोर्ट स्मैश के साथ खिताब जीत लिया। सेन ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, शुरुआत में मुकाबला तनावपूर्ण था और मुझे कड़ी मेहनत करनी पड़ी। योंग ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्हें भी बधाई।

## राष्ट्रमंडल खेलों की पदक तालिका

**राष्टमंडल** खेलों की अंतिम पदक तालिका इस प्रकार रही। भारत 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक सहित कुल 61 पदक जीतकर चौथे स्थान पर रहा।

| क्रम संख्या | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आस्ट्रेलिया | 67 | 57 | 54 | 178 |
| 2 | इंग्लैंड | 57 | 66 | 53 | 176 |
| 3 | कनाडा | 26 | 32 | 34 | 92 |
| 4 | भारत | 22 | 16 | 23 | 61 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 20 | 12 | 17 | 49 |
| 6 | स्कॉटलैंड | 13 | 11 | 27 | 51 |
| 7 | नाइजीरिया | 12 | 9 | 14 | 35 |
| 8 | वेल्स | 8 | 6 | 14 | 28 |
| 9 | दक्षिण अफ्रीका | 7 | 9 | 11 | 27 |
| 10 | मलेशिया | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 11 | उत्तरी आयरलैंड | 7 | 7 | 4 | 18 |
| 12 | जमैका | 6 | 6 | 3 | 15 |
| 13 | केन्या | 6 | 5 | 10 | 21 |
| 14 | सिंगापुर | 4 | 4 | 4 | 12 |
| 15 | त्रिनिदाद और टोबैगो | 3 | 2 | । | 6 |
| 16 | युगांडा | 3 | 0 | 2 | 5 |
| 17 | साइप्रस | 2 | 3 | 6 | 11 |
| 18 | पाकिस्तान | 2 | 3 | 3 | 8 |
| 19 | समोआ | 1 | 4 | 0 | 5 |
| 20 | बारबाडोस | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 20 | कैमरून | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 20 | जाम्बिया | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 23 | ग्रेनाडा | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 23 | बहामास | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 25 | बरमूडा | 1 | 0 | 1 | 2 |
| 26 | ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 27 | मॉरीशस | 0 | 3 | 2 | 5 |
| 28 | घाना | 0 | 2 | 3 | 5 |
| 29 | फिजी | 0 | 2 | 2 | 4 |
| 30 | मोज़ाम्बिक | 0 | 2 | 1 | 3 |
| 31 | श्रीलंका | 0 | 1 | 3 | 4 |
| 32 | तंजानिया | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 33 | बोत्सवाना | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 33 | ग्वेर्नसे | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 35 | डोमिनिका | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 35 | पापुआ न्यू गिनी | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 35 | सेंट लूसिया | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 35 | जाम्बिया | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 39 | नामीबिया | 0 | 0 | 4 | 4 |
| 40 | माल्टा | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 40 | नौरू | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 40 | नियू | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 40 | वानुअतु | 0 | 0 | 1 | 1 |

## टेबल टेनिस: शरत ने स्वर्ण और साथियान ने कांस्य जीता

**भाषा।** बर्मिंघम



**भारत के** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल ने राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल स्पर्धा के फाइनल में सोमवार को यहां इंग्लैंड के लियाम पिचफोर्ड को 4 -। से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा का कांस्य साथियान ज्ञानशेखर ने जीता। शानदार लय में चल रहे 40 साल के शरत ने उम्र को धता बताते हुए रैंकिंग में अपने से बेहतर खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए 11-13, 11-7, 11-2, 11-6, 11-8 से जीत दर्ज की। शरत की विश्व रैंकिंग 39वीं है जबकि पिचफोर्ड 20वें स्थान पर काबिज हैं। शरत का इन खेलों में यह कुल 13वां पदक है। उन्होंने बर्मिंघम खेलों में चार पदक जीते। वह 2006 में मेलबर्न खेलों में फाइनल में पहुंचे थे और स्वर्ण पदक जीता था। इससे पहले साथियान ने इंग्लैंड के ही पॉल ड्रिंकहाल को हराकर पुरुष एकल स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। एकल रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज साथियान ने शुरुआती तीन गेम जीतकर शानदार शुरुआत की लेकिन रैंकिंग में 74वें स्थान वाले खिलाड़ी ड्रिकहॉल ने शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 3-3 से बराबर कर लिया। निर्णायक सातवां गेम भी बेहद करीबी रहा। साथियान ने दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले को 11-9, 11-3, 11-5, 8-11, 9-11, 10-12, 11-9 से अपने नाम किया। पिछले दो राष्ट्रमंडल खेलों में साथियान का यह छठा पदक है। मौजूदा खेलों में यह उनका दूसरा पदक है। उन्होंने शरत कमल के साथ पुरुष युगल का रजत पदक जीता था। शरत और साथियान ने इसके साथ ही पुरुष युगल के फाइनल में पिचफोर्ड और ड्रिंकहॉल से मिली हार का भी बदला ले लिया।

## राष्ट्रमंडल खेलों में 200 स्वर्ण पदक जीतने वाला चौथा देश बना भारत

**बर्मिंघम।** बैडमिंटन महिला एकल के फाइनल में पीवी सिंधू की जीत के साथ ही भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास में सोमवार को अपना 200 वां स्वर्ण पदक हासिल किया। बर्मिंघम खेलों में भारत ने 22 स्वर्ण जीते जिससे उसके कुल स्वर्ण पदकों की संख्या 203 हो गई। सिंधू के बाद बैडमिंटन के पुरुष एकल में लक्ष्य सेन जबकि पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग सेन जोड़ी ने स्वर्ण जीता। अचंता शरत कमल ने इसके बाद टेबल टेनिस में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदकों की कुल संख्या के मामले में ऑस्ट्रेलिया (1003 स्वर्ण पदक) शीर्ष पर है जबकि इंग्लैंड (773) दूसरे और कनाडा (510) तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रमंडल खेलों में भारत ने पहला स्वर्ण 1958 में जीता था। यह स्वर्ण महान फर्राटा धावक मिल्खा सिंह ने जीता था। भारत ने इसके बाद हर राष्ट्रमंडल खेलों (1962 और 1986 में भाग नहीं लिया) में स्वर्ण पदक जीता है। इस मामले में दिल्ली में 2010 में हुऐ राष्ट्रमंडल खेल भारत के लिए सबसे सफल रहे है जिसमें उसने 38 स्वर्ण पदक जीते थे।

### रूस की डारिया कास्तकिना को सान जोस ओपन का खिताब

**सान जोस (एपी)।** रूस की टेनिस खिलाड़ी डारिया कास्तकिना ने पहला सेट टाईब्रेकर में गंवाने के बाद शानदार वापसी करके यहां मुबाडाला सिलिकॉन वैली क्लासिक सान जोस ओपन में महिला एकल का खिताब जीता। कास्तकिना ने फाइनल में अमेरिका की गैर वरीयता प्राप्त शेल्बी रोजर्स को 6-7 (2), 6-I, 6-2 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त कास्तकिना ने पहला सेट टाईब्रेकर में गंवाने के बाद तुरंत ही अपनी लय हासिल कर लिया और फिर रोजर्स को कोई मौका नही दिया। इससे पहले के महिला युगल फाइनल में शू यिफान और यांग झाओशुआन की चौथी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी ने जापान की शुको आओयामा और ताइवान की चान हाओ चिंग की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-5, 6-0 से हराकर खिताब जीता।

### किर्गियोस और सैमसोनोवा को सिटी ओपन का खिताब

**वॉशिंगटन (एपी)।** निक किर्गियोस ने योशिहितो निशियोका को सीधे सेटों में पराजित करके सिटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीता। यह उनका पिछले तीन साल में पहला खिताब है। किर्गियोस ने फाइनल में केवल एक बार ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और निशियोका को आसानी से 6-4, 6-3 से हराया। यह उनके करियर का सातवां एटीपी खिताब है। इसके बाद उन्होंने जैक सॉक के साथ मिलकर पुरुष युगल का खिताब भी अपने नाम किया। इस जोड़ी ने फाइनल में फ्रेंच ओपन के फाइनलिस्ट इवान डोडिग और ऑस्टिन क्रेजिसेक को 7-5, 6-4 से हराया।

## एशिया कप के लिए भारतीय टीम में कोहली और केएल राहुल की वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**पूर्व कप्तान** विराट कोहली और फिर से फिट उप-कप्तान लोकेश राहुल की एशिया कप के लिए चुनी गई 15 सदर्स्यय भारतीय टीम में वापसी हुई है, जबकि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण बाहर हो गए। कोविड-19 के चपेट में आने के कारण राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली शृंखला में भाग नहीं ले पाए थे। स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी से उबरने के बाद टीम में उनकी वापसी हुई है। मुख्य टीम से बाहर किए गए उल्लेखनीय नाम बल्लेबाज श्रेयस अय्यर और बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल का है। मांसपेशियों में खिंचाव और पीठ की चोट के कारण चार महीने से टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज दीपक चाहर भी रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल हैं। पसली की चोट से जूझ रहे हर्षल पटेल को भी मुख्य टीम में जगह नहीं मिली है। बीसीसीआई ने ट्विटर पर लिखा, जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। वे वर्तमान में बेंगलुरु में एनसीए में रिहैबिलिटेशन पर हैं।

## बुमराह पीठ में चोट के कारण एशिया कप से बाहर



**नई दिल्ली।** सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण एशिया कप टी20 टूर्नामेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। बुमराह को इससे उबरने कुछ समय लगेगा। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम का चयन सोमवार को ही होना था लेकिन अब तक इसके बारे में कोई स्पष्ट सूचना नहीं है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, जसप्रीत बुमराह की पीठ में चोट है और वह एशिया कप में नहीं खेलेंगे। वह हमारे मुख्य गेंदबाज हैं और हम चाहते है कि वह टी 20 विश्व कप से पहले वापस अपने लय को हासिल कर ले। हम उन्हें एशिया कप की टीम में शामिल कर जोखिम नहीं लेना चाहते है, इससे उनकी चोट और गंभीर हो सकती है। बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में आखिरी बार मैदान पर दिखे थे। इसके बाद से उन्हें विश्राम दिया गया है। वह अभी अपने परिवार के साथ अमेरिका में छुट्टियां मना रहे हैं।

## दलीप ट्रॉफी का आयोजन पुराने प्रारूप में

### ● घरेलू कैलेंडर में ईरानी कप की वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय क्रिकेट** का घरेलू सत्र आठ सितंबर से शुरू होगा में भी छह महीने के दौरान सभी आयु वर्ग और प्रारूप में कुल मिलाकर 1500 से ज्यादा मैच खेले जाएगे। बीसीसीआई ने सोमवार को घरेलू मैचों का कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि दलीप ट्रॉफी को फिर से पुराने क्षेत्रीय प्रारूप में खेला जाएगा जबकि इस कैलेंडर में ईरानी ट्रॉफी के आयोजन का भी जिक्र है। यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में जय शाह ने बताया, घरेलू सत्र की शुरुआत प्रतिष्ठित दलीप ट्रॉफी के पूर्ण आयोजन के साथ होगी। इसमें ईरानी कप की वापसी भी होगी।

#### घरेलू कार्यक्रम

**सीनियर पुरुष:**
दलीप ट्रॉफी (बहु-दिवसीय): आठ-25 सितम्बर :
ईरानी कप : एक से पांच
सैयद मुश्ताक अली टी20: 11 अक्टूबर-नवंबर 5
विजय हजारे (50 ओवर): नवंबर 12-दिसंबर 2:
**सीनियर महिला:**
राष्ट्रीय टी20: 11 अक्टूबर से पांच नवंबर
अंतर-क्षेत्रीय टी20: आठ से 15 नवंबर
चैलेंजर टी20: 20 से 26 नवंबर
राष्ट्रीय एकदिवसीय: 18 जनवरी से सात फरवरी
अंतर-क्षेत्रीय एकदिवसीय: 12 से 21 फरवरी

उन्होंने कहा, दलीप ट्रॉफी (आठ से 25 सितंबर) छह क्षेत्रों (उत्तर, दक्षिण, मध्य, पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर) के बीच नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। बीसीसीआई पिछले कुछ सत्र से दलीप ट्रॉफी को क्षेत्रीय आधार पर कराने की जगह इंडिया रेड, ब्लू और ग्रीन टीमों के साथ करा रहा था। क्षेत्रीय प्रारूप में वापसी के साथ इसमें मौजूद पांच क्षेत्रों (टीमों) के साथ पूर्वोत्तर का एक अतिरिक्त क्षेत्र होगा। लाल गेंद के इन दोनों टूर्नामेंटों के बाद सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी (11 अक्टूबर से पांच नवंबर) और विजय हजारे राष्ट्रीय एकदिवसीय प्रतियोगिता (12 नवंबर से दो दिसंबर) का आयोजन होगा। सफेद गेंद (सीमित ओवरों के मुकाबले) के इन दोनों टूर्नामेंटों में 38 टीमें होगी जिसमें आठ-आठ टीमों की तीन और सात-सात टीमों की दो ग्रुप होगी। रणजी ट्रॉफी का आयोजन भी पुराने प्रारूप में होगा। इसे 13 दिसंबर से 20 फरवरी तक खेला जाएगा।

## पुरुष हॉकी में आस्ट्रेलिया से हारा भारत

### ● रजत पदक से ही करना पड़ा संतोष

**भाषा।** बर्मिंघम



**राष्ट्रमंडल** खेलों में आस्ट्रेलिया का वर्चस्व तोड़ने का भारत का सपना अधूरा ही रहा और एकतरफा फाइनल में इस दिग्गज टीम के हाथों 0 - 7 से शर्मनाक हार के बाद उसे रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम को हर विभाग में आस्ट्रेलिया ने बौना साबित कर दिया। दिल्ली राष्ट्रमंडल खेल 2010 की कड़वीं यादें हॉकी प्रेमियों के जेहन में फिर ताजा हो गई जब फाइनल में आस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को 8 - 0 से हराया था। लीग चरण में अपराजेय और पूल में शीर्ष रहने वाली भारतीय टीम बिल्कुल फॉर्म में नहीं दिखी। फॉरवर्ड पंक्ति में तालमेल नहीं था और डिफेंस को आस्ट्रेलिया ने पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। उस पर कप्तान मनप्रीत सिंह को कंधे में लगी चोट ने भारत का प्रदर्शन बुरी तरह प्रभावित किया। आस्ट्रेलिया के लिए ब्लैक गोवर्स (नौवां मिनट), नाथन एफराम्स (14वां और 42वां मिनट ), जैकब एंडरसन (22वां और 27वां मिनट), टॉम विकहैम (26वां मिनट) और फिन ओगिलवी (46वां मिनट) ने गोल दागे। राष्ट्रमंडल खेलों में 1998 में हॉकी को शामिल किए जाने के बाद से सभी सात स्वर्ण आस्ट्रेलिया ने जीते हैं। भारत ने 2010 में दिल्ली और 2014 में ग्लास्गो में रजत पदक ही जीता था।

आस्ट्रेलिया के दबदबे का आलम यह था कि भारत की ओर से गोल पर एक भी गंभीर हमला नहीं देखा गया। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया ने मनचाहे अंदाज में गोल दागे और अगर पी आर श्रीजेश गोल के आगे नहीं होते तो हार का अंतर और अधिक होता। आस्ट्रेलिया ने पहले ही क्वार्टर में दो गोल करके अपने तेवर जाहिर कर दिए थे। उसे चौथे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन जेरेमी हैवर्ड के शॉट को श्रीजेश ने बचा लिया। आठवें मिनट में मिला पेनल्टी कॉर्नर बेकार जाने के बाद अगले मिनट में ब्लैक गोवर्स ने पेनल्टी तब्दील करके टीम को बढत दिलाई। दूसरा गोल नाथन ने 14वें मिनट में दागकर आस्ट्रेलिया की बढत दुगुनी कर दी। दूसरे क्वार्टर में 22वें मिनट में आस्ट्रेलिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से दूसरे पर हैवर्ड ने गोल दागा। भारत को जवाबी हमले में 24वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन आकाशदीप सिंह का निशाना नहीं लगा। आस्ट्रेलिया के लिए 26वें मिनट में विकहैम और 27वें मिनट में एंडरसन ने गोल दागे। हाफटाइम तक आस्ट्रेलिया के पास 5 -0 की बढत थी। दूसरे हाफ में भारत ने खेल में कुछ सुधार किया लेकिन गोल फिर भी नहीं हो सका। तीसरे क्वार्टर में आस्ट्रेलियाई गोल पर भारत की ओर से एकमात्र हमला 38वें मिनट में अभिषेक ने किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया। नाथन ने इस बीच 42वें मिनट में एक और गोल करके आस्ट्रेलिया की बढत 6 - 0 की कर दी। आखिरी क्वार्टर के पहले ही मिनट में ओगिलवी ने गोल करके बढत में इजाफा किया। इस बीच नीलाकांता शर्मा और हरमनप्रीत सिंह के एकल प्रयास नाकाम रहे।

# पुलिस के चाक चौबंद इंतजाम व कुशल रणनीति से शांति से संपन्न हुयी कांवड़ यात्रा

● सावन के आखिरी सोमवार को भारी सॅख्या में जलाभिषेक को उमड़े भक्तों ने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर की तारीफ

● कांवड़ियों व भक्तों को तिरंगा भेंटकर शान्तिपूर्वक दर्शन करने की पुलिस की अपील का दिखा व्यापक असर

संवाददाता। कानपुर देहात





**एसपी** सुश्री सुनीति ने कॉवड यात्रा व सावन महीने की सॅवेदनशीलता को देखते हुये कुशल रणनीति बनाकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती कर सर्तकता के साथ अभूतपूर्व अभेद सुरक्षा घेरा का जो निर्माण किया, जिससे सावन महीने का आखरी सोमवार व कॉवड यात्रा सकुशल व शॉति के साथ सम्पन्न हो गयी। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव में लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिये कॉवडियों व शिवभक्तों को तिरॅगा झण्डा भेंटकर राष्ट्रप्रेम की अलख जगाने का असर भी व्यापक स्तर पर देखने को मिला। डीएम, एसपी व अन्य उच्चाधिकारियों ने जनपद में पूरे दिन सभी प्रमुख शिवमॅदिरों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था को मुस्तैद बनाये रक्खा। बीते दिनों देश में धार्मिक आयोजन व यात्राओं में अराजकता व उपद्रव फैला कर भाईचारा प्रभावित करने वाली घटनाओं से सबक लेते हुये जनपद में एसपी सुश्री सुनीति ने सावन महीने के सोमवारों कॉवड यात्रा को सकुशल व शॉति से सम्पन्न कराने के लिये एसपी सुश्री सुनीति ने जनपद में पुलिस बल की डयूटी लगाने के लिये 6 जोन व 13 सेक्टरों में विभाजित करते हुये एक एएसपी, 4 डिप्टी एसपी, 7 इंसपेक्टर,28 सब इंसपेक्टर सहित कुल 193 पुलिसकर्मियों की अतिरिक्त डयूटी लगायी गयी। यह डयूटी थाना स्तर पर लगाये जाने वाली रूटीन डयूटी के अतिरिक्त थी। प्रत्येक डयूटी प्वॉइट पर पुलिस बल की डयूटी का औचक निरीक्षण उच्चाधिकारियों द्वारा किया गया। कॉवड यात्रा के रूट में पडने वाले होटल, ढाबा, पेट्रोल पम्पों की भी औचक चेकिंग जारी रही, सॅवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी। डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को कॉवडियों व शिवभक्तों के साथ अच्छा व्यवहार व मदद करने का सख्त निर्देश का पालन होते हुये दिखा। डीएम, एसपी व अन्य उच्चाधिकारियों ने सारे दिन सभी प्रमुख सॅवेदनशील स्थानों, प्रमुख शिव मॅदिरों में सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया जिससे आस्था का सावन महीना शॉति व कुशलता के साथ सम्पन्न हो गया। शिवभक्तों व कॉवडियों ने पुलिस प्रशासन द्वारा देश की आन बान व शान के प्रतीक तिरॅगा झण्डा भेंट करने के अभिनव प्रयोग की जमकर तारीफ की है। भक्तों ने पुलिस व प्रशासन द्वारा दी गयी सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुये दर्शन पूजन अर्चन, जलाभिषेक में सहजता के लिये तारीफकी है।

## एसपी ने रूरा एसओ के कुशल इंतजामों के लिये पीठ थपथपाई

**रूरा, कानपुर देहात।** जनपद के आस्था के प्राचीन शिवमॅदिर वाणेश्वर महादेव जिनई बनीपारा पर जलाभिषेक के लिये उमडने वाली भारी सॅख्या में भक्तों की भीड व कॉवडियों के लिये गयी सुरक्षा व्यवस्था के लिये एसपी सुश्री सुनीति ने रूरा थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव की जमकर तारीफकी। सावन में यहॉ लगने वाले मेले के चलते जनपद ही नहीं बल्कि दूसरे जनपदों के लोग भी जिनई बनीपारा के वाणेश्वर मॅदिर में आते है। समृद्ध इतिहास सॅजोये वाणेश्वर महादेव मॅदिर के पास ऊषा बुर्ज, रानी तालाब व वाणेश्वर महादेव मॅदिर की उत्तरी दिशा में स्थित महेश्वर महादेव शिव मॅदिर पर सावन के आखिरी सोमवार को हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयकारों के बीच भारी सॅख्या में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजन अर्चन किया। रविवार की देर रात्रि तक बनीपारा मॅदिर परिसर व मेले के संवेदनशील स्थानों पर डयूटी के निर्धारण के बाद रूरा एसओ सुबह तडके चार बजे मॅदिर परिसर पहुॅच गये, वाहनों के आवागमन को मॅदिर परिसर के आस पास रोकने के लिये बेरीकेटिंग अपनी देखरेख में करवायी। सभी डयूटी प्वाइॅटों पर तैनात पुलिसकर्मियों से मुस्तैदी के साथ आने वालो भक्तों के साथ सदव्यवहार करने का निर्देश दिया। एसओ के नेतृत्व में पुलिस बल ने मुस्तैदी के साथ डयूटी का निर्वाह किया तथा मॅदिर परिसर के भीतर भी भक्तों को सुचारू व सहज रूप से दर्शन,पूजन अर्चन करवाने में भी सहयोग प्रदान किया।

# श्रद्धा रानी की स्मृति में हुई काव्य गोष्ठी में झूमे श्रोता

**फर्रुखाबाद।** श्रद्धा रानी स्मृति संस्थान के तत्वावधान में स्वर्गीय श्रीमती स्व.श्रध्दा रानी गर्ग की स्मृति में आयोजित काव्य समारोह में देश के जाने माने गीतकार डॉ ण् राम आसरे दीक्षित निराला राही को स्वर्गीय सूरज प्रसाद अग्रवाल सम्मान एवं डॉक्टर गरिमा पांडेय को को श्रद्धा रानी स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया नगर के प्रतिनिधि रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संरक्षक विनय अग्रवाल एवं आशा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया ।प्रीति पवन तिवारी एडवोकेट ने वाणी वंदना की ।संस्था के अध्यक्ष संजय गर्ग और स्वागत अध्यक्ष आलोक अग्रवाल विवेक अग्रवाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। जीएसटी कमिश्नर दिल्ली आलोक अग्रवाल ने स्वर्गीय सूरज प्रसाद अग्रवाल के बारे में बताया और उनकी साहित्यिक रुचि को रेखांकित किया ।संस्थान के बैनर तले यह पहला बड़ा आयोजन शानदार तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर डा संतोष पांडेय ,स्मृति अग्निहोत्री ,प्रीति तिवारी, नलिन श्रीवास्तव ,उपकार मणि ,डॉ राजेश हजेला, ब्रज किशोर सिंह किशोर ,डॉक्टर गरिमा पांडे ,डॉ रामआसरे दीक्षित निराला राही ने काव्यांजलि अर्पित की कवियों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया । संस्था अध्यक्ष संजय गर्ग ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए भविष्य में भी सहयोग करते रहने की अपील की । कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संतोष पांडे ने की एसंचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी सुभग ने किया । कार्यक्रम की व्यवस्था विवेक अग्रवाल श्याम जी गर्ग ने देखी । इस मौके पर मुकेश गुप्ता सुरेंद्र पांडे, सुधांशु दत्त द्विवेदी, सभाषद प्रबल त्रिपाठी,रामकिशन राजपूत, आर सी सक्सेना, श्रीकृष्ण गुप्ता,ज्ञानी गुरुबचन सिंह ,सुरेंद्र पांडे सहित शहर के गणमान्य लोगों ने मौजूद रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# सावन के अंतिम सोमवार को रोटी घर ने वितरित की ठंडाई

संवाददाता। फतेहपुर



**सावन** के अंतिम सोमवार के अवसर पर तांबेश्वर मंदिर में रोटी घर द्वारा ठंडाई का वृहद वितरण किया गया। संचालिका स्मिता सिंह ने बताया कि विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी सावन के शुभ अवसर पर आए हुए शिव भक्तों के लिए प्रसाद का वितरण प्रातः काल से ही किया गया। बताया कि मान्यता अनुसार सावन के महीने में ही शिव जी उनके तप से प्रसन्न होकर प्रकट हुए थे और उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया था। इसके बाद पार्वती जी का शिव जी के साथ विवाह हुआ। तब से यह पूरा माह शिव जी और माता पार्वती दोनों का प्रिय माह बन गया। भक्तो को किसी प्रकार असुविधा ना हो इसके लिए भंडारे का आयोजन अनवरत रूप से किया जा रहा है। प्रसाद स्वरूप ठंडाई पाकर सुदूर से आए भक्तों मैं प्रसन्नता देखी जा सकती थी। बताया कि सावन के चौथे सोमवार पर बेहद खास योग बन रहे हैं क्योंकि इस दिन सावन मास की पुत्रदा एकादशी का भी व्रत रखा जाएगा। साथ ही रवि नामक योग भी बन रहा है। यह योग सभी वार, नक्षत्र, तिथि को दोषों को दूर करने वाला है। रवि योग सुबह 05 बजकर 46 मिनट से दोपहर 02 बजकर 37 मिनट तक रहेगा। इस खास मुहूर्त में शिवलिंग का पंचामृत से अभिषेक करने से लाभ प्राप्ति के मार्ग में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और आरोग्य सुख की प्राप्ति होती है। ऐसे में सावन का चौथा सोमवार भगवान शिव और भगवान विष्णु के लिए बेहद खास है। इस अवसर पर नीरजा चौहान, साधना चौरसिया, रीता सिंह तोमर, अमित सिंह, प्रदीप सिंह, रितिक ठाकुर, वीरेंद्र मिश्रा, अंकित चौहान, यश प्रताप सिंह, अर्पित सिंह, वंदना श्रीवास्तव, आचार्य रामनारायण, राज कुमार आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महाविद्यालय की स्थापना दिवस पर रुद्राभिषेक व आल्हा गायन का आयोजन

**घाटमपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री शक्ति डिग्री कालेज शाखाहारी के स्थापना दिवस पर आज महाविद्यालय में रुद्राभिषेक व आल्हा गायन का आयोजन किया गया इस अवसर पर सांस्कृकित विरासत को बचाने और उसे युवा पीढ़ी को बढ़ाने की जरुरत पर बल दिया गया। आल्हा गायन क्षेत्र के गांव मडुरी निवासी पप्पू सिंह और उनके साथ महोबा से आये साथियों द्वारा गायन किया गया। आल सुनने के लिये बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग पंहुचे। दस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक व बैंक आफबडौदा के पूर्व निदेशक रमेश चंद्र त्रिवेदी व प्रबंन्धक विनय त्रिवेदी, लेफ्टीनेंट विवेक त्रिवेदी और राजकुमार शर्मा, सतेन्द्र अग्निहोत्री व सत्य नरायन पटेल मौजूद रहे।

### अनियंत्रित डंफर ने चालक-खलासी को कुचला, चालक की मौत

**घाटमपुर।** रविवार शांम कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर थाना सजेती क्षेत्र के गांव रामपुर के पास खरादी की एक दुकान में खड़ा कर ट्रक में काम करा रहे तभी घाटमपुर से हमीरपुर की ओर जा रहे डंफर ने दोनों को कुचलता हुआ दुकान में घुस गया। हादसे में उन्नाव खास निवासी चालक अशोक 38 की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि खलासी कल्लू यादव 20 वर्ष निवासी बीबीपुर सजेती गंम्भीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये जिला अस्पताल हमीरपुर में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

### मिनी गुण्डा एक्ट में जिला बदर युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमीपुराई के समीप शाम मिनी गुण्डा एक्ट में जिला बदर 35 वर्षीय युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके में ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र ईंटगांव मजरे सोहन गांव निवासी रामसिंह लोधी का पुत्र ओमकार लोधी जो लगभग 12 वर्ष पूर्व हत्या के मामले अन्य तीन लोगों के साथ जेल गया था। बताया जा रहा है कि वह 18 माह जेल में रहने के बाद बाहर आया इसी बीच उस पर मिनी गुण्डा एक्ट के तहत जिला बदर कर दिया गया था लेकिन अक्सर वह गांव आ जाता था। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी ससुराल छिमीपुरई गांव गया था और रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के परिवार के ही विजय सिंह लोधी ने बताया कि मई माह में ओमकार को मिनी गुण्डा एक्ट में जिला बदर किया गया था। 06 माह के लिये उसके बावजूद भी वह अक्सर गांव आ जाता था।

### सभासद व उसके दो भाईयों को किया मरणासन्न, दस आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** बीती रात सभासद व उनके दो भाईयों पर दबंगों नें हमला करके मरणासन्न कर दिया। सभासद पर तलवार से हमला किया गया। इसके साथ ही चेन आदि भी लूट ली गयी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर सभासद व उनके दोनों भाईयों का मेडिकल कराया। शहर कोतवाली के गंगा नगर निवासी आनन्द अग्निहोत्री नें दर्ज करायी गयी एफआईआर में कहा है कि उनके भाई अभिषेक अग्निहोत्री वर्तमान में सभासद है व बड़े भाई मनोज अग्निहोत्री पूर्व सभासद है। मोहल्ले के ही शनी व मनी पुत्र कुलदीप को अबैध रूप से वन्य संरक्षित जीवों (कछुए, विदेशी चूहे व सेई आदि का व्यापार करते है। आरोपियों के 15-20 खूंखार कुत्ते अनायास आनन्द के ऊपर भौकनें लगे। जब शनी व मनी से कहा की वह अपने जानवर घर के भीतर रखें तो इस बात से आक्रोशित आरोपी अपने 8-10 अज्ञात साथियों को लेकर आ गये। उन्होंने लाठी-डंडो व तलवार से हमला कर दिया जिससे आनन्द लहुलुहान हो गयी। मारपीट से आनन्द अग्निहोत्री बेहोश हो गये। सूचना मिलने पर उनके सभासद भाई अभिषेक व पूर्व सभासद भाई मनोज अग्निहोत्री आये तो आरोपियों नें उनके ऊपर भी हमला कर दिया। सभासद अभिषेक अग्निहोत्री के के गले में पड़ी सोने की चेन भी लूट ली। उनके सिर पर भी तलवार से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारनें की धमकी देते हुए फरार हो गयी। गंभीर हालत में सभासद अभिषेक उनके भाई आनन्द व मनोज को लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ395 व 308 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तीनो घायलों का लोहिया में बीती रात मेडिकल हुआ। घटना के दौरान आरोपियों नें अपनी ही बाइक में आग लगा ली। जब पुलिस पंहुची तो आग पर काबू पाया गया। आरोपी अभी घर से फरार है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। कादरी गेट चौकी इंचार्ज राजेश राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जाँच की जा रही है।

### जल भरकर जा रहे कांवड़िये की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

**फर्रुखाबाद।** बीते रविवार की रात गंगा से जल भरकर जा रहे कांवड़िये की अज्ञात वाहन नें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया । जहाँ चिकित्सक नें उसे मृत घोषित कर दिया। जनपद हरदोई के थाना लोनार के ग्रान मेहंदियापुर निवासी राजेंद्र कुमार सिंह पांच साथियों के साथ रविवार शाम गंगा जल भरने पांचाल घाट आया था। जब सभी जल भरकर वापस जा रहे थे तो इटावा-बरेली हाईवे पर राजेपुर क्षेत्र के निबिया के निकट एक अज्ञात वाहन नें उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे राजेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। जहाँ उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मृतक की बहन बबली व भतीजा विनीत आदि मौके पर लोहिया अस्पताल सोमवार सुबह पंहुचे।

### अनाज से बना तिरंगा प्रधानमंत्री को भेजेंगे: विकास समिति

फतेहपुर। एक तरफदेश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव माना रहा है तो वहीं दूसरी तरफहर घर तिरंगा अभियान हर्षोल्लास के साथ 13 से 15 अगस्त तक मनाया जाना है। ऐसे में देश के बच्चों, बूढ़ों व युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला रहा है। वहीं जनपद में युवा विकास समिति के सदस्यों ने अनाज (चावल व दाल) के माध्यम से तिरंगा तैयार किया है व तिरंगे को प्रधानमंत्री तक भेजने की तैयारी भी कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में आजादी का अमृत महोत्सव व हर घर तिरंगा अभियान को देखते हुए कदम से कदम मिलाकर साथ चलने वाली युवा विकास समिति के पदाधिकारियों/सदस्यों ने अनाज का तिरंगा तैयार किया है। तिरंगे को तैयार करते समय उसकी बारीकियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है और अब तैयारी है तिरंगे को प्रधानमंत्री को भेंट करने की। समिति समय-समय पर सामाजिक कार्यों के प्रति अपना दायित्व अच्छे से निर्वहन करती रहती है व पूर्व में भी जैसे- नेकी की दीवार, नेकी का हौदा, नेकी का दावा बैंक, निःशुल्क मेडिकल परीक्षण शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मिश्रा ने बताया कि अनाज से बना यह तिरंगा देश के किसानों को समर्पित है और जल्द ही इसे प्रधानमंत्री को भेंट कर दिया जाएगा।

# भारत विकास परिषद द्वारा मनाया गया हरियाली तीज का पर्व

संवाददाता। फर्रुखाबाद




**भारत** विकास परिषद की पांचाल शाखा द्वारा स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल सभा भवन में हरियाली तीज कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। गणेश वंदना कु यश रस्तोगी द्वारा की गई। वंश सक्सेना ,कृष्ण सक्सेना द्वारा कृष्ण सुदामा मिलन। अरना श्रीवास्तव, आराध्या सक्सेना, संस्कार सक्सेना द्वारा मैं बरसाने की छोरी। अनबी,शम्भबी,मान्या, सिद्धि द्वारा तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली हैं प्यारी प्यारी है मां। रोमी श्रीवास्तव,ममता सक्सेना,कमलेश श्रीवास्तव,नीतू श्री वास्तव,रत्नेश पाल द्वारा हरियाली तीज पर नृत्य प्रस्तुत किया। पूनम जैन,रोमी श्रीवास्तव द्वारा गेम खिला, गए तथा सोलह श्रंगार संबंधित प्रशन पूछे गए। कन्हैयालाल जैन द्वारा सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे गए। संचालन मानसी सक्सेना, यश रस्तोगी ने किया ।मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली तीज पर्व की सभी को शुभकामनाएं । छोटे छोटे बच्चो ने रंगारंग प्रस्तुति दी है । इन बच्चो के संरक्षक से मैं कहूंगी कि जिस क्षेत्र में इन बच्चो की रुचि हो उन्हे उस क्षेत्र में जरूर भेजे जिससे उनका कैरियर बन सके। इस मौके पर अध्यक्ष शिवम गुप्ता, समन्वय समिति के अध्यक्ष अतुल रस्तोगी,सचिव अनिल कुमार सक्सेना,कोषाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता,महिला संयोजिका रत्नेश पाल के अलावा प्रांतीय संयुक्त सचिव डा आर के गुप्ता,संगठन सचिव पंकज गुप्ता, संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव,रोमी ,मीडिया प्रभारी रजत व देवेंद्र नारायण श्रीवास्तव, कन्हैया शुक्ला, डा रचित बाजपेई,फतेहगढ़ शाखा के संस्थापक प्रवीण माथुर,अध्यक्ष सरदार जगदीप सिंह, सचिव किशन वर्मा, डा प्रशांत कुमार श्रीवास्तव आदि सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे।

# सावन के आखिरी सोमवार को अमरौधा के कालेश्वर में लगा भक्तों का तांता

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

**सावन** मास के आखिरी सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना और जलाभिषेक किया गया। अमरौधा के प्राचीन कालेश्वर मंदिर में भक्तों की भीड़ देखी गई। देर शाम तक मंदिर तक पहुंचने के सभी मार्ग भक्तों से खचाखच भरे रहे। लोगों ने दूध, गंगाजल और जल से अभिषेक किया। वहीं पुखरायां के शिवालयों में भी सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखने को मिली।

मंदिर के महंत कल्यानदास ने बताया कि सावन के पहले सोमवार की अपेक्षा दूसरे सोमवार को श्रृद्धालुओं की अधिक भीड़ रही। इस मौसम भी अनुकूल रहा। बारिश होने और आसमान में बदली छायी रहने से भक्तों को आवागमन कोई परेशानी नहीं हुई। मंदिर में सैकड़ों साल पुराना शिवलिंग स्थापित है। जिसे उनके गुरू सहजानंद ने स्थापित कराया था। शिवलिंग काले पत्थर बनीं है और स्वतः प्रादुर्भाव हुआ था। यहां स्थानीय लोगों के अलावा अन्य जनपदों से के लोग भी दर्शन करने पहुंचते हैं। खासकर सावन और महाशिवरात्रि में यहां सर्वाधिक भीड़ रहती है। दर्शन से सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं कस्बा पुखरायां के झगड़ेश्वर, बड़े महादेवन में भी भगवान शिव का श्रृंगार किया गया। भक्तों ने जलाभिषेक करके पूजा अर्चना की।

अधिकांश भक्तों ने आज व्रत भी रखा। औरैया, कानपुरनगर, जालौन से लोग दर्शन करने पहुंचे। इसके अलावा स्थानीय ट्योंगा, क्योटरा, सुजगवां, मांचा, पिपरी, भोगनीपुर, हलधरपुर, जलपुरा, पुरैनी, चौरा, चयन का पुरवा, डिलौलियाबांगर समेत सैकड़ों गावों से लोग दर्शन करने पहुंचे।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पर घरेलू हिंसा का मुकदमा

**फतेहपुर।** प्राइमरी विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ घरेलू हिंसा का पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि पति ने उसे मारपीट कर प्रताड़ित किया और बच्चे के साथ घर से निकाला है। हथगाम थाने के चक इटैली निवासी विमला देवी ने सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पति रामकुमार की एडी बेसिक शिक्षा प्रयागराज से शिकायत की थी। उसने शिकायत में बताया कि पति रामकुमार की पहली पत्नी की दो दशक पहले मौत हो गई थी। उसके साथ दूसरी शादी 15 फरवरी 2021 को हुई है। उसका एक बेटा भी है। पति का चरित्र ठीक नहीं है। इसका विरोध करने पर उसे पति ने छह माह पहले लात-घूसें, डंडों से पीटकर घर से निकाल दिया। वह लोकलाज के चलते थाने नहीं गई। तभी से लाडलेपुर गांव में रह रही है। उसके गुजर-बसर में संकट पैदा हो गया। तब एडी बेसिक शिक्षा से शिकायत की। महिला ने आधी पेंशन दिलाने की मांग की है। थानाध्यक्ष अश्वनी सिंह ने बताया कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक के खिलाफघरेलू हिंसा, जान से मारने

# आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में लगाये गये नोडल अधिकारियों की बैठक हुई आयोजित

संवाददाता। कानपुर देहात

● जन सहभागिता से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक कार्यवाही करें: मुख्य विकास अधिकारी

**मुख्य** सचिव उ0प्र0 शासन के निर्देशों के तहत जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में लगाये गये नोडल अधिकारियों की बैठक आयेजित हुई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम देश भर में गरिमामय रूप से मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत सचिव संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा अवगत कराया गया है कि आजादी का अमृत महोत्सव के क्रियान्वयन हेतु गठित राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) द्वारा दिनांक 11 से 17 अगस्त 2022 के मध्य हर घर तिरंगा कार्यक्रम अनुमोदित किया गया है। इसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिये प्रेरित करना है। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना का जाग्रत करते हुये स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। जनपद स्तर से पंचायत स्तर तक विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारीगण के साथ.साथ पर्यवेक्षकों की भी तैनाती प्रत्येक विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायतों के स्तर पर किये जाने के निर्देश दिये गये है। विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों को समीक्षा हेतु नामित किया है तथा दिनांक 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 तक भ्रमण कर सूचना खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करना सुनिश्चित करें।विकास खण्ड जनपद में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु निम्नवत् कार्यवाही की जानी है जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर सम्बन्धित विभाग द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन करते हुये ग्राम प्रधानों को शत.प्रतिशत घरोंए दुकानोंए कार्यालयोंए शैक्षणिक संस्थानों तथा नलकूप इत्यादि पर झण्डा फहराने हेतु प्रेरित किया जाये। जनपद के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में झण्डा के वितरण ध् बिकी हेतु केन्द्रों को चिन्हित कर जनपद की समस्त सरकारी राशन की दुकानों को झण्डा वितरण एवं बिक्री केन्द्र के रूप में प्रयोग किया जाये। नगरीय एवं पंचायत स्तर पर लोगों को झण्डा क्रय करने एवं कार्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जाये। जनपद की समस्त सरकारीए सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानोंए शैक्षणिक संस्थानोंए व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानोंए गैर सरकारी संगठनोंए रेस्टोरेंटए शॉपिंग काम्पलेक्सए टोल प्लाजाए पुलिस चौकी ध् थाना इत्यादि को इस कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से झण्डा फहराये जाने हेतु निर्देशित किया जाये। बैनरए पम्पलेटए स्टैण्डीए होर्डिग्स एवं अन्य उपर्युक्त माध्यमों से स्थानीय भाषा एवं बोली में कार्यक्रम का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाये। सभी प्राथमिकध् माध्यमिक स्कूलों में पैरेन्ट.टीचर मीटिंग के माध्यम से कार्यक्रम के सम्बन्ध में भी सभी को जानकारी दी जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्बन्धित उक्तानुसार जन सहभागिता से हर घर तिरंगा कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## सरकार प्राथमिक शिक्षा को लगातार दे रही बढ़ावा: विधायक जैकी

**बिंदकी (फतेहपुर)।** प्रदेश सरकार लगातार प्राथमिक शिक्षा को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। इसी का परिणाम है कि अब प्राथमिक शिक्षा अच्छी हुई है और छात्र-छात्राओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। यह बात नगर के मोहल्ला पुरानी बिंदकी स्थित गांधी स्मारक प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक जय कुमार सिंह जैकी ने कहा। उन्होंने कहा कि नगर के रहने वाले समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र उर्फ मोना ओमर द्वारा लगातार सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण सामग्री दी जा रही है। जिसके चलते छात्र/छात्राएं और बेहतर पढ़ाई कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए जरूरी है। शिक्षा के जरिए व्यक्ति ने सोचने और निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है और शिक्षा के चलते व्यक्ति के जीवन में उजाला आता है। इस मौके पर समाजसेवी ने कहा कि उनके द्वारा लगातार नगर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षण सामग्री दी जा रही है ताकि बच्चे और बेहतर ढंग से अपनी पढ़ाई कर सकें।

# पूर्वदशम् एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना को लेकर डीएम ने प्रधानाध्यापकों के साथ की बैठक

- कोई भी पात्र छात्र योजना से वंचित ना रहे :डीएम
- हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के दिए निर्देश

संवाददाता। अमेठी


प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक करते हुए डीएम

**समाज कल्याण** एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त प्रधानाध्यापक के साथ बैठक कर निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत छात्र छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन कराने तथा तत्पश्चात उनको विद्यालय द्वारा अग्रसारित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र पांडेय ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 2 जुलाई से 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु 8 जुलाई से 7 नवंबर 2022 तक ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि निर्धारित की गई है, अब तक उक्त दोनों योजनाओं में मात्र 381 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त प्रधानाध्यापकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने अपने विद्यालय अंतर्गत जो भी छात्र पात्र हैं उनका शीघ्र अति शीघ्र ऑनलाइन आवेदन कराते हुए अग्रसारित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र छात्र उक्त योजना से वंचित ना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा छात्रवृत्ति योजना को लेकर लगातार समीक्षा की जा रही है अत: इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने 13 से 15 अगस्त के मध्य आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एके सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सचिन यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# प्रधानों व अधिकारियों के लिए अमृत सरोवर बना धन सरोवर

संवाददाता। अमेठी


अमृत सरोवर में प्रयोग होने वाली पीली ईंट

**प्रधानों के लिए** अमृत सरोवर बना धन सरोवर मानक विहीन मसाले व पीली ईंटों का जमकर प्रयोग हो रहा है ढ्ढ अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से ही संभव है ढ्ढ जामो अमेठी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा मयास में सरकार की अति महत्वाकांक्षी परियोजना अमृत सरोवर तालाब का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें शुद्ध पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है ईंटों को जोड़ने वाला जो मसाला है वह भी मानक के हिसाब से नहीं बन रहा है ढ्ढ गांव वालों के द्वारा मौखिक जानकारी देने पर पत्रकार ने जब मौके का निरीक्षण किया तो उपरोक्त सभी बातें सही दिखी मौके पर सिर्फ एक मिस्त्री और दो लेबर ही कार्य कर रहे थे ढ्ढ फिलहाल क्षेत्र में इस समय अमृत सरोवर ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के लिए धन सरोवर बन चुके हैं ढ्ढ मानक विहीन सामग्रियों का प्रयोग करके यह लोग योगी सरकार के फरमान को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं ढ्ढ ऐसा लगता है कि प्रधानों को इस समय ना तो योगी सरकार और ना ही किसी अधिकारी व कर्मचारी का डर है इस मामले के बारे में जब परियोजना निदेशक व खंड विकास अधिकारी आशुतोष दुबे से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि मेरा मोबाइल गिर गया है ढ्ढ अभी मैं मोबाइल बनवा रहा हूं कोई बात हो तो मेरे व्हाट्सएप पर डाल दीजिए ।

# जमीन विवाद को लेकर हुई हत्या



**गौरीगंज।** जनपद मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर स्थित गौरीगंज रायबरेली मार्ग पर दोपहर गुजर टोला निवासी जिब्राइल पुत्र लाल मोहम्मद 21 वर्षीय की बनी रेलवे स्टेशन के करीब ट्यूबवेल के कमरे में गला रेत का हत्या कर दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार जिब्राइल के परिवार का जयसिंह पुरवा निवासी से लंबे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा था। परिजनों के अनुसार रविवार को रात्रि में मित्र का फोन आने पर जिब्राइल घर से बाहर निकला। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की घर से कुछ ही दूर स्थित दोपहर बाद मुमताज की ट्यूबवेल पर रक्त रंजित शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई कलाम की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों को नामजद किया है। वही घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर शीघ्र खुलासे के निर्देश गौरीगंज कोतवाली प्रभारी को दिये।

# सावन के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक के लिए उमड़े श्रद्धालु


जलाभिषेक करते हुए श्रद्धालु

**तिलोई,अमेठी ।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के शिव मंदिरों पर सावन के पवित्र माह में अंतिम सोमवार को जलाभिषेक के लिए भक्तों की भारी भीड़ शिव मंदिरों पर उमडी।क्षेत्र के प्रसिद्ध शिव मंदिर बाबा दतहरेश्वर धाम रामपुर पंवारा ,बाबा रत्नेश्वर महादेव मंदिर इन्हौना, पंहौंना में बाबा झारखंडेश्वर महादेव तिलोई ब्लाक के सेमरौता में बाबा आनंदेश्वर महादेव,बाबा उजियारनाथ पर,आठ बीर बाबा कुकहा रामपुर में सावन के सोमवार को जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी भी? देखने को मिली। आचार्य चंद्रमणि पांडेय ने बताया कि सावन के सोमवार को विधि विधान से पूजन अर्चन करने से महिलाओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है।जो बालिकायें सावन के सोमवार का विधि विधान से पूजन करती हैं उन्हें मन वांछित वर की प्राप्ति होती है।

# बीईओ, जीआईसी के प्रधानाचार्य और प्रधान को किया गया सम्मानित

**तिलोई अमेठी ।** मुख्य विकास अधिकारी अंकुर लाठर ने सोमवार को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 29 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों,एक बीईओ के साथ ही पांच ग्राम प्रधानों को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित किया है। मुख्य विकास अधिकारी डा अंकुर


बीईओ को सम्मानित करते हुए सीडीओ

लाठर ने सिंहपुर ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज इन्हौना के प्रधानाचार्य अतुल कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय राजा पट्टी के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार पाण्डेय एव तिलोई ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पुंडा के प्रधानाध्यापक हरि शंकर बाजपेयी,प्राथमिक विद्यालय सतगवां के प्रधानाध्यापक अजय मिश्र, बहादुरपर ब्लाक के कमपोजिट विद्यालय खैरहना के प्रधानाध्यापक अतुल कुमार, सलीमपुर की कमलेश कुमारी के साथ ही उनतीस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया है। कायाकल्प योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सिंहपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत पन्हौंना के ग्राम प्रधान अजय कुमार पाल समेत पांच ग्राम प्रधानों को प्रमाण पत्र देते हुये सम्मानित किया है।मुख्य विकास अधिकारी अंकुर लाठर ने सिंहपुर ब्लाक की खण्ड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल को स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार से सम्मानित कर प्रमाण पत्र भेंट किया है।इस मौके पर सीडीओ के साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक व जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव,अरुण त्रिपाठी,अभिनव पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने घेरा ढाबा

**तिलोई,अमेठी ।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के लखनऊ सुल्तानपुर राजमार्ग पर रविवार को चिलौली गांव स्थित जय माँ शारदा यात्री यात्री ?ड प्लाजा पर गाँव के ही युवक बृजेश कुमार शुक्ल की ट्रक के रौंदने से मौत हो गयी थी। होटल संचालक द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा नहीं देने पर ग्रामीण भ?क गए और सोमवार को सुबह ढाबे को घेरकर नारेबाजी करने लगे।ग्रामीणों का आरोप है कि पहले तो ढाबा संचालक ने यही इंकार कर दिया कि मृत युवक हमारे यहाँ काम भी करता था।ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए ढाबा संचालक ने परिजनों व संभ्रांत लोगों के मध्य मुआवजा राशि देने की बात स्वीकार की तब जाकर ग्रामीणों माने और शव का अंतिम संस्कार किया।

### एलईडी वैन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अमेठी ।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जन जागरूकता हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा भेजी गई एलईडी वीडियो वैन को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत 11 से 17 अगस्त 2022 तक स्वतंत्रता सप्ताह एवं 13 से 15 अगस्त 2022 तक हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जनपद वासियों को जागरूक करने के लिए एलईडी वीडियो वैन रवाना की गई है यह एलईडी वीडियो वैन जनपद के विभिन्न कस्बों, बाजारों, प्रमुख चौराहों, तहसीलों, विकास खंडो, ग्राम पंचायतों व अन्य प्रमुख स्थलों पर जाकर वीडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगी। अपर जिला सूचना अधिकारी शिवदर्शन यादव ने बताया कि यह एलईडी वैन जनपद में 15 दिनों के लिए भेजी गई ।

### आईटीआई कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर किया प्रदर्शन

**ऊंचाहार(रायबरेली) ।** उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के आवाहन पर सोमवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के कर्मचारियों ने काला फीता बांध कर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया है। कर्मचारियों की मांग है कि वर्ष-2016 मे नियुक्त अनुदेशकों की अवरुद्ध हुई वार्षिक वेतनवृद्धि का अवमुक्त कराया जाए। अनुदेशक संवर्ग के बहुत से कार्मिकों का स्थानांतरण नही किया गया है। समयावधि बढाते हुए शासनादेश से आच्छदित हो रहे जरुरतमंद कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाए।अनुदेशक से कार्यदेशक के पद पर पदोन्नति प्रदान कराया जाए। कार्यदेशक से प्रधानाचार्य श्रेणी-02 के पद पर पदोन्नति प्रदान कराया जाए।卐समान कार्य, समान वेतन卐 के आधार पर अतिथि वक्ताओं का मानदेय निर्धारण कराया जाए।वर्ष-2016 मे नियुक्त अनुदेशकों को सम्मिलित करते हुए अनुदेशकों की वरिष्ठता सूची ज़ारी कराया जाए। रिक्त स्थाई पदों के सापेक्ष अनुदेशकों का स्थायीकरण कराया जाए।विभाग मे कार्यरत महिला कार्मिकों को मातृत्व लाभ स्वीकृत किया जाए। अखिल भारतीय प्रयोगात्मक परीक्षा मे पर्यवेक्षक ड्युटी तथा सीबीटी परीक्षा मे कक्ष निरीक्षक के रूप मे तैनात कार्मिकों के पारिश्रमिक का भुगतान कराया जाना। इस मौके पर भगवान सिंह यादव, विवेक कुमार, विकाश यादव, राकेश कुमार,अनिरुध बनर्जी, उमा त्रिवेदी, वर्तिका वर्मा, शोभा, प्रमोद , अंकित कुमार मौर्य, मुबश्शिर अली सिद्दीकी, प्रज्ञायुग प्रकाश, अर्चना मौर्या तथा प्रीति गौरव आदि मौजूद थे।

### बछरावां नगर में तिरंगा यात्रा का किया गया आयोजन



**बछरावां रायबरेली ।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरा देश जश्न मना रहा है। वहीं सरकार भी हर घर तिरंगा अभियान चलाकर हर घर तक तिरंगा पहुंचाने की योजना बना रही है। वही बछरावां नगर में आज सरकार की मंशा के अनुरूप आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभासद वीरभान सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा मुख्य चौराहे से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होकर रेलवे स्टेशन तक आयोजित की गई। वहीं इस तिरंगा यात्रा में तिरंगे का आकार 14 फुटम21फुट था। इस विशाल तिरंगे को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर फहराए जाएगा। तिरंगा यात्रा के दौरान तिरंगा के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखा गया। इस मौके पर यातायात व्यवस्था के नियंत्रण कीजिए हेड कांस्टेबल कैलाश सिंह उत्साही युवकों के साथ तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में लगी आग से मंदिर के पुजारी का सामान हुआ खाक

- जमीनी विवाद के चलते आगजनी की आशंका

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**लालगंज कोतवाली** क्षेत्र के दयालपुर गांव के सामने स्थित भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में स्थित की संत की कुटिया में भूमाफियाओं ने आग लगा दी। फलस्वरूप कुटिया में रखा लकड़ी का तखत व खाने पीने का सामान जल कर स्वाहा हो गया। घटना की नामजद सूचना देने के बाद पुलिस ने मामले को दर्ज करने के बजाय संत के शिष्य से जबरन सुलह भी करा दिया। इस मामले पर नागा संत के शिष्य ने खांसा आक्रोश व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार जूना अखाड़ा के नागा संत रूद्र भारती की कुटिया में यह घटना बीती रात घटी। वर्तमान में नागा संत रूद्र भारती चित्रकूट में हैं और यहां उनका शिष्य लवकुश भारती कुटिया की देखरेख करता है। आपको बता दें कि दयालपुर ग्राम पंचायत की इस बेशकीमती भूमि पर कई भूमाफियाओं की नजर है। संत को कई बार भगाने की कोशिश की गयी। जब वे सब कामयाब नहीं हुए तो उसकी कुटिया में पीछे से स्थित दीवाल की ईंटे निकाल कर उससे अंदर के कमरे में आग लगा दी गयी। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर की इस भूमि पर लोगों का कब्जा भी है उसमें बाकायदा खेती भी हो रही है। लेकिन आगे के भाग में शिव मंदिर स्थित है और उसके प्रांगण की जमीन पर कब्जा लोग चाह रहे हैं। पीड़ित शिष्य ने बताया कि नागा स्वामी को घटना की सूचना दे दी है।

## मंडी समिति में भंडारे का हुआ आयोजन

**लालगंज रायबरेली।** कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में मंडी व्यापारी सुरेश सोनकर के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों लोगों ने पूरी सब्जी और खीर का आनंद उठाया। भंडारा करते हुए सुरेश सोनकर ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष सावन के आखिरी सोमवार को भंडारा आयोजित करते हैं। इस अवसर पर राजू सोनकर, राजेश गब्बर, आशीष कुमार, अरविंद सोनकर, अनिल सोनकर आदि अन्य कार्यकर्ता बंधु मौजूद रहे।

# फिर से प्रकृति की ओर लौटने में ही मानव जीवन का होगा भला: डॉ एमडी सिंह

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**श्री बंजारेश्वर** मन्दिर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरांय बैरिहाखेड़ा, विकास क्षेत्र लालगंज में 209 वीं पंचवटी रोपित कर पंचवटी विकास अभियान सतत गतिमान है। इस पंचवटी में प्रगतिशील किसान अमरेन्द्र बहादुर सिंह

के संरक्षण में पीपल, बरगद, नीम, पाकर, इमली, कचनार, आँवला, आम आदि का पौधरोपण सम्पन हुआ। तदनन्तर पूर्व अंग्रेजी प्रवक्ता अमरपाल सिंह की अध्यक्षता एवं आचार्य बसंत कुमार सिंह के संचालन में, अमृत वन महोत्सव संगोष्ठी में पंचवटी के अध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी को प्रतीक चिन्ह व वट के पौधे के साथ 250 अन्य पौधे अमरेन्द्र सिंह द्वारा भेट किये गए। गोष्ठी में कनका पुर ग्राम के महेन्द्र सिंह, पूर्व खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह झाबर हरदोपट्टी के पूर्व प्रधान रघुराज सिंह, मूसापुर के प्रगतिशील किसान सज्जन मिश्र, बेलौली के हनुमन्त सिंह, स्टेट बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक अरविन्द दीक्षित, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रेमशंकर मिश्र, सूबेदार शेर बहादुर सिंह, व्यवसायी अमरपाल सिंह, देवराज सिंह आदि ने अपने- अपने विचार व्यक्त कर, अमृत महोत्सव के राष्ट्रीय पर्यावरण सम्वर्धन अभियान की सफलता हेतु, पंचवटी अभियान के प्रेरणा स्रोत मानव धर्म तथा गिलहरी प्रयास अभियान के प्रणेता वनस्पति शास्त्री डॉ. आदर्श कुमार शुक्ल द्वारा निर्दिष्ट हरिशंकरी वृक्षारोपण को मूर्त रूप देने का संकल्प लिया। गोष्ठी में, समिति के कोषाध्यक्ष रामगुलाम सविता, आर्यन, शिव मोहन, संतोष, मनोज, रोहित, शिव प्रकाश, योगेन्द्र पाल सिंह समेत गण्यमान्य लोगों ने पारितंत्रीय व्यवस्था के संतुलन के लिए हरीतिमा बढ़ाने के साथ ही जल संचयन हेतु जन -जागरण का भी संकल्प लिया। अंत में संस्था के सचिव डॉ महादेव सिंह ने पंचवटी समिति की ओर से सभी का सम्मान करते हुए, पुन: प्रकृति की ओर लौटने, जैविक कृषि वानिकी द्वारा धरती को हराभरा बनाकर सुजला- सुफला करने में संकल्पशील अभ्यागतों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व प्रधानाचार्य एवं समिति के संरक्षक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने वृक्षों की विनाश लीला पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि विनाश की कीमत पर किया जाने वाला यह विकास का माडल अनुपयोगी है, हमें अपनी सनातन संस्कृति के संरक्षण वादी जीवन मूल्यों की विरासत बचाने की आवश्यकता है।

# जीएसटी में राहत दिये जाने हेतु ईंट निर्माता संघ ने लगायी गुहार

संवाददाता। रायबरेली




**ईंट निर्माता** संघ की जिला बैठक में सरकार से राहत देने की गुहार करते हुए प्रदेश स्तरीय चरनजीत तलवार ने चेताया कि यदि ईंट बिक्री पर जीएसटी नहीं घटाई जायेगी तो ईंट महंगी हो जायेगी, बाराबंकी जिलाध्यक्ष शेषमणि तिवारी ने बताया कि कोयले की कीमते जो 8000-9000 प्रति टन पहुॅच गई, इस कमरतोड़ महंगाई से ईंट उत्पादन लागत बहुत बढ़ गयी।

जिलाध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह त्यागी एवं जिला महामंत्री विमल तलरेजा ने बताया कि सरकार हमारी गुहार नहीं सुन रही है, इसलिए मजबूर होकर अनिश्चित कालीन हड़ताल का आवाह्न किया जा रहा है।

जीएसटी 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर दी गयी है। कोयला उचित मूल्य पर दिलाया जाए। जिगजैग में परिर्तन करने हेतु 5 वर्ष का समय दिया जाये। श्रमिकों के हित में श्रम कानून को सरल व व्यवहारिक बनाया जाए। ईंट, मिट्टी खनन में श्रेष्ठ के उपयोग पर उत्पीड़न बंद किया जाए। लाल ईंट की खपत सरकारी योजनाओं में बढ़ाई जाये।

उपरोक्त सभी मांगो के पूर्ण होने पर ही ईंट उत्पादन कार्य किया जाएगा, प्रत्येक भट्ठा स्वामी न ही कायेला, लकड़ी खरीदेगा न ही श्रमिकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करेगा। बैठक में राकेश जीवनानी, मो0 रईस, आनंद सिंह, अनिल चंदानी, विपिन जायसवाल, मनोज चंदानी 'विक्की', समर बहादुर सिंह, रहुाल रस्तोगी, मनोज गुप्ता, रजा अली, मनोज पाल, सौरभ राजपाल, सलम रस्तोगी, आदित्य तिवारी, कमलेश कुमार सहित काफी संख्या में भट्ठा स्वामी उपस्थित थे।

# देशभक्ति की भावना जागृत करेगा हर घर तिरंगा अभियान: बीईओ कनौजिया

**रायबरेली।** आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से जागरूकता रैली निकाली गई। श्हर घर तिरंगाश् अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जीआईसी रायबरेली से निकाली गई रैली में एनसीसी, स्काउट, माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों ने प्रतिभाग किया। रैली को जीआईसी के प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव और बीईओ मुख्यालय वीरेंद्र कुमार कनौजिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए निकाली गई रैली में राजकीय इंटर कॉलेज, महात्मा इंटर कालेज, वैदिक इंटर कालेज, कम्पोजिट विद्यालय चकअहमदपुर और स्काउट-गाइड के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रैली अस्पताल चौराहा, सुपर मार्केट, घण्टाघर, कोतवाली रोड और दीवानी कचेहरी होते हुए जीआईसी स्कूल में समाप्त हुई है। इस दौरान बच्चों ने झंडा ऊंचा रहे हमारा... भारत माता और देश भक्तों के नारे लगाएं। प्रधानाचार्य रत्नेश श्रीवास्तव और बीईओ वीरेंद्र कनौजिया ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए आज जागरूकता रैली निकाली गई है।

## बालिका को भगाने का आरोप

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के लोदीपुर उतरावा गांव से एक नाबालिग लड़की को गायब होने का मामला लालगंज कोतवाली में दर्ज हुआ है। गायब हुई बालिका की मां ने गांव के ही संदीप पासवान के ऊपर बालिका को भगाने का आरोप लगाया है। वही माहिल पासवान, आशा देवी और कुलदीप के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराते हुए महिला ने कहा है कि इन तीनों का भी बालिका को भगाने मे सहयोग है । मामले की रिपोर्ट दर्ज कर कोतवाल राजेश सिंह ने जांच दरोगा दीपक पटेल को सौंपी है।

# आठवीं मोहर्रम का गस्त बड़े ही शानो शौकत के साथ निकाला गया

- महिलाएं जुलजना व ताजिए के रास्ते को पूरी रात अपने आँचल से करती है साफ

संवाददाता। जगदीशपुर,अमेठी

**मोहर्रम की** आठवीं तारीख को बड़े ही शानो सौकत के साथ ताजिया व अलम का जुलूस निकाला गया और वहीं ग्रामीणों ने जगह जगह लंगर का आयोजन किया। सुरक्षा को लेकर स्थानीय पुलिस पूरी तरह सजग रही।जगदीशपुर स्थित कस्बा निहालगड ़निवासी गुलाम हुसैन मुन्ना के इमामबाड़े से रवायत के अनुसार मोहर्रम की आठवीं तारीख का गस्त निकाला गया। जिसमें जुलजना अलम ताजिया गाँव के अलग अलग रास्तो से होते हुए सारी रात्रि भ्रमण करते हुए सुबह तकरीबन 09 बजे वापस इमामबाड़े पहुँचा और वहीं कस्बा निहालगड़का मनाया जाने वाला मोहर्रम कई जनपदों में काफी मशहूर है। मोहर्रम के चाँद होने के बाद से ही यहाँ की सभी तारीखे बड़े ही शानो सौकत के साथ मनायी जाती है।प्रत्येक तारीख में स्थानीय अंजुमन के साथ साथ बाहर से अंजुमने आकर नौहाख्वानी करती है। तो वही आठवीं सम्पूर्ण रात्रि चलने वाली बड़ी तारीख होने के नाते स्थानीय अंजुमनों के साथ जनपद के तमाम हिस्सों से अंजुमने शिरकत कर नौहाख्वानी करती है। इस तारीख की खासियत जुलजना अलम ताजिया के गस्त में मन्नत पूर्ण होने पर जुलजना के आने जाने वाले रास्तो को हर समुदाय की महिलाएं अपने आँचल से सारी रात्रि साफ करती है। प्रत्येक वर्ष महिलाओं के तादात में इजाफा ही देखा जाता है और वही पूरे गौहर में भी आठवीं मोहर्रम बड़े ही उच्य पैमाने पर मनाया जाता है यहाँ पूरी रात्रि विभिन्न गांवों से आई अंजुमने नोहा ख्वानी करती रहती है और वहीं इस गांव में ढोल ताशे व लेजिम बजाने का प्रचलन काफी मशहूर है जो आसपास के इलाके में चर्चा का विषय बना रहता है वहीं ग्रामवासियो द्वारा जगह जगह लंगर शर्बत सबील चाय खिच?ा जर्दा बिरयानी आदि का बड़े ही उच्य पैमाने पर वितरण किया जाता है। आठवी मोहर्रम की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल अरुण द्विवेदी स्पेक्टर राहुल कुमार अखण्ड देव मिश्रा उपनिरीक्षक संजय सिंह चौकी प्रभारी प्रदीप मिश्रा जितेंद्र कुमार मोहम्मद जावेद दीपचंद्र यादव सुरेश मिश्रा विजय यादव मयंक यादव प्रवीण कुमार सहित तमाम महिला पुलिस कर्मी गश्त को लेकर पूरी तरह मुस्तैद रहीं।

# आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार और शानदार बनाया जाएगा: डीएम

संवाददाता। बस्ती

● डीएम, सीडीओ और डीडीओ ने इस राष्ट्रीय पर्व का हिस्सा बनने की अपील की

● हर घर में झंडा फहराने से आजादी के दिवानों और बलिदान देने वालों को मिलेगी सच्ची श्रद्धांजलि

**एक** सप्ताह तक चलने वाले आजादी का अमृत महोत्सव को यादगार और षानदार बनाने के लिए बनाने के लिए डीएम प्रियंका निरंजन की टीम रात-दिन एक किए हुए है। कोई कमी न रह जाए इसके लिए विषेष ध्यान दिया जा रहा है। जिस तरह डीएम की अगुवाई में कार्ययोजना और रणनीति बन रही है, उसे देखते हुए कहा जा सकता है, कि 11 से 17 अगस्त मनने वाले इस राष्टीय गौरव के पर्व को जिले वाले सालों याद रखेगे। सोमवार को एक-एक दिन के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीएम, सीडीओ डा. राजेष कुमार प्रजापति और डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव ने एक प्रेसवार्ता आयोजित किया। इस प्रेसवार्ता में अधिकारियों की टीम ने जिले के प्रत्येक सम्मानित नागरिकों की अपील किया कि वह इस राष्टीय पर्व का हिस्सा अवष्य बने। अधिकारियों ने लोगों से अपने-अपने घरों में तिरंगा इस लिए फ्हराने की अपील की ताकि इससे आजादी के दिवानों और बलिदान देने वालों को सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सके। बताया गया कि 11 अगस्त को समस्त सरकारी गैर सरकारी विद्यालय में झंडा गीत का सफ्ल गायन विद्यालयों में स्लोगन लेखन चित्रकला प्रतियोगिता शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस पीएसी बैंक द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन 12 अगस्त को समस्त सरकारी गैर सरकारी विद्यालयों में झंडा गीत का सफ्ल गायन समस्त कृषि विज्ञान केंद्रों में शिक्षक सम्मेलन जिनमें 75 प्रगतिशील कृषकों को सम्मान पत्र पौधे एवं तिरंगा भेंट किया जाएगा शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस पीएसी बैंक द्वारा राष्ट्रभक्ति


तिरंगें के साथ डीएम, सीडीओ एवं डीडीओ पायनियर

गीतों का वादन किया जाएगा 13 अगस्त को छात्र छात्रा का हाई स्कूल यूनिफ्गर्म में झंडा गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली जाएगी प्रत्येक विकासखंड में 75 पीआरडी जवानों द्वारा अपने गणवेश में तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली जाएगी समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान गाया जाएगा बच्चों हेतु विशेष भोजन की व्यवस्था की गई है विद्यालयों में राष्ट्रभक्त से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस पीएसी बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन सरकारी विद्यालयों एवं सहायता प्राप्त संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आजादी के तराने प्रस्तुत किए जाएंगे 14 अगस्त को छात्र-छात्राओं का स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों की वेशभूषा में प्रभात फेरी निकाली जाएगी समस्त जनपद में युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों के द्वारा अमृत मिली मैराथन का आयोजन किया जाएगा प्रत्येक मंडी समिति में 75 पल्लेदारों को व्यावसायिक संगठन के माध्यम से सम्मानित कर मिष्ठान वितरण किया जाएगा शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस पीएसी बैंक द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वेतन व निजी विश्वविद्यालयों गैर सहायता प्राप्त अशासकीय शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आजादी के तराने प्रस्तुत किए जाएंगे 15 अगस्त को विद्यार्थियों खिलाड़ियों की अपनी-अपनी खेल से संबंधित दिशा में तिरंगा प्रभात फेरी निकाली जाएगी शिक्षा संस्थानों में धरोहर फोटोग्राफी प्रतियोगिता समस्त ग्राम पंचायतों में फ्लदार पौधों का रोपण शहीद स्मारक स्थलों पर पुलिस द्वारा राष्ट्रवादी के नाम ऑडिटोरियम में प्रस्तुत किए जाएंगे 16 अगस्त को बैंकों की धुन करते हुए प्रभारी निकालकर नागरिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे अमृत सरोवर पर संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस पीएसी बैंक द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों का वादन विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का बाल युवा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा 17 अगस्त को समाज के विभिन्न व्यवसाय व्यवसाय कृषक आशा बहू में अधिवक्ता शिक्षक शिक्षा ग्रहण की अपने अपने व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करने वाली वेशभूषा में हम सभी एक हैं के तहत प्रभात फेरी निकालकर स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित पुस्तकों का विमोचन का चर्चा की जाएगी जनपद की ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों घटनाओं पर परिचर्चा का कार्यक्रम भी किया जाएगा शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस द्वारा राष्ट्रभक्ति गीतों पर आधारित कवि सम्मेलन मुशायरा एवं अवधी भोजपुरी बुंदेली का कवि सम्मेलन में कार्यक्रम के माध्यम से किया जाएगा।

## बीडीए के 'सचिव' का फिर चला चाबुक



**बस्ती।** बीडीए के सचिव गुलाबचंद्र का निरंतर अवैध भवन का निर्माण करने वालों पर चाबुक चल रहा है। इनके ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते बीडीए सहित अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मची हुई, सबसे अधिक परेषानी बीडीए के उस तकनीकी टीम को रही है, जिन्होंने अवैध निर्माण कराने के बदले में कार्रवाई न होने की गांरटी के रुप में भारी धनराषि ले रखाप था। जिन लोगों पर पचास-पचास हजार का जुर्माना लगा, उनमें नीरज सिंह पुत्र किशुन लबना पार कैली रोड, उर्मिला पत्नी सुखराम जखनी, सोनी गुप्ता पत्नी फ्गूलाल लबना पार कैली रोड, समीर मरवटिया एनएच 28, उदय भान वरुण बड़ेरिया बुजुर्ग, राहबान पुत्र सुभान गिदही खुर्द, आशीष कुमार गुप्ता बड़ेरिया बुजुर्ग, इमरान पुत्र मोहम्मद उस्मान गिदही खुर्द, प्रभात सोनी पुत्र प्रेम चंद्र पांडेय बाजार मेहदावल रोड, शिव शंकर बड़ेरिया बुजुर्ग, विजय पुत्र उदयभान कड़रखास, इंद्रजीत पुत्र विजय नारायण यादव करही, आयुष श्रीवास्तव बड़ेरिया बुजुर्ग, इकबाल अहमद पुत्र मकबूल अहमद पचपेड़िया मार्ग, सैयद समीर अहमद पुत्र मोइज अहमद, सन्तपुर गदहाखोर पचपेडिया मार्ग, वीरेंद्र शाही बडार, सुरेश चंद्र शांति मैरेज हाल के बगल मूड़घाट बाईपास, कौशल मंडवानगर, साधु कुमार पिंडारी के बगल बड़ेबन, रमेश कुमार कटरा पानी की टंकी, राजेंद्र प्रसाद भटोलवा का नाम षामिल।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

संवाददाता। संतकबीरनगर

**राष्ट्रीय** विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन में आगामी 13, अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुख योग्य फौजदारी मामले, दीवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किरायेदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित


जनपद न्यायाधीश

मामले, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय मामले, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत शमनीय वाद, स्थायी लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाँट माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका, नगर निगम सम्बन्धी मामले, निस्तारित कराया जा सके। इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नही है। प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह समझौते से निस्तारित कराया जा सकता है। जिसका आदेश सिविल न्यायालय के डिक्री के समान होगा। इसके अतिरिक्त अभिवाक सौदेबाजी से भी फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। जनपद न्यायधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी विभागाध्यक्षो और न्यायालयों से अधिक से अधिक मामलों के निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

# अपना दल (एस) की सदस्यता लेने के बाद गंगा सिंह सैंथवार का हुआ जोरदार स्वागत

● हर किसान अपना दल (एस) के साथ है: गंगा सिंह

संवाददाता। संतकबीरनगर

**गंगा सिंह** सैंथवार गत 2, अगस्त, 2012 को लखनऊ में अपना दल (एस) पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन सुश्री अनुप्रिया सिंह पटेल व कार्यकारिणी अध्यक्ष आशीष पटेल के नेतृत्व में गंगा सिंह सैंथवार अपने टीम के पूर्वाचल के कई बड़े नेता के साथ अपना दल (एस) में अस्था व विश्वास जताते हुए अपना दल (एस) की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री पटेल अपना दल का फ्टका पहना करके गंगा सिंह सैंथवार रमेश सिंह सैंथवार, विपिन सिंह, अजय सिंह



गंगा सिंह सैंथवार का स्वागत करते समर्थक पायनियर

सैंथवार, श्रवण सिंह सैंथवार आदि बड़े नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गंगा सिंह सैंथवार, रमेश सिंह सैंथवार, विपिन सिंह, अजय सिंह सैंथवार, श्रवण सिंह सैंथवार आदि बड़े नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई। सोमवार को गंगा सिंह सैंथवार के प्रथम आगमन पर अपना दल एस के कार्यकर्ता पदाधिकारी सहित उनके शुभचिन्तकों ने फूल माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह आयोजन का संचालन अजय सिंह सैंथवार ने किया। स्वागत समारोह आयोजन को सम्बोधित करते हुए गंगा सिंह सैंथवार ने कहा कि हम जिस भी पार्टी मे रहते है उस पार्टी के साथ निष्ठा व लगन से समर्पण की भावना रखते हुए पार्टी के नेताओं के आस्था व विश्वास रखते हुए पार्टी के रित नित सिद्वान्त को आम जन तक पहुचाने का काम करते है और अपने समर्थक व जिला के कार्यकर्ता के ऊपर पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न या समस्या आती है उसके लिए दिन रात कार्य करता हूँ और अधिकारियों से यदि लड़ने का भी कार्य करना पड़ता है। हमारे राजनीति जीवन में कार्यकर्ता व समर्थक ही सबसे बड़ी पूजी है। मै हमेशा उनके लिए तत्पर रहता हूँ। इस अवसर पर रोहित पटेल, सचिव रामनयन पटेल, व्यापारी नेता पुष्कर चौधरी, वीरेन्द्र चौहान सहित भारी संख्या में अपना दल एस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेत्री सुनीता ने स्कूल में वाटर कूलर किया दान

● निस्वार्थभाव से सेवा करती है भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि

संवाददाता। संतकबीरनगर

**समाजसेविका/भाजपा** नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि राजनीति क्षेत्र में कदम रखने के साथ-साथ निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। वह ऐसे कार्यो में सोच रखती है जिससे आम जनमानस को सीधा लाभ हो और सियासत का जुड़ाव न हो। पिछले वर्ष कोविड के समय में उन्होने अपने घरो से हजारो लोगो में निशुल्क राशन किट वितरित किया। इसी तरह महत्वपूर्ण कार्य समाजसेवा से जुड़ कर करती रहती है। इसी क्रम में भाजपा नेत्री श्रीमती सुनीता अग्रहरि ने खलीलाबाद शहर के सरस्वती शिशु मंदिर उ0मा0 विद्यालय में ब्राण्डेड कम्पनी के वाटर कूलर दान देकर बच्चों के लिए शुद्व पेयजल की व्यवस्था कि है। सराहनीय कार्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित बच्चों ने उनके प्रति आभार प्रकट किया।


बच्चों के साथ भाजपा नेत्री पायनियर

# बिजली विभाग कार्यालय पर विद्युत कर्मियों ने दिया धरना

संवाददाता। संतकबीरनगर

**बिजली** विभाग अभियन्ता कार्यालय परिसर में राष्ट्र ब्यापी आन्दोलन के तहत बिजली कर्मचारी सन्युक्त संघर्ष समिति के बैनर तले केन्द्रीय ऊर्जा मन्त्रीआर के सिंह द्वारा लोकसभा पटल पर बिजली विभाग को निजी सेक्टर में कारपोरेट घरानों के हाथों बिक्री करने हेतु संशोधन विधेयक लाने के बिरोध में हिफ्जूरहमान के अध्यक्षता में आयोजित धरना/प्रदर्शन/सभा को अधिशासी अभियंता-दिब्य रंजन, सहायक अभियंता-पंकजकुमार, रा.वि,प,प्रा,क, संघ के पूर्वांचल उपसँगठन सचिव-श्रवण प्रजापति, कार्यकारी सहायक संघ के महासचिव-राघवेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार लाल, अरुण कुमार गुप्त, मनोज कुमार, लछमण मिश्र, भास्कर पाण्डेय, सुरजकुमार प्रजापति, बिजय कुमार, मनोज कुमार यादव, धीरेन्द्र यादव, रमेश प्रजापति, शेलेन्द्र यादव, निखिल मोदनवाल, विभव रञ्जन, विशाल, आशीष, रविन्द्र कुमार कन्नौजिया, श्रवण कुमार गुप्त, अभयकुमार, सुरेन्द्र कुमार, रामअचल यादव, पवनकुमार, आदि बक्ताओ ने दोषपूर्ण नीतियों को कोषते हुए कहा कि सरकार कारपोरेट घरानों के हाथों बिक चुकी हैं। मुनाफ़े में चल रही सार्वजनिक सम्पत्तियों को ओने पौने में बेच रही हैं। जिसका बिजली विभाग सहित सभी ट्रेड यूनियन के लोग बिरोध कर आर पार की लड़ाई लड़ रहे हैं।


धरना देते विद्युत कर्मी पायनियर

## नवागत पीडी सुरेन्द्र ने लिया पद का चार्ज

**संतकबीरनगर।** कई माह से रिक्त चल रहे विकास भवन के महत्वपूर्ण पद परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रशासन से तैनात सुरेन्द्र नाथ ने पद का चार्ज ग्रहण किया। उन्होंने अपनी आख्या रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत कर उपस्थिति की आख्या दी। ज्ञात हो कि परियोजना निदेशक डीआरडीए पद पर तैनात रहे प्रमोद कुमार यादव का विधानसभा चुनाव के बाद स्थानान्तरण हो गया था जिसके बाद यह महत्वपूर्ण पद रिक्त रहा। जिलाधिकारी डीडीओ को अतिरिक्त प्रभार दिया था। सिद्वार्थनगर जनपद में तैनात सुरेन्द्र नाथ गुप्ता को जनपद संतकबीरनगर में परियोजना निदेशक डीआरडीए पद पर तैनाती दी। शासन के आदेश के क्रम में उन्होंने पद का कार्यभार ग्रहण किये।



# तिरंगा जागरूकता हेतु डीएम ने एलईडी वैन को दिखाई हरी झंडी

संवाददाता। श्रावस्ती

**आजादी** का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयी एल0ई0डी0 वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह एल0ई0डी0 वैन जनपद के सभी तहसील मुख्यालयोंए ब्लाक मुख्यालयो व विभिन्न प्रमुख बाजारों कस्बो गांवों एवं प्रमुख चौराहों पर जाकर लोगों को अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा फ्हराने के लिए जागरूक करेंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से आमजन को अपने घरों में तिरंगा फ्हराने के लिए जागरूक करने के साथ लोगों को अपने घरों में झण्डा लगाने हेतु प्रेरित भी किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि सभी जनपदवासी इस महा अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए अपने घरों पर तिरंगा लगायें और समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें और कार्यक्रम को सफ्ल बनायें। उन्होने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नही हैए अपितु देश के लिए हमारी भावनाओं का वह प्रतीक हैए जिसके लिये अनेक सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया है। इसलिए हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु अपने घरों में तिरंगा अवश्य फ्हराएं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंहए जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नवनिर्मित हवाई पट्टी की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नवनिर्मित हवाई पट्टी की प्रगति समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण ढंग से मानक के अनुरूप अधूरे कार्यो को पूरा कराने हेतु कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम को निर्देश दिया। उन्होने कहा कि जो भी अधूरे कार्य अन्तिम चरण में हैए उन्हें तेजी से कराकर तत्काल पूरा करा लिया जाए जिससे एयरपोर्ट के संचालन की कार्यवाही आगे बढ़ सके। समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि कन्सर्टिव क्वाइल का कार्य प्रगति पर है राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी द्वारा बताया गया कि शेष कार्य को जल्द ही पूरा कर लिया जायेगा। क्रैश कोट का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। जिसकी पुष्टि उपजिलाधिकारी इकौना द्वारा कर दी गई है। इसके अतिरिक्त अन्य मूलभूत सुविधाओं को पूरा कर लिया गया है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्रए अपर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामीए उपजिलाधिकारी इकौना आर0पी0 चौधरीए उपजिलाधिकारी रोहितए उपजिलाधिकारी आशुतोषए सहायक प्रबन्धक एयरपोर्ट अथारिटी आफ इण्डिया सत्येन्द्र यादवए अधिशासी अभियंता विद्युत मौजूद रहे।

# सड़क बनी नहीं और हो गया उद्घाटन

संवाददाता। विक्रमजोत/बस्ती

**विक्रमजोत** विकासखंड क्षेत्र के शंकरपुर गांव मे गोरखनाथ लाइन ढाबा से अकवारा गांव तक बनने वाली 2 किलोमीटर लम्बी पिच सड़क का बिना निर्माण कराए हि बस्ती सांसद और हर्रैया विधायक ने लोकार्पण कर दिया राष्ट्रीय राजमार्ग के गोरखनाथ ढाबा से लेकर अकवारा नहर पुल होते हुए शंकर भगवान के मंदिर तक बनने वाली 2 किलोमीटर लम्बी सडक की कुल लागत 145.15 लाख रुपए है सडक पर लगे शिलापट पर जिसका लोकार्पण 15 जुलाई 2022 मे हो चुका है लेकिन मौके पर पूरी सडक पर गिट्टी डाल कर छोड दिया गया है हाइवे से जुडी इस सडक से अकवारा, तालागांव, रानीपुर छत्तर, बरहपुर, दुभरानिर्वहन, सरसंडा सहित एक दर्जनों गाँव के सैकड़ों लोग आते जाते है जो गिट्टी पडी सडक पर गिर कर आयेदिन चोटहिल होते है जमौलिया शंकरपुर रमघटिया गाँव निवासी वकील सिंह, नीरज शर्मा, रामअचल, राजेश कुमार, सुनैना देवी, सरजू प्रसाद, गंगादीन, चेतू सहित स्थानिय लोगों का कहना है कि सडक निर्माण मे। ठेकेदार और विभाग के अधिकारियों ने मिलकर कर सरकारी धन का एडवांस भुगतान करवाकर बंदरबांट कर लिया है सड़क पर गिट्टी बिछाकर राहगीरों के लिए मुसीबत बनी यह सड़क क्षेत्र में विभागीय लापरवाही का नमूना बन गई है वही सड़क के लोकार्पण का लगा बोर्ड राहगीरों को चिड रहा है।


सड़क उदघाटन का शिलापटट

# धोखाधड़ी के शिकार व्यापारी को एसपी ने लौटाए दस लाख


पीड़ित को दस लाख लौटाते एसपी पायनियर

संवाददाता। बस्ती

**साइबर** सेल बस्ती ने धोखाधड़ी से पीड़ित व्यापारी के बैंक खाते से कटे हुए दस लाख को व्यापारी के खाते में वापस कराया। व्यापारी ने एसपी सकहित साइबर क्राइम की पूरी टीम को थैंक्स कहा। आवेदक धर्मवीर सिंह प्रो0 बस्ती फूड मार्केटिंग प्रा0 लि0 ने जनपद बस्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती आशीष श्रीवास्तव के सम्मुख प्रस्तुत होकर कहा कि मेरे बैंक खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1000000 (दस लाख) रुपया अनाधिकृत रुप से निकासी कर लिया गया, पीड़ित व्यापारी ने इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक बस्ती के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। पुलिस अधीक्षक ने इसे तत्काल संज्ञान में लिया, साइबर सेल बस्ती के प्रभारी मजहर खान, का0 मोहन यादव,का0 अभिषेक कुमार त्रिपाठी, का0 घनश्याम यादव, का0 संदीप कुमार, का0 रुपेश यादव, का0 गौरव यादव साइबर सेल बस्ती को निर्देष दिया। टीम के अथक प्रयास से ऑनलाइन के माध्यम से निकाली गयी धनराशि 1000000/- (दस लाख) रुपया धर्मवीर सिंह के बैंक खाते में वापस कराया गया।

# युवक की गोली मारकर कर हत्या

- चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज,दारोगा निलंबित
- आठ माह पहले जेल से छूट कर आया था आरोपी,17 जुलाई को मृतक के बड़े भाई को मारपीट कर तोड़ दिए थे हाथ पैर

संवाददाता। राठ (हमीरपुर)


मृतक का फाइल फोटो पायनियर


राठ के सीएचसी में पिता की मौत पर रोता पुत्र भूपेंद्र

**मझगवा** क्षेत्र में आज हृदयविदारक घटना में छेड़खानी के आरोपी ने अधेड़ को खेत में दौड़ा दौड़ाकर मारपीट करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। परिवारीजनों ने घटना में दारोगा का पूरा हाथ बताया है लिहाजा पुलिस अधीक्षक ने दारोगा को निलंबित कर दिया है। क्षेत्र के टोलारावत गांव में आज मनीष(32) खेत में काम कर रहा था तभी गांव का रोहित अपने एक दर्जन साथियों के साथ खेतों में जाकर मनीष (32) पुत्र मुन्नालाल तिवारी पर हमला कर दिया मनीष जान बचाकर भागा तभी हमलावरों ने पीछे से गोली मार दी जिससे मनीष की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। जानकारी होते ही अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार घटना स्थल पर पहुचे,मृतक के बडे भाई कमलेश तिवारी ने एएसपी को बताया कि मई 2021 आरोपी रोहित ने उसकी नाबालिग भतीजी के साथ छेड़छाड़ की थी। जिसका उसके भाई ने मझगवां थाने मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा था। बताया आठ माह पहले आरोपी जेल से छूट कर आया था। तभी से युवक उन लोगों से रंजिश मानता है। बताया कि 17 जुलाई 22 को आरोपी रोहित ने उसके साथ मारपीट कर हाथ पैर तोड़ दिए थे। जिसकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। आरोप लगाया कि थाने के एस आई गुलाब सिंह ने मामले में रुपए ले लिए थे। मृतक अपने पीछे एक पुत्र भूपेन्द्र और एक पुत्री रोहनी को रोता बिलखता छोड़ गया है। पत्नी ममता की छह माह पहले बीमारी के चलते मौत हो गई थी। मृतक के बड़े भाई कमलेश की शिकायत पर पुलिस ने रोहित, प्रकाश, आनंद, सुरेश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। सूचना पर राठ कोतवाल विनोद कुमार राय पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे। वहीं घटना के बाद सीएचसी पर राठ पहुंचे आरोपी के स्वजनों को मृतक के स्वजनों ने द्वारा मारपीट कर दी गई। पुलिस से दोनों पक्षों को शांत कराया। एएसपी अनूप कुमार ने बताया कि एसआई गुलाब सिंह को निलंबित कर दिया गया है। यदि दारोगा इस मामले मे कार्यवाही करते तो घटना को टाला जा सकता था।

# ससुराल आये युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**जालौन ( उरई )।** लगभग 6 माह पूर्व ससुराल गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर परिजनों ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली में आरोपी ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की गई।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी जीतू कुशवाहा (24) पुत्र कमलेश कुशवाहा की लगभग 4 वर्ष पूर्व खर्रा निवासी शिवनारायण की बेटी डोली के साथ शादी हुई थी। पिता कमलेश ने बताया कि शादी के बाद पुत्रवधू अक्सर विवाद करके मायके में ही रहती थी। फरवरी माह में उनको बेटी हुई। बेटी की छठी बेटे की ससुराल के लोग खर्रा में ही करना चाहते थे। इसके लिए वह बेटे जीतू पर घर से 50 हजार रुपये लाने का दबाव बना रहे थे। जब वह दो हजार रुपये लेकर ससुराल गया तो पुत्रवधू डोली व ससुरालियों ने बेटे की मारपीट कर उस पर 50 हजार रुपये लाने का दबाव बनाया। रुपये न लाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जिसके बाद 13 फरवरी 2022 की शाम करीब 3 बजे जीतू ससुराल पक्ष के बाबा नाथूराम के साथ घर आया और ताऊ दीनदयाल से 50 हजार रुपये उधार मांगे। लेकिन उनसे 5 हजार रुपये ही मिले। 5 हजार रुपये लेकर वह नाथूराम के साथ फिर से अपनी ससुराल खर्रा पहुंच गया। अगले दिन सुबह करीब 6 बजे उनके पास फोन आया कि जल्दी से अस्पताल चले आओ। जब वह नगर में स्तिथ सीएचसी पहुंचे तो वहां उनके बेटे का शव मिला। जिसके बाद पिता कमलेश ने ससुरालियों पर रुपये न मिलने पर पुत्र की हत्या का अरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी थी। लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़ित पिता ने न्यायालय की शरण ली।

## क्विक न्यूज

### 150 डायजापाम गोली रखने के दोषी को 11 माह का कठोर कारावास

**हमीरपुर।** साढ़े 13 वर्ष पूर्व मुस्करा पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपित के पास से 150 डायजापाम गोलियां बरामद होने के मामले में अदालत ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत दोषी माना है। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय गीतांजलि गर्ग ने दोषी को 11 माह का कठोर कारावास व छह हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण सिंह भदौरिया ने बताया कि दस जनवरी 2009 को मुस्करा थाने में तैनात एसआइ मेवालाल गुप्ता हमराहियों के साथ एक मामले की जांच में जुटे थे। जिसके लिए वह क्षेत्र के अलरा गौरा गांव जा रहे थे। जब वह पिपरिया बाबा पहाड़ी लिंक मार्ग पर पहुंचे तो उन्हें अलरा गौरा गांव की ओर से एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। जो पुलिस को देख भागने लगा। जिसे उन्होंने दबोच लिया और पूछताछ की। जिस पर उसने अपना नाम छत्रपाल निवासी विजयपुर थाना कुलपहाड़ जिला महोबा बताया। उसके पास से 150 डायजापाम (नशे की गोलियां) बरामद हुई। जिसके खिलाफउन्होंने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा। जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया। नोटिस जारी होने पर जामीनदारों द्वारा उसे कोर्ट में पेश किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय गीतांजलि गर्ग ने छत्रपाल को एनडीपीएस एक्ट का दोषी माना है।

### दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया,पुलिस ने जांच शुरु की

**मौदहा (हमीरपुर)।** रविवार की शाम एक रेस्टोरेंट में बैठे युवक को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया जिसे लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह पूरी घटना रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के हैदरगंज में रहने वाला सुफियान पुत्र पुन्ना रविवार की शाम कपसा मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में बैठा था तभी हुसैनगंज निवासी अजमत पुत्र मुन्ना गुरु व जाहिद उर्फबड़े पुत्र बाबर ने वहां पहुंचकर सुफियान के साथ गाली गलौज कर उसे मारना पीटना शुरू कर दिया इसी बीच हमलावरों ने वहां रखी कांच की बोतल सुफियान के सर पर मार दी जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना को अंजाम देकर हमलावर मौके से भाग निकले हालांकि यह पूरी घटना रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहां मौजूद लोगों की मदद से सुफियान को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली पुलिस ने सुफियान की तहरीर पर उपर्युक्त दोनों आरोपियों के खिलाफमामला दर्ज कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### दस अगस्त को धूमधाम से निकलेगी तिरंगा यात्रा

**कोंच (जालौन)।** आगामी 15 अगस्त (राष्ट्रीय पर्व) को देश की आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर शासन के निर्देशन में आयोजित किये जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा-घर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत कोंच नगर में भव्य तिरंगा यात्रा 10 अगस्त को प्रातः 10 बजे गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर भारत माता तक जाएगी। वहीं विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा में सभी नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित हो इसके लिए सोमवार को नगर के समस्त विद्यालयों में पहुंचकर क्षेत्रीय भाजपा विधायक मूलचंद्र निरंजन ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों से सम्पर्क किया। विधायक ने इसके अलावा अधिवक्ताओं के बस्तों पर जाकर जनसंपर्क करते हुए तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।जनसंपर्क करते हुए विधायक ने कहा कि कई वर्षों के संघर्ष के बाद हम सभी लोगों को आजादी मिल सकी है और आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी दिलाने वाले अमर शहीद क्रांतिकारी महापुरुषों को याद करने व आजादी का मिलकर जश्न मनाने के लिए हम सभी एकजुट हों। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया, तिरंगा यात्रा आयोजन समिति के स्थानीय संयोजक सभासद रविकांत कुशवाहा, सह संयोजक दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, महेन्द्र अग्रवाल, विकास पटेल, अजय कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, आकाश दुबे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाती ने जड़ा बाबा के कमरे में ताला, वृद्ध ने लगायी पुलिस से गुहार

**जालौन (उरई)।** प्रपौत्र द्वारा घर में ताला डालकर घर के सामान पर कब्जा करने की शिकायत पीड़ित बाबा ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी धनीराम ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र व प्रपोत्र उन्हें परेशान करता था। जिसके चलते वह दोनों से अलग रह रहा है। लेकिन उनका प्रपौत्र फिर भी परेशान कर रहा है। उसने कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे बिस्तर, कपड़े समेत घर, गृहस्थी का सभी सामान अपने कब्जे में ले लिया है। पूर्व में पत्नी के जेवर भी हथिया लिए। घर में सामान न मिलने पर वह वृद्ध दंपत्ति परेशान है। बार बार मांगने पर भी न जेवर लौटा रहे है और न ही सामान लौटा रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पति की प्रताड़ना से त्रस्त महिला ने सीओ से लगायी गुहार

**जालौन (उरई)।** पति द्वारा मारपीट कर घर से निकाले जाने एवं पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से परेशान महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम नैनापुर निवासी पूनम पत्नी मुकेश ने सीओ उमेश पांडेय को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पिता ने वर्ष 2014 में उसकी शादी मुकेश के साथ अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर की थी। शादी के बाद से ही ससुराल के लोग उसे परेशान कर रहे हैं। मायके आने के बाद ससुराल के लोग कई बार उसे परेशान न करने की बात कहकर अपने साथ ले गए। लेकिन हर बार उसके साथ मारपीट की जाती रही। पिछले वर्ष से वह मायके में रह रही थी। बीते जून माह में ससुराल के लोग आए और उसे ले गए। लेकिन कुछ दिन बाद ही उन्होंने फिर से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 29 जून को उसे मारपीट कर और उसका सभी सामान छीनकर उसे घर से निकाल दिया। तब से वह पिता के साथ ही रह रही है। कई बार कुठौंद थाने में शिकायत की लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने सीओ से मामले में ससुरालियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### युवकों ने दुकानदार की मारपीट कर रुपये, मोबाइल लेकर भागे

**जालौन (उरई)।** फिंगर चिप्स खाकर उसके रुपये मांगने पर कुछ युवकों ने मिलकर दुकानदार के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। दुकानदार ने युवकों पर बिक्री के 700 रुपये एवं मोबाइल फोन छीनकर ले जाने का आरोप लगाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी संदीप राठौर ने पुलिस को बताया कि वह घर के दरवाजे पर ठिलिया पर फिंगर चिप्स व मोमोज बेचकर अपना और परिवार का भरण पोषण करता है। रविवार की रात करीब 9 बजे उसकी ठिलिया पर मोहल्ले के ही बसंते अपने तीन और साथियों के साथ आए उसके ठेले पर आए और पांच प्लेट फिंगर चिप्स खा लिए। जब वह बिना रुपये दिए जाने लगे तो उसने फिंगर चिप्स के रुपये मांगे। रुपये मांगने से नाराज उक्त सभी ने मिलकर गाली, गलौज व मारपीट शुरू कर दी। मां कमला देवी बचाने के लिए आई तो उनके साथ भी मारपीट की। शोरगुल सुनकर उक्त सभी ठिलिया पर बिक्री के रखे 700 रुपये व मोबाइल छीनकर भाग गए।

## सात वर्षीय बालिका से छेड़खानी के दोषी को सजा

**हमीरपुर।** खेत में बकरियां चराने गई सात वर्षीय बालिका से छेड़खानी के मामले में अदालत ने दोषी को सात वर्ष का कठोर कारावास व 25 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व सुमेरपुर थाने के एक गांव में घटना के बाद पीड़िता के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था। विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुमेरपुर थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 17 जनवरी 2021 को थाने में पुलिस को बताया कि उसकी सात वर्षीय पुत्री 16 जनवरी 2021 को गांव के ही एक बगीचे में बकरी चराने गई थी। उसके साथ उसकी छह वर्षीय भतीजी भी मौजूद थी। तभी गांव निवासी कैलाश निवासी चंदुलीजार वहां पहुंचा और आम के पेड़ पर चढ़कर पत्ते गिरा दिए। जिन्हें बकरियां खाने लगी। वहीं भतीजी को घर भेज दिया। जैसे ही भतीजी घर की ओर चली। तभी कैलाश सात वर्षीय बेटी का हाथ पकड़ नाले की ओर ले जाने लगा।

# शिक्षा नीति को समाप्त करने की मांग,एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)


एसडीएम को सौंपते ज्ञापन पायनियर

**सामाजिक** परिवर्तन मिशन के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को विज्ञापन भेज दोहरी देश में पिछड़े वर्गों की जनगणना करा आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने की मांग के साथ-साथ दोहरी शिक्षा नीति समाप्त कर एक समान शिक्षा नीति लागू करने की मांग की है। सामाजिक परिवर्तन मिशन के रवि शंकर वर्मा के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह के माध्यम से देश के राष्ट्रपति को एक ज्ञापन भेज देश में पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना कराने तथा सभी पिछड़े वर्गों को मंडल कमीशन रिपोर्ट के अनुसार 52फीसदी आरक्षण दिए जाने की मांग करने के अलावा देश में 6 से 14 वर्ष के बच्चों की शिक्षा नीत एक समान लागू करने की मांग की है। रवि शंकर ने बताया कि वर्तमान में प्राइमरी प्राथमिक विद्यालय व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ाई की स्थिति किसी से छिपी नहीं है यहां सभी बच्चों को उत्तीर्ण करने का आदेश होने के कारण शत प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण किए जाते हैं इन विद्यालयों में तैनात शिक्षक अपना पूरा समय मिड डे मील बनवाने व बच्चों को भोजन कराने में गवा देते हैं। इन परिषदीय विद्यालयों में अधिकांश गरीब वर्ग के बच्चे ही पढ़ते हैं इसके अलावा जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय या अन्य निजी विद्यालयों में अमीरों के ही बच्चे शिक्षा लेते हैं जिनकी शिक्षा का स्तर अलग है।उन्होंने देश में एक लाख जवाहर नवोदय विद्यालय खोले जाने के साथ साथ शिक्षा का बजट जीडीपी तीन फीसदी से बढ़ाकर 25 फीसदी किए जाने की मांग करते हुए देश में 6 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के सभी बच्चों के लिये एक समान शिक्षा नीति लागू करने की मांग की है। इस मौके पर दीपक वर्मा, शिव शंकर यादव, नरेंद्र कुमार, विनोद कुमार, दिनेश कुमार व कपिल वर्मा के अलावा अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रावण मास के आखिरी सोमवार को शिवालयों में गूंजे हर हर महादेव के स्वर

**कोंच ( जालौन )।** पवित्र श्रावण मास के चौथे और आखिरी सोमवार को हर हर महादेव और बोल बम की स्वर लहरियों से शिवालय गूंज उठे। भगवान भूतभावन को समर्पित श्रावण मास के इस आखिरी सोमवार को भी नगर व क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बड़े भोर से ही उमड़ा आस्था का यह सैलाब हर हर महादेव, बोल बम के जयकारों से वातावरण को शिवमय बना रहा था। महिलाओं ने आशुतोष भगवान भोले शंकर को प्रसन्न करने के लिए उनका जलाभिषेक किया, पंचामृत स्नान कराया और विधि विधान से उनका पूजन कर भोग प्रसाद उन्हें समर्पित किया। चंदकुआं पर भूतेश्वर महादेव मंदिर पर भूत भावन का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया, सायं वेला में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। महा कालेश्वर मंदिर (नायक का मठ) में भी महिलाओं की भारी भीड़ रही।

# सृष्टि के प्रथम शिवलिंग के पूजन को चित्रकूट में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

**चित्रकूट।** धर्म नगरी चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट पर स्थित सृष्टि के प्रथम शिवलिंग स्वामी मत्यगेंद्रनाथ के जलाभिषेक और पूजन के लिए सावन के चौथे सोमवार पर देश भर से लाखों शिव भक्तों का जमावड़ा लगा हुआ है।सुबह से ही श्रद्धालु पतित पावनी मंदाकिनी में आस्था की डुबकी लगा कर लम्बी लम्बी कतारों में खड़े होकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजन कर रहे हैं।मंदिर और जिला प्रशासन चित्रकूट आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। भगवान श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में मन्दाकिनी नदी के रामघाट तट स्थित स्वामी मत्तगजेंद्र नाथ (भगवान शिव) मन्दिर का प्राचीन और गौरवशाली इतिहास है। मंदिर के प्रधान पुजारी बिपिन तिवारी इस प्राचीन शिव मंदिर की महिमा का बखान करते हुए कहते हैं कि मान्यता है कि इस मंदिर में विराजमान चार शिवलिंग में से एक शिवलिंग भगवान ब्रम्हा और एक भगवान श्री राम ने स्थापित किया था। ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के लिए रामघाट स्थित यज्ञदेवी अखाड़ा में यज्ञ किया था। 108 कुंडीय यज्ञ से मदमस्त हाथी की तरह झूमता हुआ एक शिवलिंग प्रकट हुआ था, जिसकी स्थापना भगवान ब्रम्हा ने मत्तगजेंद नाथ के रूप में रामघाट में की थी और उनको चित्रकूट का क्षेत्रपाल नियुक्त किया था। इसीलिए जब भगवान श्री राम यहां पर वनवास काटने आए तो उन्होंने चित्रकूट निवास के लिए स्वामी मत्यगेंद्रनाथ से आज्ञा ली थी। इसके बाद श्रीराम ने खुद उस शिवलिंग के बगल में एक शिवलिंग की स्थापना की थी। ऐसी मान्यता है कि चित्रकूट आने पर यदि किसी ने मत्तगजेंद्र नाथ के दर्शन नहीं किए तो उसको कामतानाथ के दर्शन और कामदगिरि की परिक्रमा का पूर्ण लाभ नहीं मिलता है।

# प्रत्येक घर में तिरंगा लहराने के लिये जागरूक किया जाये: डीएम

- विभागीय अधिकारियों के साथ अभियान से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा

संवाददाता। उरई (जालौन)


घर के बाहर बैठे मृतक के परिजन पायनियर

**जिलाधिकारी** चाँदनी सिंह ने आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर हर घर तिरंगा के संबंध में रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वतंत्रता सप्ताह तथा हर हर तिरंगा कार्यक्रम देशभर में गरिमामयी रूप से मनाया जाएगा। आजादी के 75 वर्ष अमृत वर्षा पूरे देश में मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत जनपद जालौन में हर घर तिरंगा का भव्य कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक घरों में तिरंगा लगें इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए साथ ही प्रचार प्रसार भी किया जाए। जिलाधिकारी ने एक-एक विभाग के अधिकारियों से तैयारियों के बारे में जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि झंडा समय रहते उपलब्ध कर लिये जाएं। देशव्यापी 13 से 15 अगस्त हर-हर तिरंगा अभियान में जनपद वासी शामिल होकर देश की आजादी का अमृत महोत्सव मनाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रध्वज हर देशवासी के लिए शान का प्रतीक है जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बारे में आम लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम राष्ट्रीय गौरव का आयोजन है सभी नागरिकों विशेषकर समस्त संगठनों के सदस्यों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की महिलाओं जनपद वासियों से अपील की आयोजन से जुड़कर अपने लहराए तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर ट्विटर, व्हाट्सएप, फेसबुक, टेलीग्राम, यूट्यूब आदि पर भी अवश्य पोस्ट करें साथ ही भारत सरकार ने इसके लिए पोर्टल तैयार किया है। यहां भी अपने ध्वज की फोटो पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि करेगा तिरंगा कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक मोतीलाल, नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकुर कौशिक आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# हर-हर महादेव के जयकारे,गुंजायमान रहे शिव मंदिर

संवाददाता। जालौन (उरई)


सावन के अंतिम सोमवार को भगवान शिव की आराधना करते भक्त पायनियर

**भगवान** शिव के प्रिय मास सावन के अंतिम सोमवार को महादेव के भक्तों ने जहां शिवमंदिरों पर जल और दूध चढ़ाया। वहीं, कुछ भक्तों ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक भी किया। इस दौरान नगर में हर हर महादेव के जयकारे गुंजायमान रहे।

इस संसार के रक्षक भगवान शिव को सावन मास अतिप्रिय है। सावन माह में भी सोमवार का विशेष महत्व है। यही कारण है कि माना जाता है सावन माह में खासकर सोमवार को भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से सर्वफलों की प्राप्ति होती है क्योंकि सोमवार को साक्षात शिव का प्रतीक माना जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में सावन माह का अंतिम सोमवार भगवान महाकाल के भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर मनाया गया। शिव भक्तों ने ब्रह्ममुहूर्त में ही भगवान शिव के मंदिरों पर पहुंचकर उनका जल व दूध से अभिषेक किया। इसके अलावा शिवभक्तों ने भगवान शिव को पान, धतूरा, बेलपत्र आदि भी चढ़ाए। महिलाओं और युवतियों ने भगवान शिव का व्रत रखा। इस दौरान नगर के नर्मदेश्वर मंदिर, कोतवाली रोड स्थित रक्षिकेश्वर मंदिर, सीएचसी स्थित शिव मंदिर समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दिन भर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। सभी मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गुंजायमान होते रहे। मोहल्ला नारोभास्कर में विपुल दीक्षित के आवास पर शिवलिंग का निर्माण कर भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया गया। इस संदर्भ में पंडित अरविंद बाजपेई ने बताया कि सावन के चौथे और अंतिम सोमवार पर कुछ अद्भुत संयोग भी बने हैं। जिससे इस दिन का और भी महत्व बढ़ गया। सावन के अंतिम सोमवार पर शिव की आराधना और व्रत करने से समस्त समस्याओं से छुटकारा मिलता है। व्रत रखकर एवं पार्थिक शिवलिंग का निर्माण कर उसका रुद्राभिषेक, महाभिषेक और जलाभिषेक करने पर शिव प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। इससे वातावरण में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## तीन ई-रिक्शा बैट्री व 15 सौ नगदी के साथ दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पहाड़ी थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी के मार्गदर्शन में उ निरीक्षक राहुल पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा चोरी की 2 घटनाओं का खुलाशा करते हुए 2 चोरों को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी की गयी 3 बैट्री व 1500 रूपये बरामद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक राहुल पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर ईटा मण्डी कस्बा पहाड़ी से अभियुक्त रामप्रकाश उर्फ छुट्टन पुत्र हीरालाल निवासी कस्बा व थाना पहाड़ी व विनीत कुमार पुत्र लक्ष्मीप्रसाद निवासी महाराजपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया । चोरी की 3 बैट्री एवं 1500 रूपया की बरामदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी बृजेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने चकौंध गांव पहुंच किया अमृत सरोवर का निरीक्षण

- गौवंशों के संरक्षण में लापरवाही नही होगी बर्दास्त : डीएम

संवाददाता। चित्रकूट


निरीक्षण करते डीएम। पायनियर

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने सोमवार को विकासखंड पहाड़ी की ग्राम पंचायत चकौध में अमृत सरोवर कैथिया तालाब तथा गौशाला संचालन एवं बूढ़ा सेमरवार में अमृत सरोवर विदासिन दाई तालाब का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से अमृत सरोवर तालाबों में खुदाई, आउटलेट, घाट निर्माण, वृक्षारोपण, बैठने के लिए बेंच आदि सुंदरीकरण के कार्यों की जानकारी की तथा स्थलीय निरीक्षण भी किया। डीसी मनरेगा ने बताया कि नीति आयोग की धनराशि से तालाबों की खुदाई का कार्य कराया गया है। क्षेत्र पंचायत की धनराशि से घाटो, बैठने के लिए बेंच आदि व्यवस्थाएं कराई गई हैं तथा मनरेगा से वृक्षारोपण टी गार्ड के कार्य हुए हैं। जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा से कहा कि जो वृक्ष लगाए जा रहे हैं उनकी अच्छी तरह से देखभाल एवं समय से पानी आदि की व्यवस्था कराएं जो पेड़ सूख गए हैं उन्हें बदलकर लगाया जाए। जो कार्य अवशेष है उन्हें तत्काल पूर्ण कराएं। बूढा सेमरवार अमृत सरोवर तालाब में पानी नहीं है इसमें जिधर से पानी आने की व्यवस्था की गई है उसकी साफ सफाई कराए ताकि जैसे ही बरसात हो तो खेतों का पानी तालाब में भर सके। तथा जो यह मार्ग है तालाब तक पहुंचने का उसको ग्राम पंचायत से बनाया जाए ताकि लोग आसानी से अमृत सरोवर तालाब पर पहुंच सके। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत चकौध की गौशाला का निरीक्षण किया जहां पर गोवंश गौशाला में नहीं थे। इस पर सचिव, ग्राम प्रधान ने बताया कि गोवंशो को चरवाहे चराने के लिए ले गए हैं, गौशाला के निरीक्षण में पशुओं को भूसा नहीं दिया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि गोवंशो को भूसा क्यों नहीं दिया जा रहा जबकि आपके पास भूसा, भूसा गोदाम में है, उन्होंने ग्राम प्रधान तथा सचिव से कहा कि आप लोगों द्वारा लापरवाही की जा रही है यह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने डीसी मनरेगा/ खंड विकास अधिकारी पहाड़ी से कहा कि अग्रिम आदेशों तक सचिव सुरेश चंद्र का वेतन रोका जाए तथा ग्राम प्रधान को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से कारण बताओ नोटिस जारी कराएं। उन्होंने कहा कि जनपद में किसानों की फसलों को देखते हुए सभी ग्राम प्रधान, सचिव सुनिश्चित करें की कोई भी गोवंश अन्ना नहीं घूमना चाहिए। उन्हें शत प्रतिशत गौशालाओं में संरक्षित कराया जाए। कहा कि बैठकों में भी बार-बार आप लोगों को निर्देश दिए गए हैं इसके बावजूद भी अगर कोई लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफसख्त कार्यवाही की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत रूपनारायण सहित सचिव, ग्राम प्रधान मौजूद रहे।